राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-132
लखनऊ, शनिवार 30 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शोध करके इलाज के सस्ते संसाधन की खोज जरूरी : आनंदी बेन 03

आईसीजेएस में लगातार तीन साल से देश में प्रथम पायदान पर यूपी 12


## संक्षिप्त समाचार

### पांच उच्च न्यायालयों के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने पांच उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की कॉलेजियम ने इलाहाबाद के लिए न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, राजस्थान के लिए न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, गौहाटी के लिए न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, पंजाब और हरियाणा के लिए न्यायमूर्ति शील नागु और झारखंड के लिए न्यायमूर्ति बी आर सारंगी को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति भंसाली, न्यायमूर्ति श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति बिश्नोई राजस्थान उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश हैं। इसी प्रकार न्यायमूर्ति नागु मध्यप्रदेश और न्यायमूर्ति सारंगी ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

### जेएन-1 के 145 मामले आए सामने, पांच की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 225 दिनों के दौरान गुरुवार को एक दिन में कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 4091 एक्टिव मामले हैं। इसके साथ कोरोना के नए वेरियंट जेएन–1 के 145 मामले सामने आए हैं। नए वेरियंट के सबसे ज्यादा मामले केरल और कर्नाटक से दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए वेरियंट के नए मामले 21 नवंबर से लेकर 18 दिसंबर के दौरान लिये गए सैंपल की रिपोर्ट में पाए गए हैं।

### 2030 तक देश में हवाई अड्डों की संख्या होगी 200

**नई दिल्ली।** यूपी राज्य में केवल 6 हवाई अड्डे थे और अब 9 हैं। 10वें हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अगले 10 साल के लक्ष्य पर नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात कही। सिंधिया ने कहा कि हमने देश में 75 नए हवाई अड्डे बनाए हैं। पिछले 9 वर्षों में कुल संख्या 149 हो गई है और 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। अगले साल तक उत्तर प्रदेश में 9 और हवाई अड्डे हो जाएंगे। इसके साथ ही यह संख्या 19 हो जाएगी। दो महीने बाद पांच हवाई अड्डों, आज़मगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में एक–एक का एक साथ उद्घाटन किया जाएगा।

### 14.90 करोड़ की ड्रग्स के साथ विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** डीआरआई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि केनिया से कोकीन सहित एक महिला के मुंबई आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी आधार पर डीआरआई टीम मुंबई एयरपोर्ट पर 28 दिसंबर को निगरानी कर रही थी। नैरोबी से आई एक महिला को शक के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर रोका और उसके सामान की तलाशी लेने पर 1,490 ग्राम कोकीन मिली, जिसका बाजार मूल्य 14.90 करोड़ रुपये है। महिला ने कोकीन एक हेयर कंडीशनर की बोतल और एक बॉडी वॉश बोतल के अंदर छिपाया था। कोर्ट ने आज महिला को 14 दिनों तक डीआरआई की कस्टडी में भेज दिया गया है। डीआरआई की टीम ड्रग्स आपूर्ति श्रृंखला की आगे की कड़ियों का पता लगाने के लिए गहन छानबीन कर रही है।

### केंद्र, असम व उल्फा के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के वार्ता समर्थक गुट के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय में एक त्रिस्तरीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। राज्य में शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए असम सरकार, केंद्र सरकार और उल्फा के बीच कई दौर की बातचीत हुई। गृह मंत्री शाह, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के अलावा उल्फा के 16 और सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के 13 प्रतिनिधि उपस्थित रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह पूरे पूर्वोत्तर विशेष रूप से असम के लिए शांति के इस नये युग की शुरुआत होने जा रही है।

# यूपी में शीतलहर के साथ बढ़ेगी ठंड

## देश के उत्तरी राज्यों में अगले दो दिन तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना, 271 उड़ानें हुईं लेट

▸ पश्चिमी विक्षोभ के चलते हल्की बारिश होने की संभावना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कानपुर।** नए साल के जश्न को लेकर लोग जहां तैयारियों में जुटे हुए हैं, वहीं मौसम भी इस उत्सव में शीतलहर के रूप में सहभागिता को तैयार है। इसके साथ ही हल्की बारिश भी होगी।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ हिमालय पर अगले चौबीस घंटे में सक्रिय होने जा रहा है, जिससे बारिश के साथ बर्फबारी में तेजी होगी। पछुआ हवाएं उत्तर प्रदेश में सर्द हवाएं लेकर आएंगी। पश्चिमी विक्षोभ से हल्की बारिश भी होगी जो शीतलहर का रूप धारण कर लेंगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और यह समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इससे उत्तर प्रदेश में पर्याप्त नमी है और कोहरा व धुंध बढ़ता जा रहा है। वहीं ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 30 दिसम्बर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इससे पहाड़ों में बारिश के साथ बर्फबारी तेजी से होगी और पछुआ हवाओं से उत्तर प्रदेश में भी असर पड़ेगा। इस प्रकार नये साल में उत्तर प्रदेश में शीतलहर चलने की संभावना बन गई है। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 18.4 और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 90 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 71 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 3.2 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं। दिन में धूप नरम रहने की संभावना हैं तथा प्रातः काल एवं रात के समय ठण्ड घने कोहरा छाये रहने के आसार हैं।

### करीब डेढ़ दर्जन उड़ानों को करना पड़ा कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों में अगले दो दिन तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन राज्यों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यहां कोहरे को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है कोहरे की वजह से देशभर में 271 फ्लाइट्स लेट हुईं और करीब डेढ़ दर्जन उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, अकेले दिल्ली में 100 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरीं। इसके अलावा 80 से ज्यादा ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 30 और 31 दिसंबर को हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है।

# राजस्थान में भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल का विस्तार आज

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। दोपहर 3:15 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। नामों पर सहमति बनाने को लेकर बताया जा रहा है कि लगभग सभी नाम फाइनल कर लिए गए हैं।

पूर्वी राजस्थान के सबसे कद्दावर नेताओं में शामिल डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल संभावना है। हिंदूवादी चेहरा और तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ भी भजनलाल मंत्रिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं। महिला चेहरों पर नजर डालें तो अनिता भदेल, दीप्ति महेश्वरी और पहली बार विधायक बनीं नौक्षम चौधरी को भी मंत्री बनाया जा सकता है। दलित वर्ग से जितेंद्र गोठवाल और वरिष्ठ विधायक मदन दिलावर को भी मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज से पुष्पेंद्र सिंह राणावत, सिद्धि कुमारी जैसे वरिष्ठ विधायकों के समर्थकों को उम्मीद है कि उनके नेता इस बार मंत्री जरूर बनेंगे। ब्राह्मण समाज को भी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के बाद समाज के एक-दो विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। जेठानंद व्यास, संदीप शर्मा, संजय शर्मा जैसे विधायक का नाम मंत्री के लिए चल रहा है।

# महर्षि वाल्मिकी के नाम पर होगा अयोध्या के हवाई अड्डे का नाम

समृद्धि न्यूज

▸ हवाई अड्डे का चरण 1 1,450 करोड़ की लागत से हुआ विकसित

**अयोध्या।** कुछ रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को बताया कि अयोध्या में नए हवाई अड्डे का नाम ऋषि कवि महर्षि वाल्मिकी के नाम पर रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, नए एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम होगा। जानकारी के अनुसार अत्याधुनिक हवाई अड्डे के चरण 1 को 1,450 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्ग मीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, टर्मिनल बिल्डिंग अयोध्या के आगामी श्री राम मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाती है। टर्मिनल बिल्डिंग के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्री राम के जीवन को दर्शाते हुए स्थानीय कला, चित्रों और भित्ति चित्रों से सजाया गया है।

अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न स्थिरता सुविधाओं से सुसज्जित है जैसे कि एक इंसुलेटेड छत प्रणाली, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूदृश्य, एक जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र और ऐसी कई अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। पीएमओ ने कहा कि हवाई अड्डे से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

### नौसेना ने एडमिरल रैंक के अफसरों के एपॉलेट्स का नया लोगो किया जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को एडमिरल, वाइस एडमिरल और रियर एडमिरल रैंक के अधिकारियों के एपॉलेट्स (अधिकारियों के कंधों पर लगने वाला बैज) का नया लोगो जारी कर दिया है। यह लोगो शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में इस डिजाइन को बदलने की बात कही थी। नेवी ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना ने एडमिरल्स एपॉलेट्स का नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है और यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत का सच्चा आईना है। नए एपॉलेट्स में मराठा शासक की राजमुद्रा को लाना गुलामी की मानसिकता छोड़ने की कोशिश है। इसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे खरगे व सोनिया

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए देशभर के तमाम हस्तियों को आमंत्रण भेजा गया है। पीएम मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई हस्तियां इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा कई नेताओं को भी कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया गया है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को भी आमंत्रित किया गया है। बुलावे को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उचित समय पर फैसला लेकर सूचित किया जाएगा। राम मंदिर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा की टिप्पणी से उपजे विवाद पर कांग्रेस ने चुप्पी साध ली हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि उनका बयान कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक बयान नहीं हैं।

बता दें इस सप्ताह की शुरुआत में पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में कहा कि क्या राम मंदिर असली मुद्दा है या बेरोजगारी है। इस बयान के बाद से ही राजनीति तेज हो गई है। अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर बोलते हुए पित्रोदा ने कहा कि मुझे किसी भी धर्म से कोई समस्या नहीं है। कभी-कभार मंदिर के दर्शन के लिए जाना ठीक है, लेकिन आप इसे मुख्य मंच नहीं बना सकते हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शिष्टाचार भेंट की।

### दिल्ली में हिंसा या मॉब लिंचिंग में मरने वालों को मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना 2018 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की, जिससे भीड़ हिंसा के पीड़ितों और पीट-पीट कर हत्या के मामलों में मृतकों को अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा सकेगा। राज निवास के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार को एक महीने के भीतर इस तरह की योजना बनाने का निर्देश दिया था लेकिन दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव दाखिल करने में पांच वर्ष लगा दिए। संशोधित योजना के तहत 'पीड़ित की परिभाषा में बदलाव किया गया और भीड़ हिंसा के पीड़ित व्यक्ति या मृतक के अभिभावक या कानूनी उत्तराधिकारी को इस योजना में शामिल किया गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना के 30 दिनों के भीतर पीड़ित या मृतक के परिजनों को अंतरिम राहत का भुगतान करने का प्रस्ताव किया गया है।

# सईद प्रत्यर्पण मामले में भारत ने पाक को भेजे जरूरी दस्तावेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को कहा- हमने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से आतंकी हाफिज सईद को भारत के हवाले करने की मांग की है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज पाकिस्तान सरकार को भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा- वो ग्लोबल टेररिस्ट है और भारत में वॉन्टेड है। हमने दस्तावेजों में उन सभी केस का जिक्र किया है, जिसके लिए हाफिज वॉन्टेड है। दरअसल, 28 दिसंबर को पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने सामने भारत की तरफसे हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग उठाई गई है। इस पर भारत ने आज प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तानी मीडिया इस्लामाबाद पोस्ट की रिपोर्ट में राजनयिक सूत्रों के हवाले से लिखा गया था- पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भारत सरकार से एक आधिकारिक अनुरोध मिला है। इसमें हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि यह औपचारिक अनुरोध दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ता है, क्योंकि भारत सीमा पार घटनाओं में शामिल लोगों को पकड़ने और न्याय के दायरे में लाने के लिए पाकिस्तान से सहयोग चाहता है। अगर प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की जाती है, तो दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों के बीच सहयोग और बातचीत की जरूरत होगी। हाफिज सईद इस वक्त कथित तौर पर जेल में है। कई मीडिया रिपोर्ट्स और यहां तक कि पाकिस्तानी जर्नलिस्ट्स भी खुलासा कर चुके हैं कि सईद जेल में नहीं है।

### विकसित भारत बनाने के लिए स्वस्थ नागरिक अनिवार्य : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने आम जनता को स्वास्थ्य संबंधित बुनियादी ढांचा और सेवा प्रदान करने की सरकार की जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि केवल एक स्वस्थ देश ही विकसित देश बनने की आकांक्षा रख सकता है। डॉ. मांडविया ने आज आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एक बीएसएल-3 प्रयोगशाला का शिलान्यास करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार न केवल देश में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को उन्नत एवं विस्तारित करके समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, बल्कि चिकित्सा पेशेवरों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अधिक संख्या में मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज भी बना रही है। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित की जाने वाली सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया।

# एफडीआई के तहत अशोक लीलैंड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए भूमि सब्सिडी

▸ औद्योगिक विकास आयुक्त ने जारी किया लेटर ऑफ अप्रूवल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लीलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है। कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है।

इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबर- 1, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75 प्रतिशत फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है।

### प्रस्तावित परियोजना में 186 करोड़ का अनुमानित निवेश

यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे 2 चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लीलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

उद्घाटन

## पीएम नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

# मोदी आज देंगे 15,700 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दौरा करेंगे। यहां वह पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वे कई अन्य रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री नवनिर्मित अयोध्या एयरपोर्ट का भी उद्घाटन करेंगे। दोपहर लगभग एक बजे प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन



और शिलान्यास करेंगे। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11,100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं।

अयोध्या में एक नए हवाईअड्डे, नए पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, नव पुनर्विकसित, चौड़ी और सौन्ध्दर्यपूर्ण सड़कों तथा अन्य नागरिक अवसंरचना का उद्घाटन किया जा रहा है। अत्याधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण को 1450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाईअड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा। टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के आसन्ध्न श्रीराम मंदिर की वास्तुकला को दर्शाता है।

टर्मिनल भवन के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन को दर्शाने वाली स्थानीय कला, पेंटिंग और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। अयोध्या हवाई ड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे इन्सुलेशन छत प्रणाली, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूनिर्माण, जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र ऐसी कई अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। ये सभी सुविधाएं गृह- 5 स्टार रेटिंग के अनुरूप होंगी। हवाईअड्डे से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

### शंख व डमरू से राम नगरी में पीएम का होगा स्वागत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश व देश की विभिन्न संस्कृतियों संग रामनगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग भी इस तैयारी में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर शंख व डमरू वादन भी होगा। वहीं एयरपोर्ट से धर्मपथ, रामपथ होते हुए रेलवे स्टेशन तक कुल 40 मंचों पर लगभग 1400 से अधिक लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही एयरपोर्ट सभा स्थल पर भी 30 लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रसधारा बहेगी। रास्ते में कुल 40 मंचों पर कलाकार न सिर्फ अपनी संस्कृति की छटा बिखरेंगे, बल्कि अपनी प्रस्तुतियों से प्रधानमंत्री व आगंतुकों को भी मंत्रमुग्ध करेंगे। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ने इसकी सारी तैयारी कर ली है।

# तोहफा : केंद्र ने बढ़ाई सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने नए साल की शुरुआत से पहले बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने आज शुक्रवार को जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए सुकन्या समृद्धि योजना जैसी छोटी बचत योजना की ब्याज दर में वृद्धि की है। अब इस योजना के लाभार्थियों को पहले से लाभ मिलेगा।

सरकार ने शुक्रवार को इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसके अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए तीन वर्ष की सावधि जमा और सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज में मामूली बढ़ोतरी की है। सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है।

### क्या है सुकन्या समृद्धि योजना

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सुकन्या समृद्धि योजना को लांच किया था। यह योजना बेटी की की शिक्षा और शादी के खर्चों को पूरा करने के लिए है। इस योजना के लिए बेटी की आयु 10 साल से कम होना चाहिए। एक परिवार दो सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ ले सकता है। ये खाता बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर ऑफलाइन खोला जा सकता है। इस खाते में न्यूनतम निवेश 250 और अधिकतम 1.5 लाख रूपए प्रतिवर्ष तक जमा कर सकते है। इसकी अवधि 21 साल है, इसके लिए बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता–पिता या कानूनी अभिभावक की फोटो आईडी और एड्रेस प्रूफ देना होगा।

# तीन बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, छह घायल

**रामनगर,बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**



तीन मोटरसाइकिलों की हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें छह लोग घायल हो गये। पांच लोगों को गंभीर छोटे आने के कारण जिला अस्पताल भेजा गया है। यह सड़क हादसा शुक्रवार को दिन में करीब 2 बजे लखनऊ बहराइच मुख्य हाइवे मार्ग पर थाना रामनगर अंतर्गत बुढ़वल चीनी मिल के पास स्थित सेन्ट्रल बैंक के सामने घटित हुआ। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के ग्राम कुम्हरवा गांव निवासी रमेश अपनी पत्नी सोनिया के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे हैं उसी के पीछे नितिन वर्मा पुत्र सतनाम वर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ बाराबंकी जा रहा था।जानकारों के मुताविक रमेश ने बिना इंडिकेटर दिये अचानक अपनी बाइक सड़क के दाहिनी और स्थित सेंट्रल बैंक की तरह मोड़ दी परिणाम स्वरुप पीछे से आ रही बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इतने में सामने से मोटरसाइकिल से पत्नी के साथ रामनगर की ओर आ रहे दलसराय निवासी अखिलेश की मोटर साइकिल भी उसी में टकरा गई।

**पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के मुख्यालय भेजा**

परिणाम स्वरूप इस भीषण हादसे में नितिन वर्मा पुत्र सतनाम वर्मा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मीरपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई आयुष मिश्रा पुत्र सोम मिश्रा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी जफरपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी मो. अली पुत्र नियामत अली उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सुढ़ियामऊ थाना रामनगर जनपद बाराबंकी अखिलेश पुत्र रमेश उम्र करीब 25 वर्ष साधना पत्नी अखिलेश उम्र करीब 23 वर्ष निवासीगण दलसराय थाना रामनगर जनपद बाराबंकी रमेश पुत्र महादेव उम्र करीब 40 वर्ष सोनिया पत्नी रमेश उम्र करीब 38 वर्ष निवासी कुम्हरवा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी घायल हो गये।

सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश पांडेय वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा के साथ पर्याप्त पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में सभी घायलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचा जहां गंभीर चोटें आने के कारण चिकित्सकों ने साधना रमेश व आयुष को जिला अस्पताल बाराबंकी के लिए रेफर कर दिया।तीन लोगों का इलाज सीएचसी रामनगर में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



विकास खंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत थानाडीह में ग्राम प्रधान बेनीप्रसाद वर्मा सचिव धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पुष्पेन्द्र शुक्ला अंशू,प्रहलाद कुमार विमल,पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह डॉ. वीरेन्द्र कुमार यादव श्रवण कुमार वर्मा, शिवशंकर वर्मा छत्रपाल वर्मा बुधराम वर्मा अनन्तराम वर्मा मेड़ीलाल वर्मा उचित दर विक्रेता पंचम लाल वर्मा अनुज वर्मा वन्दना वर्मा सतरुपा पाल अर्चना राय शिवकान्त मिश्रा समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर सांसद अयोध्या के प्रतिनिधि लवकुश वर्मा ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में ग्राम मुश्काबाद मे चन्द्रभान रावत भाजपा मंण्डल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव,सचिव धर्मेन्द्र कुमार वर्मा अनवर अली उचित दर विक्रेता राजेश कुमार वर्मा आदि ने स्वागत किया। ग्राम खुर्दमऊ में डाक्टर जमशेद अली, वीरेन्द्र तिवारी व ग्रामीणों ने रथ यात्रा का स्वागत किया। ग्राम केंवलापुर में सांसद अयोध्या प्रतिनिधि लवकुश वर्मा जसवंत यादव आदि ने एल ई डी वैन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# एक साथ तीन शिशुओं को जन्म दिया, दो शिशुओं को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**हैदरगढ़,बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**



लालपुर निवासी सरिता 26 वर्ष पहली बार प्रसव पीड़ा होने पर आज सुबह 5:00 बजे एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाने के दौरान एक नवजात बालिका शिशु का जन्म कस्बा हैदरगढ़ के मुख्य चौराहे पर तथा शेष दो नवजात बालिका शिशुओं का अस्पताल में भर्ती होने के कुछ मिनट के अंदर ही हो गया स्टाफ नर्स गीता एवं सोनम द्वारा प्रसव कराया गया। एक साथ तीन बच्चों को जन्म देने के कारण तीनों अंडरवेट बच्चो का वजन क्रमशः 1 किलो, 1100 एवं 1300 ग्राम था। क्रिटिकल कैसे होने की वजह से स्टाफ नर्स द्वारा इसकी सूचना बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ओमप्रकाश कुरील को दी गई सूचना पाकर 6:30 बजे पहुंचे डॉक्टर के उपचार से हालत में सुधार हुआ जिसके बाद बेहतर देखभाल के लिए प्रसूता एवं उनके नवजात शिशुओं को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया डॉक्टर कुरील ने बताया कि सामान्य प्रसव से जन्मी तीनों बच्चियों में जिसका वजन 1 किलो 300 ग्राम था उसकी हालत ठीक थी बाकी बच्चियों की हालत ठीक नहीं थी जिसकी वजह से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है।

# आपत्तिजनक स्थिति में जंगल में पकड़े गए दो छात्र-छात्राएं

**सिद्धौर,बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**

आदि शक्ति सर्वोदय इंटर कॉलेज करौंधिया के हाई स्कूल की दो छात्र-छात्राएं गांव के एक जंगल से आपत जनक स्थिति में ग्रामीणों ने पकड़कर परिजनों को सौंप दिया। विकास खंड बनीकोडर के करौंधिया गांव में अवकाश होने के बावजूद विद्यालय में पढ़ने आए हाई स्कूल के छात्र निवासी तिवारीपुर थाना रामसनेही घाट को इस स्कूल में पढ़ रही एक गांव की हाई स्कूल की छात्रा के साथ आपात जनक की स्थिति में असन्द्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी क्षेत्र के गढ़ी गांव के एक जंगल से ग्रामीणों ने पकड़ा।जिसकी सूचना सिद्धौर चौकी पुलिस को दी गई। घंटों बाद सूचना पर पुलिस नहीं पहुंची तो गांव वासियों ने ग्राम पंचायत के प्रधान के समक्ष छात्र व छात्रा के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया।उसके थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे सिद्धौर चौकी पुलिस बैरंग वापस लौट आई, बताया जाता है की विद्यालय के प्रबंधक की अपाचे मोटरसाइकिल गाड़ी से दो युवक व दो छात्रा को लेकर जंगल में आए थे।एक युवक छात्र को गाड़ी लेकर फरार हो गया।जबकि एक युवक युवतियां पकड़ी गई। जबकि इस संबंध में विद्यालय के प्रबंधक के एल का कहना था कि विद्यालय में छुट्टी होने की जानकारी दी उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को अवकाश घोषित है। उन्होंने कहा छुट्टी के बाद बच्चे क्या करते हैं इससे मेरा कोई मतलब नहीं है। इस संबंध में चौकी पुलिस दीवान लक्ष्छी राम व सिपाही अविनाश का कहना था की सूचना पर पहुंच गया।लेकिन उसे पहले ही ग्रामीणों ने छोड़ दिया था।

# ग्रामोदय संस्था द्वारा विधवा महिलाओं को वितरित किए कम्बल

**हैदरगढ़,बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**



ग्रामोदय विकास संस्थान एवं दिव्यांग स्कूल फतेहगंज में आज समाजसेवी देवी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों एवं निराश्रित विधवाओं के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रति रामदेव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकार सही मायनो में दलितो एवं पिछड़ों की सरकार है। कंबल वितरण कार्यक्रम को सरकार का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इतनी भीषण ठंड में सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत सराहनीय इससे उन सभी दिव्यांग एवं निराश्रित व्यक्तियों एवं विधवाओं को कंबल मिलने से काफी राहत मिलेगी। उक्त कार्यक्रम में लगभग 250 व्यक्तियों के बीच निशुल्क कंबल वितरण किया गया। देवी प्रसाद यादव ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसीलदार हैदरगढ़ शशि कुमार त्रिपाठी कानूनगो राकेश कुमार लेखपाल आनंद बिहारी त्रिवेदी ग्राम प्रधान नैपुरा माताफेर के अलावा दिव्यांग स्कूल के प्रधानाचार्य ललित श्रीवास्तव मोहम्मद नासिर अजय यादव संदीप श्रीवास्तव लोकेश कुमार माता दयाल शशिकांत आलोक यादव दयाशंकर मिश्र मोहिनी तिवारी अर्चना कश्यप अंजलि सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक के निधन पर दौड़ी शोक की लहर

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर अवस्थी चिकित्सा केंद्र हैदरगढ़ में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्राथमिक विद्यालय चौबीसी द्वितीय से सन 2005 में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त भिखरा गांव निवासी चंद्रचूड़ सिंह पिछले कुछ वर्षों से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे जिसके चलते पिछली 27 दिसंबर को उनका देहांत हो गया। श्री सिंह के हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के कारण उनके देहांत पर ग्राम वासियों एवं सेवानिवृत शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है। बैठक में मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक सिद्धनाथ त्रिपाठी ओमप्रकाश अवस्थी उमानाथ शुक्ला माता बदल राम अवध सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दिशा की बैठक 6 जनवरी को होगी

**बाराबंकी।** आगामी 6 जनवरी को अपरान्ह ढाई बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक का एजेंडा जारी करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को एजेंडा प्रेषित करके सम्बंधित विभागों की समस्त कार्ययोजना व क्रियान्वित उपलब्धियों की रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होंने का निर्देश दिया है।

### खीरी पहुंचे नोडल अफसर आनन्द भाष्कर, दिलाया संकल्प

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लाक फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत नरहर में शुक्रवार को शाम आयोजित शिविर का नामित जनपदीय नोडल अधिकारी निदेशक, भारत सरकार आनन्द भाष्कर ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवम् विधानसभा संयोजक विश्वनाथ सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

**नोडल ने किया स्टालों का अवलोकन:** ग्राम नरहर के कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आनन्द भाष्कर ने अफसरो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटआॅउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही।

**नोडल ने लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें, खिले चेहरे:** नोडल अफसर निदेशक भारत सरकार आनन्द भाष्कर ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों को हिट पत्र प्रदान किए। वही मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का रोजगार पाने लाभार्थियों को हितपत्र प्रदान किए। इस दौरान नोडल अफसर ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई की और 02 सैम श्रेणी के शिशुओं को सुपोषण किट, 03 उज्जवला कनेक्शन, 01 केसीसी प्रदान किया।

# जल जीवन मिशन में बालश्रमिकों से कराई जा रही मजदूरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

हर घर नल घर-घर जल जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतरने में लगे ठेकेदार सरकार की मनसा के विपरीत बाल श्रम को भी परवान चढ़ाने का कामकर रहे है। विकासखंड त्रिवेदीगंज की गौरवा उस्मानपुर की ग्राम पंचायत में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछाने की कवायत की जा रही है जिसमे बाल मजदूरों से उत्खनन का कार्य कराया जा रहा है सरकार की मनसा के विपरीत ठेकेदार द्वारा किए जा रहे इस शर्मनाक कृत्य को शुक्रवार को मीडिया कर्मियों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया परंतु इन सबसे बेखौफ ठेकेदार के सहायक द्वारा अपनी मौजूदगी में बाल श्रम को बढ़ावा देकर खुदाई का काम बदस्तूर जारी है।गुरुवार को इसकी सूचना सहायक अभियंता को दी गई थी जिस पर उन्होंने स्वयं जांच करके कार्रवाई की बात कही थी परंतु ना तो कोई अधिकारी जांच करने पहुंचा और ना ही ठेकेदार की मनमानी पर कोई रोक लगा सकी है। यह देखना दिलचस्प होगा कि विभागीय अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं जिससे मनमानी पर उतरे ठेकेदार द्वारा बाल श्रमिकों से मजदूरी करवाना बंद किया जाता हैं कि नहीं।

# ओल्ड पेंशन बहाली को लेकर डॉ. मनजीत सिंह पटेल का संघर्ष जारी

- लखीमपुर के युवा ने ओल्ड पेंशन बहाली को लेकर देशभर में किया प्रदर्शन
- 10 साल के जन आंदोलन के संघर्ष में हुए कई बदलाव: डॉ मंजीत सिंह पटेल

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला लखीमपुर खीरी में कई छोटे-बड़े समाजसेवियों द्वारा आए दिन प्रदर्शन देखने को मिलते रहते हैं। इसी बीच लखीमपुर खीरी के छोटे से गांव बगहा के निवासी डॉ मंजीत सिंह पटेल का नाम भी कई बार सुर्खियों में आया है। बीते 10 वर्षों से मंजीत का ओल्ड पेंशन बहाली को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जिले से लगाकर कई प्रदेशों में लगातार देखने को मिला है। मंजीत ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर न सिर्फ उत्तर प्रदेश के लखीमपुर बल्कि दिल्ली के जंतर मंतर, रामलीला मैदान समेत कई राज्यों में बड़े बड़े प्रदर्शन किए।

### कौन है लखीमपुर खीरी के मंजीत?



गोला तहसील के एक छोटे से गांव बगहा के रहने वाले डा. मंजीत सिंह पटेल आज पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में एक बड़ा नाम हैं और राष्ट्रीय स्तर के एक बड़े संगठन ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं जो पूरे देश में कर्मचारियों के लिए नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत नाम से कैंपेन चला रहा है। उनकी प्राथमिक शिक्षा उनके पैतृक गांव के ही स्कूल जनता शिशु विद्यालय और पड़ोसी कस्बे अजान और गोला तहसील के सरस्वती विद्या मंदिर से हुई। युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर से बीएड करने के बाद उनका चयन वर्ष 2007 में केंद्रीय विद्यालय जोरहाट, असम में शिक्षक के तौर पर हो गया। यहीं से उनका संबंध पहली बार कर्मचारी समस्याओं की तरफ गया। उस समय केंद्रीय कर्मचारियों के लिए छठे पे कमीशन पर टीवी में डिबेट्स होती थीं। चूंकि जनवरी 2004 से नई पेंशन व्यवस्था अस्तित्व में आ चुकी थी, इसलिए पटेल ने इस व्यवस्था का अध्ययन करना शुरू किया, और जैसे जैसे इसकी समस्याओं से परिचित होते गए वैसे वैसे इस व्यवस्था के खिलाफ लिखना, पढ़ना और बोलना शुरू कर दिया। एनपीएस के खिलाफ आंदोलन के लिए उन्होंने सोशल साइट ऑरकुट, फेसबुक, वाट्स एप और ट्विटर का सहारा लिया।

### कैसे मिली पहचान

वर्ष 2018 में दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों लोगों के साथ हुए आंदोलन में पहली बार पटेल के प्रयासों से दिल्ली के मुख्यमंत्री ने 26 नवंबर को दिल्ली की विधानसभा से पुरानी पेंशन बहाली का ऐतिहासिक प्रस्ताव हुआ। तब से कई राज्यों में ओल्ड पेंशन बहाल हुई। भारत सरकार ने भी कमेटी का गठन किया।

वर्ष 2022 में उन्हें इस आंदोलन में खासकर पूर्वोत्तर भारत में पहुंचाने के लिए देश की प्रतिष्ठित मैगजीन आउटलुक बिजनेस ने देश के 21 अन्य चेंज मेकर्स ऑफ़ द ईयर के रूप में कवर पेज पर स्थान दिया गया।

एक अन्य संस्था सोक्रट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा भी उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए अब तक वह दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पांडिचेरी, चंडीगढ़, महाराष्ट्र आदि राज्यों में 50 से अधिक रैलियां और 300 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम कर चुके हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन के मेंबर होने के साथ साथ वह इसके द्वारा पुरानी पेंशन बहाली अभियान के फोरम जैफ्ऑप्स की स्टीयरिंग कमेटी के भी मेंबर हैं। डॉ. पटेल इकलौते ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें वित्त मंत्रालय ने एनपीएस पर 11 जुलाई को पेंशन मसले पर सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया था।

### क्या है लखीमपुर के मंजीत का मुद्दा?

मंजीत ने बातचीत के दौरान बताया कि जो भी कर्मचारी 2003 के बाद नौकरियों में आए हैं उनके लिए भी गारंटीड पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए, गारंटीड से मतलब सिर्फ इतना है कि कर्मचारी 10 साल की क्वालीफाइंग नौकरी पूरी करने के बाद जब वह 60, 62 या 65 साल की उम्र पर रिटायर हो तो उसको बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते के 50% पेंशन की गारंटी हो। जबकि एनपीएस एक बाजार आधारित जोखिमपूर्ण पेंशन व्यवस्था है और सोशल सिक्योरिटी की गारंटी नहीं देती है। पटेल का कहना है कि जब एक सांसद, विधायक को पुरानी गारंटीड पेंशन का लाभ दिया जा सकता है तो बॉर्डर पर रहकर देश की सुरक्षा करने वाले पैरामिलिट्री के जवान और 30 से 35 साल सेवा करने वाले कर्मचारी को गारंटीड पेंशन की सुविधा क्यों नहीं?

# डीएम के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर ने दो लोगों को दिया कम्बल

- समस्या के बारे में पूछा और सम्बंधित अधिकारी को समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार जब कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई कर रहे थे तो इस कड़कड़ाती सर्दी में आए एक वृद्ध गरीब श्री पूतान पुत्र मिहीलाल निवासी-बड़ी लाइन देवा रोड को उन्होंने पहले कम्बल देने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से उन्हें कम्बल दिया गया, उसके बाद उन्होंने उनकी समस्या के बारे में पूछा और सम्बंधित अधिकारी को समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य वृद्ध पुरूष रामनाथ निवासी मनेरा, तहसील नवाबगंज भी जब जिलाधिकारी कार्यालय आए तो सबसे पहले जिलाधिकारी ने उन्हें कम्बल दिलवाया ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इसके बाद उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

# इस बार भी अतिक्रमण हटाओ अभियान साबित हुआ खोखला

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों नगर मोहम्मदी सहित भीतरी मार्गो पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान एक बार फिर हाथी के बाहरी दांत साबित हुआ। दो दिनों तक चलाये जाने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान पर आखिर क्यों रोक लगी यह ईश्वर बेहतर जाने।

लेकिन एक बात तो साफ है शायद ही मोहम्मदी कभी अतिक्रमण मुक्त हो पाए,और घण्टो लगने वाली जाम की झाम से नगर वासियो को राहत मिल सके। अब से पूर्व भी कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे जोर-जोर से चलाया गया परंतु न जाने किन अनजान कारणों से आज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरा नहीं किया जा सका। वो अलग बात है कि अब से पूर्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर कुछ दिन तो दिखता था परंतु इस बार वह एक दिन भी नहीं देखने को मिला। बताते चले जबकि उपजिलाधिकारी मोहम्मदी द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान मौखिक रूप से पालिका अधिशाषी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था, कि अतिशीघ्र रोडो और नाली-नालो पर अतिक्रमण करने वालो को चिन्हित कर लिष्ट बनाकर नोटिस इत्यादि भेजी है। लेकिन अब तक पालिका द्वारा कितने अतिक्रमण कारियों को नोटिस भेजी है ये भबिष्य के गर्भ में है।

# एलपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**




लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि रजत सिंह यादव, सिविल जज, जूनियर डिवीजन लखीमपुर द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रीप्राइमरी के नन्हे-मुन्नो ने अपनी सुंदर कल्पनाओं को हमारा प्यारा लखीमपुर जैसे विषय को लेकर शहर के प्रमुख स्थलों जैसे दुधवा नेशनल पार्क, मेंढक मंदिर आदि को दर्शाया। प्राइमरी के बच्चों ने ओल्ड एरा, स्पोर्ट वर्ल्ड, थिंग्स फॉर वेस्ट मटेरियल, वुमन एंपावरमेंट जैसे विषयों पर मनमोहक मॉडल्स बनाये। जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने विविध लैंप, डेकोर आइटम्स एवं फैशन डिजाइनिंग जैसे रोचक विषय पर उत्कृष्ट मॉडलो द्वारा अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उकेरा।

प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने क्रियात्मक व ज्ञान वर्धक चार्टस व मॉडल्स जैसे डाटा ट्रांसमिशन थ्रू लाइट, टेस्ला कॉइल, हाइड्रॉलिक आर्म, रिवर क्लीनिंग मशीन, रेनबो फायर, वर्किंग मॉडल ऑफ डीएनए मॉडल, डाइजेस्टिव सिस्टम, एयर पॉल्यूशन आदि आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सभी मॉडल्स, चार्टस एवं बाल मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं बच्चों की प्रतिभा को सराहा। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री रजत सिंह यादव, सिविल जज जूनियर डिवीजन लखीमपुर , एम.डी. तवांग, सब कमांडेंट, एस.एस.बी. ,ईरा श्रीवास्तव, चेयरमैन,नगर पालिका लखीमपुर, गरिमा सिंह,डायरेक्टर, लखनऊ पब्लिक कॉलेजस् सहित सभी गणमान्यो एवं अभिभावकों का प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने आभार व्यक्त किया।

**जागरूक**

## चीनी मिल का गन्ना प्रबंधन विभाग सब जानते हुए बना अनजान

# चीनी मिल के लिए ओवरलोड गन्ने से भरे अवैध ट्राले भर रहे फर्राटे

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**



जनपद की तहसील मोहम्मदी के अजबापुर ग्राम पंचायत में स्थित ड़ी.सी.एम श्रीराम चीनी मिल के चलते ही ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रको ट्रालो की बाढ़ सी आ जाती है। ये वाहन पुलिस परिवहन विभाग के अधिकारियों के सामने सड़क सुरक्षा के सारे मानकों को ध्वस्त करते हुए बेधड़क फर्राटे भरते रहते है। इन गन्ना भरे ओवरलोड वाहनों के पड़ोस से निकलने वाले लोगो को यही डर सताता रहता है कि ये अब गिरा तो तब गिरा। मानो सड़क पर गन्ना भरे ट्रको में मौत के रूप में यमराजो की टोली घूमती नजर आती है। ये वाहन कमर हिलाते हुए हिचकोले भर दिन भर पुलिस और परिवहन विभाग के सामने फर्राटे भरते रहते है। और ये मूकदर्शक बन इन मौत रूपी यमराजो को देखते रहते है। वही चीनी मिल का गन्ना प्रबंधन विभाग इस सब को जानते हुए भी अनजान बना हुआ है। क्षेत्र के विकास का तमगा लेने वाली चीनी मिल भी इन यमराज रूपी गन्ना ढोने वाले वाहनों पर अपने मुनाफे को लेकर ओवरलोड, और ओवर हाइट को लेकर कोई प्रतिबंध नही लगा रही है। यदि चीनी मिल सेंटरों से आने वाले गन्ना वाहनों के लिए वजन निर्धारित कर दे तथा ओवर हाइट के लिए गन्ना ट्रको एवं ट्रालो के लिए चीनी मिल के अंदर प्रवेश द्वार पर ओवर हाइट गेट का निर्माण कर दे तो इस समस्या को खत्म किया जा सकता है परंतु चीनी मिल सहित सरकारी महकमा हर कोई अपने मुनाफे के लिए लगा हुआ है। आमजन की सुरक्षा से उनका कोई सरोकार नही है।

वही गन्ना भरे ट्रेक्टर से खीचे जाने वाले ट्रालो में छमता से कई गुना अधिक गन्ना लोड किया जाता है। पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग आंखों में पट्टी बांधे बेखबर इन ट्रालो के मानकों को नही देखती कि इन ट्रालो का रजिस्ट्रेशन किस श्रेणी में हुआ है और ये ट्राले बेधड़क सड़क सुरक्षा एवं परिवहन विभाग के नियमो को ध्वस्त करते हुए सुबह से शाम तक फर्राटे भरते रहते है। चीनी मिल के गन्ना विभाग के *महाप्रबंधक विवेक तिवारी* से इस बाबत जब संवाददाता द्वारा जानकारी चाही गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर न देते हुए उक्त बाबत टाल मटोल करते हुए फोन काट दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि इस समस्या का निदान क्या है? यदि कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा, पुलिस, जिला परिवहन विभाग या चीनी मिल प्रशासन ?

# स्वच्छ रहे श्री राम का धाम, इसलिए चल रहा स्वच्छता अभियान : केशव

समृद्धि न्यूज

▸ डिप्टी सीएम ने वकीलों व्यापारियों व जनता से किया संवाद

**लखनऊ।** जहां जन्में राम, स्वच्छ रहे अयोध्या धाम के संकल्प के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का अयोध्या में सफाई अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व शुक्रवार को निषाद मन्दिर टेढ़ी बाजार चौराहा में सफाई अभियान चलाया।

स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों पर झाड़ू लगाकर व कूड़ा उठाकर अयोध्यावासियों व श्रद्धालुओं से अपने आस पास स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने की अपील की और कहा कि गन्दगी से वातावरण ही नहीं ,हमारी आत्मा भी मैली होती है। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, स्वच्छ रहे श्री राम का धाम, इसी संकल्प के साथ अयोध्या में स्वच्छता अभियान चल रहा है। हम सभी मिलकर अयोध्या को भव्य-दिव्य, स्वच्छ बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह अभियान लगातार चलेगा। 22 जनवरी को लेकर पूरे देश में उत्साह, उल्लास व उमंग का वातावरण है। अयोध्यावासियों, श्रद्धालुओं व रामभक्तों से इस अभियान में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग प्रभु श्री राम की नगरी को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहयोग दें।

# योगी सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने दर्ज की कई उपलब्धियां

## सरकार ने मेडिकल डिवाइस पार्क, मेडटेक पार्क व बल्क ड्रग पार्क की दिशा में बढ़ाए कदम, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मिले कई पुरस्कार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कभी बीमारू प्रदेश कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज योगी सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में कई उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। प्रदेश को 2023 में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी का नतीजा है कि आज प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क, मेडटेक पार्क मूर्त रूप ले रहे हैं। इसके अलावा उपचार पर भी जीरो पॉकेट खर्च पर



▸ कई संस्थानों में इमरजेंसी बेड बढ़े तो पीईटी स्कैन किडनी ट्रांसप्लांट और आईवीएफ ओपीडी हुई शुरू

काम कर रही योगी सरकार ने काफी सराहनीय कार्य किये हैं। यही नहीं इस वर्ष योगी सरकार ने यूपी के लोगों को कई अन्य सौगातें भी दी हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इस वर्ष प्रदेश के जिला चिकित्सालयों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर 46 जिलों की 81 चिकित्सा इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रमाणपत्र दिया गया है, जिसमें 43 जनपद स्तरीय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

### केजीएमयू और एसजीपीजी को मिली कई सौगात

केजीएमयू में कुछ तकनीकी कारणों से बंद किडनी ट्रांसप्लांट हो फिर से शुरू किया गया। यहां इस साल कुल पांच मरीजों के प्रत्यारोपण हुए हैं। इसके अलावा परिसर में कैंसर रोग की जांच में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पेट स्कैन मशीन स्थापित की गई है। वहीं, क्वीनमेरी में आइवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) की ओपीडी शुरू की गई। इससे बांझपन की मरीजों को निजी संस्थान जाने से छुटकारा मिल गया है। खास बात यह है कि मेडिकल कालेज में यह इलाज करीब 35-40 हजार रुपये में उपलब्ध है, जबकि निजी संस्थानों में लाखों रुपये लेते हैं। एसजीपीजाई में इस साल इमरजेंसी में 15 बेड बढ़ाए गए। लोहिया संस्थान के लिए मौजूदा साल अच्छा रहा। अस्पताल का संस्थान में पूरी तरह से विलय हुआ। संस्थान में नई इमरजेंसी यूनिट बनी। इमरजेंसी में ही पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच भी शुरू की गई। थैलेसीमिया मरीजों को वार्ड की सौगात मिली। वहीं, संस्थान के मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में 300 बेड के हास्टल का भी लोकार्पण किया गया।

### प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने में उठाए गए कई कदम

योगी सरकार ने इस वर्ष यमुना अथारिटी में करीब 350 एकड़ भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क, ललितपुर में करीब दो हजार एकड़ में बल्क ड्रग पार्क और जेवर मेडटेक पार्क के निर्माण की दिशा में बड़े कदम उठाए। इसके अलावा प्रदेश में सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस की 1838 से अधिक सीटें, निजी क्षेत्र में एमबीबीएस की 2150 से अधिक सीटें बढ़ाई गई। साथ ही 7 हजार से अधिक नर्सिंग, 5 हजार से अधिक पैरामेडिकल की सीटें बढ़ाई गईं। 22 नये मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रदेश में किया जा रहा है। इनमें से कुछ का निर्माण पूरा होगा और कुछ का अंतिम दौर में है।

# हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व छह लाख रिक्त पदों को भरने की मांग

**लखनऊ।** संयुक्त युवा मोर्चा की प्रदेश ईकाई की वर्चुअल मीटिंग में हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 6 लाख रिक्त पदों को तत्काल भरने को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। वर्चुअल मीटिंग में रोजगार के सवाल पर जारी आंदोलनों का पुरजोर समर्थन किया गया। प्रदेश में छात्रों व युवाओं से बड़े पैमाने पर सम्पर्क स्थापित करने और अभियान से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। अधिवक्ताओं, शिक्षकों, व्यापारियों व कर्मचारियों समेत समाज के अन्य तबकों से संवाद कर युवाओं की मांगों का समर्थन करने की अपील की जाएगी। संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि रोजगार के सवाल देशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है।

### राज्यपाल आनंदीबेन ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह में कहा

# शोध करके इलाज के सस्ते संसाधन की खोज जरूरी



समृद्धि न्यूज

▸ आरएमएल के दीक्षांत समारोह में 29 मेधावियों को मिले मेडल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पहला दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कॉन्वोकेशन में 60 स्टूडेंट्स को डिग्री और 29 मेधावियों को मेडल मिले। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल पहुंचीं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, देश में डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है पर डॉक्टर का मरीजों के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं है। एक रिसर्च में पता चला है कि मरीज से अच्छा व्यवहार करने पर उनका इलाज ज्यादा प्रभावी हो जाता है। एक मरीज अपने चिकित्सक पर बहुत विश्वास करता हैं। मुझे उम्मीद हैं कि चिकित्सा विज्ञान से समाज को फायदा देने के साथ ही मजबूत देश के निर्माण में सहयोग मिलेगा। अधिक से अधिक शोध करके इलाज के सस्ते संसाधन की खोज जरूरी है। देश की बड़ी आबादी गांव में हैं, देश को अभी भी कई डॉक्टरों और स्वास्थ्य संस्थानों की जरूरत हैं। ब्लॉक स्तर पर अच्छे अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओ के नेटवर्क को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा हैं। स्वच्छ और शुद्ध जल मुहैया कराकर भी को स्वस्थ रहने की पहल की गई हैं। चिकित्सा सेवा से मूल्यवान कोई और सेवा नहीं हैं और इस सेवा से किसी अन्य सेवा की कोई तुलना नही हैं। आप सर्वे भवंतु सुखिनः के मंत्र से काम करें। यूपी में लगभग 2 लाख आंगनबाड़ी हैं। एवरेज हर आंगनबाड़ी में 40 से 50 बच्चे हैं। पढ़ी लिखी महिलाएं बच्चों को फीडिंग नहीं कराना चाहती। 84 प्रतिशत महिलाओं की डिलीवरी अस्पतालों में हो रही है पर महज 24 प्रतिशत ही महिलाएं जन्म देने के बाद मिल्क फीडिंग कराती हैं। आप डॉक्टर हैं, इस ओर भी आपको ध्यान देने की जरूरत हैं।

# लोस चुनाव में आजमगढ़ से आएंगे ऐतिहासिक परिणाम



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को आजमगढ़ पहुंचे। उन्होंने केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अस्सी लोकसभा हराइए और भाजपा को हटाइए। इस नारे पर सपा के लोग काम कर रहे हैं। वह सरायमीर थाना क्षेत्र के ग्राम निजामुद्दीनपुर पट्टी में मोहम्मद आमिर के छोटे भाई के विवाह के अवसर पर वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे थे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी लगातार कार्यक्रम कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से ऐतिहासिक परिणाम आएगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। इस चुनाव में भाजपा का पूरे उत्तर प्रदेश से सफाया होगा। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि पीडीए ही एनडीए का मुकाबला करेगा। आज बाजार में पहले से ज्यादा नकदी मौजूद है। झारखंड में जो रुपया पकड़ा गया वह किसका फेलोवर है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा रुपये मिले। इसी तरह से यूपी में इत्र व्यापारी के यहां पैसा निकला था तो सरकार ने आरोप लगाया था कि यह पैसा समाजवादियों का है। चुनाव आने वाला है। ऐसे में इत्र व्यापारियों से समाजवादियों की मदद तो कराओ।

प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में अपराध की घटनाएं हो रही है। एनसीआरबी के डाटा में यूपी में महिलाओं और बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। जब से भाजपा की सरकार आई है कितने लोगों की जान गई। कितने लोग शहीद हुए। इन सवालों को लेकर सपा जनता के बीच जाएगी और आने वाली चुनौतियों को बताएगी। उन्होंने कहाकि अब भाजपा आएगी तो वोट डालने का अधिकार छीन लिया जाएगा।



# पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को दी जाएगी नि:शुल्क कोचिंग



- एलबीएस डिग्री कॉलेज में मिलेगी पुलिस परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग
- मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना के तहत दी जायेगी नि:शुल्क कोचिंग

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

गोण्डा में जनवरी के प्रथम सप्ताह से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि सर्व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर पुलिस परीक्षा की तैयारी हेतु श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा में जनवरी के प्रथम सप्ताह से समाज कल्याण विभाग द्वारा नि:शुल्क कोचिंग का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क कोचिंग के लिये छात्र व छात्राएं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में आगामी 5 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों की संख्या अधिक होने की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा प्रवेश परीक्षा अथवा स्क्रीनिंग परीक्षा कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कोर्स कोआर्डिनेटर रूपेश पाण्डेय से मोबाइल नंबर से 6386762962 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दलित दंपती की पिटाई के मामले में पीड़ित ने चौकी पर दी तहरीर

**बालपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में एक दलित दम्पत्ति की पिटाई हड़ियागाड़ा के दबंग युवकों द्वारा किये जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी पर की है। घटना बालपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के ग्राम हड़ियागाड़ा की है। यहां पचईराम 65 वर्ष तथा उसकी पत्नी को हड़ियागाड़ा निवासी ढोढ़े सिंह के दो लड़कों ने पिटाई महज इस बात के लिए कर दी कि पचयी राम ने उनकी पर्ची पर गन्ना बेच रखा था,जिसका भुगतान मांगने गया था। तभी दलित दम्पत्ति की पिटाई कर दी गयी। इस संबंध में बालपुर पुलिस चौकी के प्रभारी आलोक कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह छुट्टी पर हैं। घर से वापस लौटने पर जो होगा देखा जायेगा।

# कोयला व्यापारी ने भट्ठा संचालक को दी जेल भेजवाने की धमकी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

डीआईजी मेरे रिश्तेदार हैं। दो मिनट में तुम्हें झूठे केस में फंसाकर जेल करवा दूंगा। आरोप है कि उक्त धमकी देते हुए कोयला व्यापारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने ईंट भट्ठा संचालक मोईद अख्तर की कनपटी पर असलहा लगा दिया। इसके बाद कोयला व्यापारी के साथ आए दबंगों ने लात-घूसा, थप्पड़ व डण्डे से मारना शुरू कर दिया।

मामले में पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से लेकर पुलिस अधीक्षक तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसकी फरियाद को अनसुना कर दिया गया, जिसके बाद उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया, जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जिले के छपिया थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी मोईद अख्तर पुत्र सईद अख्तर ने शिकायती पत्र में कहा है कि वह किराये पर ईंट का भट्ठा लेकर उसके संचालन का कार्य करता है। बिहार राज्य के रोहतास जनपद अंतर्गत डेहरी आनसोन के रहने वाला सत्येन्द्र नारायण सिंह पुत्र लक्ष्मी नारायण सिंह कोयले का थोक व्यवसायी है, जिससे अपनी जरूरत के आधार पर कोयला लेकर बराबर रकम उसे अदा करता रहा।

आरोप है कि विपक्षी को वर्ष 2021 में 10 लाख रूपये कोयला खरीदने के लिए दिया था, जिसमें विपक्षी ने एक हफ्ते के अन्दर कोयला ईंट भट्ठे पर पहुंचाने का वादा किया था, लेकिन इसी दौरान पीड़ित बीमार पड़ गया, जिससे भट्ठा बंद कर देना पड़ा। इस पर कोयला लेने के लिए दिए गए दस लाख रुपए वापस मांगा। आरोप है कि तब विपक्षी ने कहा कि गोण्डा आने पर रुपए दूंगा। आरोप है कि पीड़ित जनपद के नगर कोतवाली अंतर्गत एक ईंट भट्ठा पर अन्य भट्ठा मालिकों के साथ बैठा हुआ था, तभी विपक्षी चार-पांच लोगों के साथ गाड़ी से वहां पहुंचा। भट्ठा संचालक ने कोयला व्यापारी से बकाया राशि मांगा, जिससे विपक्षी ने गालियां देते हुए कहा कि मुझे नहीं जानते हो। डीआईजी देवीपाटन रेंज गोण्डा मेरे रिश्तेदार हैं। दो मिनट में तुम्हें झूठे केस में फंसाकर जेल करवा दूंगा। आरोप है कि विपक्षी ने मोईद अख्तर की कनपटी पर असलहा लगा दिया। उसके साथ आए अज्ञात लोगों ने विपक्षी के साथ मिलकर लात, घूसा, थप्पड़ व डण्डे से मारा-पीटा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विपक्षी ने कनपटी पर असलहा रखकर कहा कि अगर दोबारा पैसा मांगा, तो यहीं दाग दूंगा। इस बीच अन्य ईंट भट्ठे वालों ने मौके पर आकर बीच-बचाव कराया।

> न्यायालय के आदेश पर ईंट भट्ठा संचालक मोईद अख्तर की तहरीर पर कोयला व्यापारी सत्येंद्र नारायण सिंह पुत्र लक्ष्मी नारायण सिंह निवासी ग्राम डेहरी आनसोन रोहतास, बिहार व चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।
>
> राजेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक

## खबरें एक नजर में

### एडीएम ने तीन अपराधियों को किया जिला बदर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार सोनी ने तीन अपराधियों को गुंडा घोषित करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर के आदेश दिए। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सत्य प्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा पुत्र राज बहादुर वर्मा निवासी एडीएम बंगला थाना खोड़ारे, अमर बहादुर उर्फ बहादुर पुत्र जंगू उर्फ जंग बहादुर निवासी ग्राम नयेपुरवा राजापुर थाना परसपुर एवं गुरु प्रसाद सिंह पुत्र नकछेद सिंह निवासी ग्राम ककरहा मौजा बलमत्थर थाना परसपुर को गुण्डा घोषित करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर के आदेश दिए।

### ग्राम चौपाल को लेकर बैठक आज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने बताया कि ग्राम चौपाल (गॉव की समस्या, गांव में समाधान) कार्यक्रम के क्रियान्वयन का एक वर्ष पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप 30 दिसंबर को अपराहन् 01.00 बजे से कलेक्ट्रेट में स्थित डा.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अत: अद्यतन सूचनाओं सहित उक्त पत्रकार सम्मेलन (प्रेस कान्फरेन्स) में ससमय स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### अंतिम तिथि से पूर्व करें छात्रवृत्ति का आवेदन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रामलखन गुर्जर ने बताया कि वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु आनलाईन आवेदन करने की शासन द्वारा अन्तिम तिथि 02 जनवरी 2024 निर्धारित हैं। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11 - 12 एवं महाविद्यालय) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की शासन द्वारा अंतिम तिथि 10 जनवरी 2024 निर्धारित हैं। अत: जनपद के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता हैं कि छात्रवृत्ति से लाभान्वित होने के लिये छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुये शीघ्र आवेदन करते हुये आवेदन की हार्डकापी मय संलग्नकों सहित संबंधित विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

### पानी भरने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 में सार्वजनिक हैंडपंप में पानी भरने के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वार्ड संख्या 15 में लगे सार्वजनिक हैंडपंप में एक युवती पानी भर रही थी। इसका विकास एवं राहुल ने विरोध किया। इस पर गोलू गुप्ता, बाले गुप्ता व विनोद गुप्ता ने एतराज जताया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को जमकर मारा पीटा। विनीत की तहरीर पर पुलिस ने विकास एवं राहुल तथा उर्मिला देवी की तहरीर पर पुलिस ने गोलू, बाले व विनोद के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया है।

### अवैध बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में गश्त के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को एक अवैध देशी बंदूक 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कस्बे में शुक्रवार को कस्बा इंचार्ज सचिन शर्मा अपने हमराहियों के साथ गस्त में जा रहे थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति कस्बे के वार्ड नंबर एक कांशीराम कालोनी के पास खड़ा दिखाई दिया। जब पुलिस को देखा तो भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम अमरनाथ पुत्र राम सनेही निवासी वार्ड नंबर एक नाला पार कस्बा कुरारा बताया। उसके पास से एक बंदूक 12 बोर देशी अवैध व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा लिखकर आरोपी को जेल भेजा है।

# चूल्हे की चिंगारी से फूस के मकान में लगी आग

- सगे भाई झुलसकर हुए गंभीर रूप से घायल, सीएचसी में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





**फसल की रखवाली को खेत में था पिता**

मकरंदपुर गांव निवासी दायराम के खेत में गेहूं की फसल लगी हुई है। उसकी रखवाली के लिए वह रात में खेत में ही रहता है। गुरुवार रात को खेत में होने पर पत्नी खाना देने गई थी। तभी आग लग गई।

जिले के मकरंदपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के फूस के मकान में देर रात को आग लग गई। परिवार के लोग जब तक पहुंचते, तब तक एक किशोर की आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गई। जबकि सगे भाई झुलसकर घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदरंदपुर गांव निवासी दयाराम का फूस का मकान बना हुआ है। एक ही मकान में रहने के साथ खाना भी बनता है। गुरुवार रात को दयाराम की पत्नी ने खाना बनाया। बच्चों को खिलाने के बाद पति को खेत में खाना देने चली गई। तभी चूल्हे की चिंगारी से मकान में आग लग गई। आग लगने से सुकेश (14) की झुलसकर मौत हो गई। जबकि उसका भाई शिवांश (6) और शिवम (4) घायल हो गए। आसपास के लोगों ने आग बुझाया।इसके बाद घायलों को पुलिस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर महबूब आलम मौके पर पहुंचे। जांच की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चूल्हे की चिंगारी से आग रात 9.30 बजे लगी थी। तभी हादसा हुआ है।एसडीएम राकेश मौर्य ने शुक्रवार को अस्पताल पहुंचकर घायल भाइयों का हाल जाना। मदद का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पूर्व बीजेपी विधायक जटाशंकर सिंह का निधन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के सिविल लाइन निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक जटाशंकर सिंह का बृहस्पतिवार को लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों में शोक है।कोतवाली देहात के शहर के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी जटाशंकर सिंह (76) वरिष्ठ भाजपा नेता थे। वह जनपद के नानपारा विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके हैं। इस समय वह किसान डिग्री कॉलेज के प्रबंध समिति अध्यक्ष के पद पर तैनात थे। उनका इलाज लखनऊ के डिवाइन हॉस्पिटल में चल रहा था। बृहस्पतिवार रात 8:30 बजे के आसपास पूर्व विधायक का निधन हो गया। उनके निधन भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

# मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ आशा दीदी सम्मान समारोह

- तेजवापुर के 62 आशा कार्यकर्ता हुई सम्मानित
- परिवार ही नहीं मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को सीमित करने में भी परिवार नियोजन का योगदान : डॉ. राजेश कुमार





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने व मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से जनपद के तीन ब्लाकों में आकार परियोजना चलायी जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाओं को दिलाने में बेहतर प्रदर्शन करने वाली तेजवापुर ब्लॉक की 62 आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

अचल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन का योगदान सिर्फ परिवार को सीमित रखने में नहीं है बल्कि इसकी मदद से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। उन्होंने बताया जब तक हर योग्य दंपति तक परिवार नियोजन के साधन की पहुँच नहीं बनती है तब तक स्वस्थ जच्चा-बच्चा की परिकल्पना को साकार नहीं किया जा सकता। मोबियस फाउंडेशन के स्टेट प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि टीएफ़आर यानि कुल प्रजनन दर को कम करने के लिए जनपद के तीन ब्लाकों तेजवापुर, जरवल व हुजूरपुर में मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से आकार परियोजना चलायी जा रही है। इसके तहत परिवार नियोजन साधनों की पहुँच बढ़ाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग किया जाता है। उन्होंने बताया मातृ एव शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग के साथ ही कम उम्र में शादी को रोकना व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके पर यूपी टीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ रामबरन यादव, बीपीएम अनुराधा, बीसीपीएम रोहित वर्मा, मोबियस फाउंडेशन की दिल्ली से आयी नमिता पुरी तथा जिला स्तरीय टीम में विदुर, आशीष, मोहित, सुनीता, शिवानी व अनुष्का सहित सीफार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मोबियस फाउंडेशन की सराहना**

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपने परिवार कल्याण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन किया है इसलिए आप आज यहाँ उपस्थित हैं। उम्मीद है आगे भी आप और अन्य आशा कार्यकर्ता इसी मनोयोग से कार्य करती रहेंगी। उन्होंने मोबियस फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने व इसके महत्व को आमजन तक पहुंचाने में विशेष सहयोग रहा है। इसके चलते तेजवापुर ब्लॉक में इस बित्तीय वर्ष 17 पुरुष नसबंदी कराने में सफलता मिली है। जबकि जनपद में कुल पुरुष नसबंदी का आंकड़ा 47 पुरुष नसबंदी का है।

# नेशनल हाईवे पर बना गड्ढा, दुर्घटना को दे रहा दावत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- बहराइच-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन भर गुजरते हैं सैकड़ों वाहन

घने कोहरे से दुर्घटनाये बढ़ती जा रही है।सफेद चादर ओढ़े मौसम ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। बहराइच-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गहरे गड्ढे मौत को दावत दे रहे हैं। सड़क पर बने गड्ढे किसी भी समय दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोगलहा ग्राम के पास बने ये गड्ढे दिन प्रतिदिन विकराल रूप ले रहे हैं। इससे कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त भी हो चुके हैं।इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो वाहन गुजरते है।मुख्यमंत्री सड़क हादसों को रोकने के निर्देश दे रहे है, लेकिन जिम्मेदार विभाग सो रहे हैं।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी भी इस विकराल गड्ढे से कोई अनहोनी का इन्तेजार कर रहे जबकि यह राष्ट्रीय राजमार्ग देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ता है तथा पड़ोसी राज्य हरिद्वार के लिए भी इसी रास्ते को अपनाया जाता है।कोहरे के दौरान जब सड़क नजर नहीं आती है, तब हादसे हो जाते हैं। सड़क पर सफेद पट्टियों के सहारे चालक वाहनों को चलाते हैं। यह पट्टियां वाहन को सड़क सीमा के अंदर चलाने में मददगार साबित होती हैं।राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन यात्रा करने वाले समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव बताते है कि यह गड्ढा राष्ट्रीय राजमार्ग को मुंह चिढ़ा रहा है।वहीं इससे जुड़े अधिकारी भी इस ओर ध्यान नही दे रहे शायद किसी अनहोनी का इन्तेजार कर रहे है।शिक्षक कमल पाठक का कहना है कि यह गड्ढा सुरसा की तरह मुंह खोले है कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिम्मेदारो को इसे शीघ्र ठीक कराना चाहिए।

**घने कोहरे के चलते हुआ सड़क हादसा**



जिले में पड़ रहा कोहरा वाहन चालकों के लिए समस्या का सबब बनता जा रहा है। कम दृश्यता के चलते वाहन खड्ड में गिर रहे हैं। आज शुक्रवार को भी जनप में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते दृश्यता काफी कम हो गई है। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गायघाट के पास रात में कार कोहरे के चलते खड्ड में पलट गई। कुछ दूरी पर नदी भी थी। हालांकि कार सवार बाल बाल बच गए। मोतीपुर निवासी मोहम्मद फैसल पुत्र शकील अहमद अपनी कार संख्या यूपी 78 एफएफ 1300 से जिला मुख्यालय आए थे। काम निपटाने के बाद वह कार से अपने गांव जा रहे थे। नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र के अकेलवा गांव के पास रात एक बजे कार के सामने मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में कार सवार लोग वाहन समेत पानी भरे खड्ड में जा गिरे। किसी तरह गेट खोलकर सभी बाहर निकले। इसके बाद थाने में नुकसान को लेकर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच उप निरीक्षक नरेंद्र चौधरी को सौंपी गई है। दोनों वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है।

# आरआरआईसी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

- दहेज प्रथा, मेरे घर राम आए जैसे संस्कृति कार्यक्रमों ने बंधा समां

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



राजमाता रेहुआ इंटर कालेज ऋषिनगर बेडनापुर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्रबंधक तेजवापुर पूर्व ब्लाक प्रमुख कुवंर जितेंद्र सिंह सोलंकी, अध्यक्ष मधु सिंह ने किया।

कालेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। प्रबंधक एंव अध्यक्ष ने बच्चों के सांस्कृतिक प्रोग्राम को काफी सराहा। सांस्कृतिक प्रोग्राम में दहेज प्रथा, देहाती बहू, मेरे घर राम आए हैं।

भाषण समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। कालेज प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन रामकरन पांडेय ने किया। इस दौरान वरिष्ठ लेखाकार स्नेह मिश्र, विनीत जायसवाल, श्रीमती प्रभा सिंह, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, रूबी बेगम, नगमा बेगम, निधि मिश्रा, रामानंदन, केके यादव, चंचरीक शुक्ल, पवन वर्मा, रामकुमार वर्मा, अनुभव अवस्थी, विजय चौधरी, रमेश चंद्र मौर्य, शैलेंद्र मिश्र, पद्मनाभ मिश्र, पं. श्याम सुंदर मिश्र, पुंडरीक शुक्ल समेत अन्य अभिभावक गण मौजूद रहें।

# पीएम के अयोध्या दौरे पर विशेष चौकसी

- सभी वाहनों की हो रही जांच, बॉर्डर पर जांच के पुख्ता इंतजाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या में पीएम दौरे को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा को लेकर एसएसबी व पुलिस फोर्स के जवानों की ओर से पैदल मार्च किया जा रहा है। सीमा पार से आवागमन करने वाले लोगों की सघन तलाशी की जा रही हैं। जिले में सुरक्षा व्यवस्था और चौकस कर दी गई है। लखीमपुर, नेपाल, गोंडा और बाराबंकी मार्ग पर पुलिस ने वाहनों की जांच की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 दिसंबर को अयोध्या में दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बहराइच जिले को भी अलर्ट कर दिया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर दूसरे जनपद की सीमा पर आने-जाने वाले वाहनों की पुलिस सख्त जांच कर रही है। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर जालिम नगर चौकी पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई। नेपाल नानपारा मार्ग पर रुपईडीहा पुलिस द्वारा, गोंडा मार्ग पर विशेश्वरगंज और बाराबंकी मार्ग पर जरवल रोड पुलिस ने वाहनों में जांच अभियान चलाया। चार पहिया वाहन से आने जाने वाले लोगों के पहचान पत्रों की पुलिस द्वारा जांच की गई। पहचान पत्रों की जांच के बाद ही लोगों को आवागमन के लिए जाने दिया गया। अचानक हुई जांच के चलते लोगों में दहशत का माहौल भी रहा।

# कोटेदारों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- कमीशन और वेतन लागू करने के लिए किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



महसी तहसील के कोटेदारों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन महसी तहसील के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय की अगुवाई में शुक्रवार को कोटेदार एकत्रित हुए। सभी ने तहसील मुख्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन की अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना कॉल में प्रदेश के कोटेदारों द्वारा प्रधानमंत्री के अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया गया कोटेदारों ने कोरोना के समय सरकार का पूरा साथ दिया। इसके बाद भी उनका कमीशन नहीं बढ़ाया जा रहा है।

सभी का कहना है कि अलग-अलग प्रदेश में अलग-अलग कमीशन और वेतन कोटेदारों को मिल रहा है। ऐसे में गुजरात और राजस्थान की तरह कमीशन और वेतन लागू किया जाए। प्रदर्शन के बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश मौर्य को दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष पंचूराम बाजपेई, कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, संगठन प्रभारी रमेश कुमार मौर्य, महामंत्री राघव राम लोधी, सलाहकार राधेश्याम पांडे, संगठन सचिव अजय मौर्य, और मीडिया प्रभारी रियाजुल हक समेत अन्य मौजूद रहे।

# यातायात पखवाड़े पर बांटे गए हेलमेट



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे यातायात पखवाड़े पर परिवहन विभाग, समाजसेवियों और पुलिस ने संयुक्त रूप से हेलमेट वितरण किया।

नेशनल हाईवे पर स्थित बड़े चौराहे पर एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी मौदहा और बीजेपी नेताओं ने सड़क हादसे में होने वाली मौतों को रोकने के उद्देश्य से एक जागरूकता अभियान चलाते हुए हेलमेट वितरण किए इस दौरान बीजेपी नेता शिवशंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, आशीष सिंह अल्लू, क्षेत्राधिकारी मौदहा श्रेयस त्रिपाठी, एआरटीओ हमीरपुर सहित यातायात पुलिस और लोकल पुलिस के जवान तथा समाजसेवी मौजूद रहे।

## 31 दिसंबर को सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर रहेगा हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन

# आरटीओ और एआरटीओ ने शुरू किया अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



31 दिसंबर का दिन प्रदेश के लोगों के लिए खास रहेगा। इस दिन लोगों को अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन की लिखी पेज लगानी पड़ेगी। जिससे लोगों को सड़क हादसे के प्रति जागरूक किया जा सके। बहराइच जनपद में सड़क हादसे काफी बढ़ गए हैं। इसको रोकने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह की ओर से प्रत्येक व्यक्ति में जागरूकता लाने के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक संभागीय अधिकारी परिवहन राजीव कुमार ने बताया कि हादसों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा, जागरूकता गोष्ठी, चित्रकला आदि जिलों में आयोजित किए गए हैं। इसके द्वारा लोगों को सुरक्षित परिवहन के प्रति जागरूक किया गया है इसके बाद भी हादसों में कमी नहीं आ रही है। इसको देखते हुए परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने 31 दिसंबर को प्रदेशवासियों के लिए एक नए पहल से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर को हर घर तिरंगा अभियान की बात हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन वाले क्रियेटिव को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन दिवस पर 31 दिसंबर को सभी व्यक्ति को अपने सोशल अकाउंट पर लगाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि एक दूसरे में जागरूकता फैलाने के लिए लोग अपने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल नेटवर्किंग साइट पर हर सफर में सड़क सुरक्षा का स्लोगन लगाएं। जिससे लोग एक दूसरे से जागरूक हो सकें और वाहन चलाते समय सावधानियां बरतें। जिससे सड़क हादसे को कम किया जा सके।

**शुरू हुआ अभियान**

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह और एआरटीओ राजीव कुमार की अगवाई में गुरुवार से कलेक्ट्रेट में जागरूकता अभियान चलाया गया अभियान के द्वारा लोगों को हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन लिखी पोस्टर दिए गए।

# आयोग ने ग्राम विकास अधिकारी पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

- सूचना न उपलब्ध कराने व अनुपस्थित रहने पर लगाया जुर्माना

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम सभा जलालपुर के एक व्यक्ति द्वारा सूचना मांगे जाने पर सूचना न दे पाने पर मामला आयोग तक पहुंच गया और सूचना न देने व आयोग में अनुपस्थित होने पर आयोग ने कार्यवाही करते हुए जनसूचना अधिकारी महावीर प्रसाद मण्डल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जलालपुर, विकासखंड विशेश्वरगंज पर उनके न पहुंचने और न वादी को सूचना उपलब्ध कराने पर राज्य सूचना आयुक्त ने महावीर प्रसाद मंडल पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए वेतन से वसूली के निर्देश दिए हैं। बता दें ग्राम वासियों की तरफ से उदय प्रताप द्वारा जन सूचना के तहत ग्राम के विकास के कार्यों से संबंधित सूचनाएं ग्राम विकास अधिकारी से मांगी थी परंतु सूचना न उपलब्ध कराने के कारण अब तक तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी जलालपुर आशीष शर्मा पर 25 हजार रुपए व भूपेंद्र तिवारी पर 25 हजार रूपये व महावीर प्रसाद मंडल पर दो अलग-अलग फाइलों पर 25000-25000 का जुर्माना राज्य सूचना आयुक्त द्वारा लगाया जा चुका है। जुर्माने की राशि की वसूली सभी ग्राम विकास अधिकारियो पर उनके वेतन से तीन समान किस्तों में किए जाने के लिए जिलाधिकारी को आदेशित किया जा चुका गया है ।

# प्रतिस्पर्धा के युग में धैर्य के साथ डटे रहना आवश्यक : दिनेश प्रताप सिंह

**के.डी. मालवीय विद्या मन्दिर का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम सम्पन्न**




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यालय की उन्नति और प्रगति का परिचायक है। विद्यार्थी और अध्यापकों, दोनों के लिए यह हर्ष और उल्लास के साथ-साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा, योग्यता और कार्यकुशलता के मूल्यांकन, योग्य और प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित करने का अवसर होता है।

उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मन्त्री दिनेश प्रताप सिंह ने शहर के ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्थान के.डी. मालवीय विद्या मन्दिर में सम्पन्न हुए विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। श्री सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में प्रेरणा, धैर्य के साथ डटे रहना आवश्यक है। विद्यालय का कार्य केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, वरन् यह छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल देता है। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया गया तथा 15 शिक्षक एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर के गणमान्य नागरिक राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी 'बच्चू दादा', दिनेश शुक्ला, अनवर पठान, आर.सी. श्रीवास्तव, संजीव सिंह, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव 'काजू', सौरभ श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, पंकज साहू, फारूक आदि के द्वारा मन्त्री श्री सिंह का नागरिक अभिनन्दन किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक अनिमेष श्रीवास्तव एडवोकेट एवं धन्यवाद रजतिमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## आग तापते समय अलाव में गिरीं दो मासूम बहनें, हालत गंभीर



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आग तापते समय संतुलन बिगड़ने से अलाव में गिरी दो मासूम बहने, आग में झुलसने से दोनों मासूम बहनें गंभीर रूप से हुई घायल दोनों घायल बहनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुचमा गांव का है जहां घर के बाहर आग तापते समय दो मासूम बहनें आरूषि तिवारी उम्र 10 वर्ष व राधा तिवारी उम्र 5 वर्ष पुत्री मेवा लाल तिवारी संतुलन बिगड़ने के कारण अलाव में गिर पड़ी जिससे आग में झुलसने के कारण दोनों मासूम बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई, दोनों घायल बहनों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए भरी हुंकार

**2024 के चुनाव में पूर्व सांसद अन्नू टण्डन को जिताने की अपील**

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी का हसनगंज ब्लाक कार्यकर्ता सम्मेलन हसनगंज के एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। जिसमें समाजवादी पार्टी के बूथ कार्यकर्ता सम्मलित हुये। सम्मेलन की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने की। सपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के लिये आह्वान किया।

अध्यक्षता करते हुये सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुये कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं होगा।

यह चुनाव सत्य और झूंठ का चुनाव होगा और हमारे समाजवादी बूथ कार्यकर्ता लोहिया जी, पं0 जनेश्वर मिश्र, मुलायम सिंह के आदर्शों व विचारधारा को गांव-गांव पहुंचाकर हमारी लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टण्डन को भारी मतों से चुनाव जिताने के लिये ऐड़ी चोटी का जोर लगाकर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। लोकसभा प्रभारी पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारी ताकत तो हमारे बूथ कार्यकर्ता हैं जिनके दम पर व हौसले से मुझसे जो भी बन पड़ता है वह अपने उन्नाव के लिये कर पाती हूं। पूर्व सांसद ने कहा कि यह हसरत मोहानी वह पावन धरती है जिसने ''इंकलाब जिन्दाबाद'' का नारा बुलंद कर देश में एक क्रान्ति खड़ी कर दी थी। आज उन्होंने हसरत मोहानी को नमन करते हुये आप लोगों से आह्वान करती हूं कि आप अपने-अपने बूथ, ग्रामसभाओं व ब्लाक में इंकलाब जिन्दाबाद के नारे को याद करते हुये मोहान विधानसभा में इन झूठ व समाज में जहर घोलने वाली ताकतों के खिलाफ एक क्रान्ति खड़ी कर दीजिये।

पूर्व सांसद ने कहा कि मेरी ताकत आप हैं और मैं आप सभी को अपना परिवार मानती हूं इसलिये मैं आपसे कोई झूंठा वादा या आश्वासन नहीं करती लेकिन यह विश्वास जरूर दिला सकती हूं कि मुझसे जो भी हो सकता है वह अपने उन्नाव और अपने कार्यकर्ताओं के लिये पूरी ईमानदारी से करूंगी। कार्यक्रम को पूर्व एम0एल0सी0 सुनील साजन, पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, अनवर सिद्धीकी, ब्रजपाल यादव, डा0 हारिस किदवई, डा0 एस0के0 वर्मा, दीपक देवा, डा0 सूर्यनारायण यादव, राहुल यादव, तवस्सुर खान ने भी संबोधित किया।

आज लगभग 2 दर्जन लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिनको जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने अंगवस्त्र पहनाकर सपा की सदस्यता ग्रहण करायी। सभा का संचालन सपा विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डू ने किया।

## खबरें एक नजर में

### गरम तहरी और गरम कपड़े के साथ बांटी गई खुशी



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** तेरह वर्षों से ज्यादा समय से संचालित रोटी कपड़ा बैंक उन्नाव के कार्यकर्ताओं ने साप्ताहिक सेवा कैम्प के माध्यम से गरम लजीज तहरी, ब्रेड, बिस्कुट, टोस्ट के साथ गरम कपड़े जरूरतमंदों को देकर खुशियां बांटी। मोतीनगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में संस्था के पदाधिकारियों ने लगभग 5 घंटे गरमागरम तहरी और अन्य सामग्री बांटे और जरूरतमंदों और उनके परिजनों के लिए सुंदर गरम कपड़े देकर दुआएं अर्जित की। संस्था के संथापक और रेडक्रॉस उन्नाव के उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर, संस्थापक सदस्यों दुर्गेश दीक्षित, प्रियंक अनुराग मिश्रा, राहुल कश्यप, अनुराग मोहन वर्मा, पवन निगन, आशीष निगम, मनोज अवस्थी, संजय चौरसिया, समाजसेवी अनूप चौधरी, पंकज मिश्रा, प्रीति चौधरी, सपना कुशवाहा, गीता मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिवेदी, नीरज द्विवेदी, अनूप शुक्ला आदि ने अलग-अलग मोहल्लों से भोजन और कपड़े इकट्ठा कर वितरित करने में सक्रिय भागीदारी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों से साप्ताहिक कैम्प में सहयोग की अपील की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में गांव किनारे एक खेत में युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता मिलने से मचा हड़कंप मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर का है जहां शुक्रवार सुबह 19 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे घर के बगल में नीम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

### नकली चांदी के जेवर बेचने पर महिला को पकड़ा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द गांव में एक महिला नकली चांदी के जेवर बेचने पहुंची। शक होने पर दुकानदार ने चांदी गलाई। गिलट निकलने पर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। वहीं कई ज्वैलर्सों ने उसके खिलाफप्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। देवारा खुर्द निवासी ज्वैलर्स सोनू वर्मा की गांव में सोने-चांदी की दुकान है। शुक्रवार को गांव की एक महिला चांदी के जेवर बेचने पहुंची। शक होने पर दुकानदार ने जेवर गलाये। जहां जेवर चांदी के बजाय गिलट के निकले। यह देख दुकानदार ने उसे बैठा लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। वहीं महिला के पकड़े जाने पर आस पास के कई ज्वैलर्स पहुंच गये। जहां सभी ने बताया कि उनको भी महिला नकली चांदी के जेवर बेच चुकी है। जिसपर सभी ने कोतवाली पहुंचकर महिला के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### छप्पर में लगी आग सारा सामान जलकर हुआ खाक

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बा शिवगढ़ अंतर्गत शुक्रवार को अज्ञात कारणों की वजह से एक युवक के छप्पर में आग लग गई ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू न पाया जा सका और छप्पर के नीचे रखा सारा घरेलू सामान एवं अनाज जलकर राख हो गया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ कस्बा अंतर्गत अजीतखेड़ा वार्ड के सरैया गांव निवासी नन्हू पुत्र स्व.रामकुमार की पत्नी सर्वेश कुमारी शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे के करीब अपने बच्चो के साथ छप्पर के नीचे बैठी हुई थी तभी अचानक उसे अपने छप्पर से तेज धुंआ निकलता दिखाई दिया जब तक वह कुछ समझ पाते आपकी लपटे तेज हो चुकी थी आसपास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू न पाया जा सका जिससे छप्पर के नीचे रखा सारा घरेलू सामान एवं अनाज जलकर खाक हो गया वही स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक नन्हू दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था और कच्ची दीवार पर छप्पर रखकर किसी तरह अपने परिवार के साथ गुजारा कर रहा था लेकिन छप्पर में आग लग जाने से उस पर मानो गमों का पहाड़ टूट पड़ा आग लगने से पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल था वही इस मामले में जानकारी देते हुए हल्का लेखपाल अनिल चौधरी ने बताया कि शिवगढ़ कस्बे के सरैया गांव में आग लगने की घटना की जानकारी हुई थी मौके पर पहुंचकर जांच कर आख्या रिपोर्ट तहसील को भेज दी गई है




### नववर्ष को शिवभक्त करेंगे पदयात्रा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नगर के तुलसी गेस्ट हाउस में ओम शिव शक्ति मानव समिति द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि लगातार 15 वर्षों से पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगढ़ दर्शन करने के लिए पद यात्रा में शामिल होकर बाबा बालेश्वर मंदिर जाते हैं जिसमें जगह-जगह भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह यात्रा पंचमुखंश्वर महादेव मंदिर सर्राफा मंडी लालगंज से प्रारंभ होकर श्री भैरवनाथ मंदिर, श्री बालाजी मंदिर से होते हुए श्री बालेश्वर मंदिर ऐहार के लिए प्रस्थान करेगी।जिसमें सभी भक्तगण पहुंचकर बाबा के दर्शन प्राप्त करें और अगर प्रशासन की बात की जाए तो इस यात्रा को देखते हुए प्रशासनिक अमले ने भी कमर कस ली है।

# राघवेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे लालगंज, लोगों से की मुलाकात

**अधिवक्ता संघ के साथ की बैठक, पूर्व मंत्री से भी की मुलाकात**

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पूर्व महा अधिवक्ता,पूर्व अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवम पूर्व सांसद राघवेंद्र प्रताप सिंह रायबरेली जनपद के लालगंज नगर पहुंचे और लोगों से मुलाकात की।

सर्वप्रथम श्री सिंह लालगंज तहसील पहुंचे जहां वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय नवगीतकार डॉ. विनय भदौरिया की अगुवाई में अधिवक्ता बंधुओं ने जोरदार स्वागत किया और साथ ही अधिवक्ता बंधुओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, राजबली सिंह,के पी सिंह, बैसवारा अधिवक्ता एसोसियेशन के अध्यक्ष शेर बहादुर यादव,महामंत्री दल बहादुर सिंह ने माल्यार्पण किया और विचार व्यक्त करते हुए बैसवारे की धरती पर श्री सिंह का स्वागत किया। बैठक का संचालन डॉ विनय भदौरिया ने किया।

तत्पश्चात श्री सिंह नगर में पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय के आवास पहुंचे मुलाकात की और कुशल क्षेम जाना और फिर युवा अधिवक्ता सौरभ सिंह के आवास भी गए जहां सौरभ सिंह के पिता उमेश बहादुर सिंह ने माल्यार्पण के श्री सिंह का स्वागत किया साथ ही होटल प्रताप पैलेस एवम आलम पुर स्टेट सहित कई अन्य जगह मुलाकात की। इस दौरान दिलीप प्रजापति,कवि योगेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ विनय भदौरिया, युवा अधिवक्ता उच्चन्यायलय सौरभ सिंह, उदय बाजपेई, मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल सहित नगर के प्रतिष्ठित लोग साथ रहे।

# छात्रों द्वारा शिक्षक की कार साफ करने का वीडियो वायरल

**जांच करवाकर शिक्षक पर कार्यवाही की जाएगी : बीएसए**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश की योगी सरकार स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को संवारने के लिए करोड़ों रूपयों को खर्च कर रही है। लेकिन, स्कूलों के शिक्षक उससे उलटा काम कर रहे हैं। रायबरेली जनपद में शिक्षक योगी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। शिक्षक इस भीषण ठंड में बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे अपनी कार साफ करवा रहे हैं। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

दरअसल, रायबरेली जनपद स्थित गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के सतांव ब्लॉक में स्थित चिलौला भंगरिया प्राथमिक विद्यालय गांव एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विद्यालय में तैनात शिक्षक शिवनंदन वर्मा इतनी भीषण ठंड में मासूम बच्चों से स्कूल के बाहर खड़ी अपनी कार को साफ करवा रहे हैं। लेकिन मासूम बच्चों के द्वारा शिक्षक की कार साफ करने का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप में मच गया। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है इसकी जांच कराकर शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर दुष्कर्म के वांछित युवक को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर दरोगा कृष्णकान्त हमराहियों के साथ नवीन गंगा पुल तिराहे के पास पहुंचे। जहां पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित कानपुर खलासी लाइन ग्वालटोली निवासी गौरव दीक्षित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफविधिक कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

## ट्रैक्टर पलटने से चपेट में आए ड्राइवर की हालत गंभीर, जिला रेफर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




ओसाह की तरफ से चला आ रहा ट्रैक्टर अचानक पलट गया जिसमें दबने से ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। गौरव भट्ठा गंदा नाला के पास( पथमेल मशीन) ईंट पाथने वाली मशीन लेकर जिह्वा भट्ठा से आ रहा था ट्रैक्टर अचानक गंदा नाला के पास आनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे ड्राइवर लवकेश पुत्र महिपाल यादव निवासी भवनियापुर मजरे ओसाह उम्र 24 वर्ष दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया वही घटनास्थल पर धीरे-धीरे ग्रामीणों का मजमा लगना शुरू हो गया जेसीबी मशीन बुलाकर किसी तरह ड्राइवर को ट्रैक्टर के नीचे से निकला गया जिसे भट्ठा के मुंशी नीरज शुक्ला एवं एक अन्य युवक अभय सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टर संजय राय ने युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# माइनर में मिला अबोध का शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

औरास थाना क्षेत्र के खडवल गांव निवासी बिजेंद्र का एक वर्षीय पुत्र शिवांक का शव गांव के पास से निकले खडवल रजबहा में शुक्रवार सुबह पड़ा मिला।

थाना क्षेत्र के खडवल गांव निवासी बिजेंद्र गांव में परिजनों से अलग घर में पत्नी व एक वर्षीय बेटे के साथ रहता था। एक दिन पहले वह लखनऊ गया था उसकी पत्नी राधा एक वर्ष बच्चे शिवांक के साथ थी। वह शुक्रवार सुबह शौच के बाद घर आई तो देखा उसका बच्चा घर में नही है घर में ढूंढा नही मिला तो पड़ोसियों को आवाज दी जिसपर स्वजन व गांव के लोगों ने बच्चे की तलाश की जो घर से करीब एक किलोमीटर दूर रजबहा में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे पिता विजेंद्र ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। ग्रामीणों के अनुसार मां ने बताया कि बच्चा हो सकता है कि माइनर में ही डूबा हो, आखिर पांच मीटर दूर नहर में छोटा बच्चा कैसे ऊंची मिट्टी में चढ़कर जा सकता है वही पेट में पानी भी न होने की बात ग्रामीणों ने बताई।

# जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वाथ्य समिति शासी निकाय की बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में संपन्न हुई द्य

विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की एक महीना के अंदर अभियान चलाकर जनपद में चल रहे सभी अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरो का निरीक्षण करते हुए विधिक कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण कराकर लक्ष्य को प्राप्त किया जाए साथ ही एएनएम और आशा बहुओं का भुगतान पोर्टल के माध्यम से तत्काल सुनिश्चित कराया जाए। अधीक्षक बेलाबेला,लोधवारी को निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव में आ रही कमी को दूर करते हुए तत्काल लोधवारी सब सेंटर पर प्रसव कराना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय से पूरा करने के निर्देश के दिए द्य वित्तीय वर्ष में पुरुष नसबंदी कम होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने ने निर्देशित किया कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप पुरुष एवं महिला नसबंदी कराकर परिवार कल्याण कार्यक्रमो को सफल बनाया जाए। बैठक में सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, सीएमएस डॉक्टर महेंद्र मौर्य, सीएमएस फीमेल डॉ. रेनू वर्मा, बीएसए शिवेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी, समस्त अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# चिकित्सा नाऊ का समरसता भोज सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जनपद रायबरेली के गरीब, पात्रों एवं असहायों की सेवा के लिए विख्यात हो चुकी ख्याति प्राप्त चिकित्सा संस्था चिकित्सा नाऊ का वृहद स्तर पर समरसता भोज सम्पन्न हुआ।

समरसता भोज में बतौर अतिथि पधारे वरिष्ठ समाजसेवी डा0 बृजेश शुक्ला ने बताया कि एक साथ बैठकर भोजन करने से आपसी प्रेम बढ़ता है, वर्तमान समय में तोड़ने एवं बांटने की साजिश चल रही है, जिसके प्रति सतर्क एवं सजग रहने की आवश्यकता है, यदि हम एकजुट रहेंगे तो राष्ट्र विरोधी शक्तियाँ अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं हो सकती है। श्री शुक्ला ने समरसता भोज के सफल संचालन हेतु चिकित्सा नाऊ की टीम को बधाई दी। चिकित्सा नाऊ के प्रबन्ध निदेशक पल शुक्ला ने बताया कि हमारा चिकित्सालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिससे पात्र, गरीब लोगों को उचित सुविधायें प्राप्त हो सकें, आपसी प्रेमभाव एवं समाज की सेवा कैसे की जाए इसलिए हम सब एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करते रहते हैं। श्री शुक्ल ने बताया कि चिकित्सा नाऊ हास्पिटल में समाजसेवी संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकार बन्धुओं को जाँच में चालीस प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है, जनपद अभी तक कैल्शियम एवं थायराइड की जाँच से वंचित था, मरीज को जाँच के नाम पर एक-दो दिन का इन्तजार करना पड़ता था, वह भी हमारे चिकित्सालय में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि शहर के राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में चल रही प्रदर्शन/रायबरेली महोत्सव में चिकित्सालय द्वारा शुगर की जांच निःशुल्क हो रही है, जनपद का कोई भी व्यक्ति जाकर निःशुल्क जांच का लाभ उठा सकता है।



### अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** श्री राम मंदिर की स्थापना का समय निश्चित हो चुका है मंदिर स्थापना की तिथि घोषित होने से राम भक्तों में भारी हर्षोल्लास है आने वाली 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की स्थापना की जाएगी शुक्रवार को डलमऊ कस्बे में राम भक्तों द्वारा अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश के साथ कस्बे की प्रमुख मार्गो पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभा यात्रा का आयोजन डलमऊ गंगा तट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से आरंभ हुई जिसमें सैकड़ो की संख्या में राम भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया शोभा यात्रा में राम भक्तों ने राम धुन पर थिरकते हुए जय श्री राम के नारे लगाए नगर में जगह-जगह राम भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई और लोगों से आने वाली 22 जनवरी को श्री राम मंदिर स्थापना दिवस के दिन अपने-अपने घरों में पुनः दीपोत्सव मनाने को कहा गया नगर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा का समापन वापस संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया गया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ सुधीर जायसवाल अरुण यादव शिवाकांत मिश्रा ओम नारायण हांडा गुड्डू संदीप मिश्रा प्रशांत शर्मा मनोज सोनकर महेंद्र पटेल तिरुपति नाथ जतन पाठक महेंद्र पटेल लाल सोनी पवन जायसवाल संतोष पांडे सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शैक्षिक प्रदर्शनी व मेला आयोजित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




शुक्रवार को राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के परिसर में शैक्षिक प्रर्दशनी व मेले का आयोजन किया गया। शैक्षिक प्रदर्शनी के अर्तगत जी-20, अम्बिका प्रसाद स्कूल मॉडल, शुक्लागंज (नया व पुराना) मॉडल, नमामि गंगे, स्वच्छता अभियान, चन्द्रयान, वर्डकप 2023 यातायात नियम जिसमें रेलमार्ग, परिवहन मार्ग को दर्शाया गया तथा अपने-अपने क्रियात्मक कार्यों के बारे में बच्चों ने आने वाले अभिभावकों को जानकारी दी। शैक्षिक प्रदर्शनी के अन्तर्गत छोटे-बड़े जिसमें विज्ञान, कला, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों के परियोजना कार्य भी सम्मिलित थे।

अम्बिका प्रसाद स्कूल में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल, खाने-पीने के स्टॉल तथा विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गयी। मेले में खेल जैसी प्रतियोगिताएं भी कराई गयी जिसमें जीतने वाले बच्चो व अभिभावकों ने ईनाम भी प्राप्त किया। प्रर्दशनी के माध्यम से मोबाईल सोशल मीडिया का नशा, नमामि गंगे स्वच्छता तथा स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक भी किया गया। आयोजित प्रर्दशनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये परियोजना कार्यों की प्रबन्धक अजय त्रिवेदी व प्रधानाचार्या डेफ्नी लेम्यूर द्वारा सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक संतोष त्रिवेदी, दिनेश त्रिवेदी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# भारतीय राजनीति में एक नया प्रयोग

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत प्राप्त कर ली है। यह अपने आप में अब कोई बडी खबर नहीं है। लेकिन बड़ी खबर तब बनी जब पार्टी ने इन तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए गए। कहा जा रहा है कि जब राजनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही तक मुख्यमंत्री पद की सशक्त दावेदार वसुंधरा राजे के हाथ में एक पर्ची देते हुए कहा कि इसे पढ़ कर सुना दो ताकि पर्ची वाले को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया जाए। पर्ची पढ़ते समय शायद वसुंधरा राजे को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भजन लाल शर्मा को पार्टी मुख्यमंत्री बना रही है। उनके चेहरे की रंगत से ऐसा ही आभास होता था। मुख्यमंत्री बने ये तीनों शख्स मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल भी नहीं थे। इस काम के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वे पीछे की सफों में बैठे दिखाई दे रहे थे। राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री का जिम्मा दिया गया। यह ठीक है कि दीया कुमारी का नाम मीडिया में मुख्यमंत्री के तौर पर चर्चा में रहा था, जिसका एक कारण उनका राज परिवार से ताल्लुक रखना भी था। लेकिन उसे उपमुख्यमंत्री होने का संतोष करना पड़ा। अलबत्ता प्रेम चंद किसी रेस में दूर दूर तक नहीं थे। राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देबड़ा मध्य प्रदेश में उप मुख्यमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री चुने गए। ये सब लोग कौन हैं और इससे भारत की राजनीति में परिवर्तन की दिशा कैसे दिखाई दे रही है? पिछले पचहत्तर साल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर ही देश की राजनीति का अंक पैट्रन विकसित हो गया था। राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री तो बने, लेकिन पूरी कांग्रेस इस अप्रत्याशित घटना से भौंचक्की थी। संकट काल में मनमोहन सिंह को गद्दी पर बिठा कर कामचलाऊ व्यवस्था जरूर कर ली गई थी, लेकिन पूरी पार्टी इस बीच असहज ही रही। राहुल गांधी ने दो कैबिनेट द्वारा पारित एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ कर मनमोहन सिंह की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस में सहज स्थिति तब आई जब राजीव गांधी के दोनों बच्चे बड़े हो गए। तब स्वाभाविक ही उन्होंने गियर सम्भाल लिया। कहा जाता है, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यह सुझाव भी दिया गया था कि राहुल गांधी को मंत्रिपरिषद में लेकर शासन का कुछ अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिए। लेकिन इसे भी राज परिवार में तौहीन की तरह ही देखा गया। वह भविष्य के प्रधानमंत्री हैं, किसी के अधीन मंत्री कैसे बन सकते हैं? भारतीय राजनीति की यह फेहरिस्त केवल नेहरु-गांधी राज परिवार तक ही सीमित नहीं है।

# बड़ी खुदरा क्रांति के इंतजार में भारत

**उदार नीतियों और समय-समय पर नीतिगत सुधार से सहायता प्राप्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विकास दो आधारों पर खड़ा है- घरेलू बाजार और निर्यात जो मुख्य रूप से, यूरोप, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व और सुदूर-पूर्वी देशों में होता है। कृषि और प्रसंस्कृत उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के अनुसार, भारत का प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात प्रभावशाली 59,580.72 करोड़ रुपये (7.409 अरब डॉलर) तक पहुंच गया है। प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात में, प्रमुख योगदान में प्रसंस्कृत सब्जियां, तैयार और संरक्षित ककड़ी और खीरा, प्रसंस्कृत फल, जूस और नट्स, गुड़ और कन्फेक्शनरी आइटम, अनाज से बने उत्पाद, ग्वारगम, मादक पेय और तैयार पशु चारा शामिल हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में कहता है 2020-21 तक पूर्व के पांच वर्षों के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र लगभग 4.87 की तुलना में 8.38 प्रतिशत की वार्षिक औसत दर से बढ़ रहा था।**



सरकारी संरक्षण के साथ, बाजरा का उत्पादन विशेष रूप से काफी बढ़ गया है, प्रमुख आहार के रूप में उसकी स्वीकार्यता भी बढ़ रही है। उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षमता के निर्माण के महत्व को मुख्य रूप से निम्नलिखित कारणों से रेखांकित किया गया है पहला, चूंकि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में बढ़ती मांग देखी जा रही है, इससे फसल विविधीकरण शुरू हो जाता है और परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होती है। दूसरा, फसल कटाई के बाद भोजन की बर्बादी, विशेष रूप से फलों और सब्जियों जैसी मौसमी और खराब होने वाली वस्तुओं की बर्बादी, एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है और किसानों के लिए आय को नष्ट करने वाली भी है। इसलिए, किसानों को प्रसंस्करण और विपणन संगठनों के साथ निर्बाध रूप से जोड़ने वाली टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाना आवश्यक है। उदार नीतियों और समय-समय पर नीतिगत सुधार से सहायता प्राप्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विकास दो आधारों पर खड़ा है- घरेलू बाजार और निर्यात जो मुख्य रूप से, यूरोप, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व और सुदूर-पूर्वी देशों में होता है।

**कुणाल बोस**

भारत अपने फलों और सब्जियों के उत्पादन की एक बड़ी मात्रा को नष्ट होने से बचाने के लिए सदैव संघर्षरत रहा है। उत्पादन केंद्रों से लेकर अंतिम उपभोक्ताओं तक बर्बादी को नियंत्रित करते हुए, लॉजिस्टिक्स को बेहतर ढंग से संभालने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अब, घाटे को और कम करने के प्रयास में, केंद्र ने ई-कॉमर्स प्रमुख अमेजॅन द्वारा विकसित एक प्रौद्योगिकी उपकरण को शामिल किया है, जो वाई-फाई-सक्षम आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) कैमरों की सहायता से ताजा उपज में अंतर्निहित दोषों की पहचान करता है।

भारत फलों और सब्जियों का एक बड़ा उत्पादक है, जहा उत्पादन दूर होने के कारण काफी बर्बादी होती है। इसलिए नुकसान को न्यूनतम करने के लिए एक मजबूत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की आवश्यकता है। उत्पादन बढ़ाने और कृषि में विविधता लाने के अपने मिशन में, साथ ही उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए, केंद्र देश भर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का तेजी से विस्तार करके कृषि उपज में मूल्य जोड़ रहा है। शुक्र है कि फलों, सब्जियों और डेयरी उत्पादों से समृद्ध सभी राज्य केंद्र के साथ एक ही पक्ष में हैं। मिशन से जुड़े अन्य उपायों में बाजरा की खेती को लोकप्रिय बनाना और उन्हें वैश्विक खाद्य सुरक्षा का हिस्सा बनाना शामिल है। इन कदमों से सिद्ध स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिली है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत में अनाज का उत्पादन- जैसे चावल, गेहूं और दालों के साथ-साथ बागवानी और डेयरी उत्पादों, पोल्ट्री वस्तुओं और मछली और मांस का उत्पादन भी बढ़ा है, जिससे भारत इनमें से कई वस्तुओं का सबसे बड़ा या दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है।

सरकारी संरक्षण के साथ, बाजरा का उत्पादन विशेष रूप से काफी बढ़ गया है, प्रमुख आहार के रूप में उसकी स्वीकार्यता भी बढ़ रही है। उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षमता के निर्माण के महत्व को मुख्य रूप से निम्नलिखित कारणों से रेखांकित किया गया है पहला, चूंकि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में बढ़ती मांग देखी जा रही है, इससे फसल विविधीकरण शुरू हो जाता है और परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होती है। दूसरा, फसल कटाई के बाद भोजन की बर्बादी, विशेष रूप से फलों और सब्जियों जैसी मौसमी और खराब होने वाली वस्तुओं की बर्बादी, एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है और किसानों के लिए आय को नष्ट करने वाली भी है। इसलिए, किसानों को प्रसंस्करण और विपणन संगठनों के साथ निर्बाध रूप से जोड़ने वाली टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाना आवश्यक है। तीसरा, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से स्थानीय खुदरा दुकानों और निर्यातों तक फार्म गेटों से मजबूत बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का निर्माण करके, इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपने विभिन्न कौशल सेटों के साथ बड़ी रोजगार सृजन क्षमता है। वास्तव में, यह क्षेत्र नौकरियों की तलाश में ग्रामीण फसल उत्पादक केंद्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास को हतोत्साहित करने में मदद करता है। चौथा, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ कृषि के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देते हैं, जिससे किसानों को दलालों द्वारा मूल्य हेरफेर और शोषण से मुक्ति मिलती है। इन सबके साथ, न केवल प्रसंस्करण कारखानों में कोल्ड चेन के माध्यम से कृषि उपज की ताजगी को संरक्षित किया जाता है, बल्कि खाद्य उत्पादों में मूल्यवर्धित होने से शेल्फ-जीवन भी बढ़ जाता है और भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होता है। कुल मिलाकर, यह सभी आय वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है।

उदार नीतियों और समय-समय पर नीतिगत सुधार से सहायता प्राप्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विकास दो आधारों पर खड़ा है- घरेलू बाजार और निर्यात जो मुख्य रूप से, यूरोप, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व और सुदूर-पूर्वी देशों में होता है। कृषि और प्रसंस्कृत उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के अनुसार, भारत का प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात प्रभावशाली 59,580.72 करोड़ रुपये (7.409 अरब डॉलर) तक पहुंच गया है। प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात में, प्रमुख योगदान में प्रसंस्कृत सब्जियां, तैयार और संरक्षित ककड़ी और खीरा, प्रसंस्कृत फल, जूस और नट्स, गुड़ और कन्फेक्शनरी आइटम, अनाज से बने उत्पाद, ग्वारगम, मादक पेय और तैयार पशु चारा शामिल हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में कहता हैरूश2020-21तक पूर्व के पांच वर्षों के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र लगभग 4.87 की तुलना में 8.38 प्रतिशत की वार्षिक औसत दर से बढ़ रहा था।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद, रोजगार और निवेश में अपने योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण खंड बनकर उभरा है। 2020-21 में सामयिक मूल्य आधार पर विनिर्माण और कृषि क्षेत्र का जीवीए 10.54 प्रतिशत और 11.57 प्रतिशत था। एपीडा का कहना है कि भारत में एक बड़ी खुदरा क्रांति का इंतजार है और यह स्थानीय बाजार में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए बड़ी संभावनाएं रखता है। इसका मानना है कि खाद्य और किराना खुदरा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है, भारत में भी संक्रमण के दौर से गुजर रहा है।

## विचार

# नारी शक्ति को अब महत्व देने का अनुकूल समय

**राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है।**

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता है यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैस नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि श्मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा।

मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है।

राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है।

समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं । अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है।

इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था। विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है।

पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा, सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

# भारतीयों का 'डंकी रूट'

अवैध तरीकों से अमेरिका, कनाडा या अन्य देशों में जाना कोई नया नहीं है लेकिन हैरानी की बात यह है कि जान जोखिम में डालकर भी लोग ऐसा करने में लगे हुए हैं। फ्रांस में हाल ही में रोके गए एक विमान में सवार 276 भारतीयों की किस्मत अच्छी रही कि फ्रांस सरकार ने उन्हें भारत भेज दिया। यूएई से निकारागुआ तक की उड़ान भरने वाले प्राइवेट कम्पनी के विमान को मानव तस्करी के संदेह में पैरिस में रोका गया था। पुलिस ने विमान में सवार दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया और बाकी भारतीयों को वापिस भेज दिया।

फ्रांस पुलिस का कहना है कि विमान में सवार यात्रियों को निकारागुआ ले जाया जा रहा था। वहां से उनकी योजना कनाडा या अमेरिका में घुसने की थी। विमान में सवार 20 से अधिक यात्रियों ने फ्रांस में शरण भी मांगी है। गैर कानूनी तरीके से विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या लगातार बढ़ रही है और जिस रूट से वह अमेरिका, कनाडा में घुसने की योजना बनाते हैं, उस रूट को डंकी रूट कहा जाता है। हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म डंकी में पंजाब के एक गांव के चार लोगों को बिना टिकट और बिना वीजा के विदेश जाने की कहानी दिखाई गई है। इसी वर्ष अप्रैल में अमेरिका, कनाडा के बार्डर पर आठ लोगों के शव मिले थे। इनमें से चार लोग गुजरात के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य थे। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल था। यह सभी लोग कनाडा से अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने की कोशिश कर रहे थे। 1996 में हुए माल्टा नौका हादसे को आज भी भुलाया नहीं गया है। ब्रिटेन में पढ़ते समय मुझे एक मित्र ने माल्टा नौका त्रासदी के बारे में बताया था जिसमें 290 यात्रियों की मौत हो गई थी और मरने वालों में मेरे मित्र के रिश्तेदार भी शामिल थे।

इस हादसे में मरने वालों में ज्यादातर पंजाब के होशियारपुर और जालंधर तथा आसपास के शहरों में रहने वाले लोग थे। जिज्ञासु होकर मैंने इस घटना के बारे में इंटरनेट पर रिसर्च की तो पता चला कि मुख्य रूप से भारतीय, पाकिस्तान, श्रीलंकाई और बंगलादेशी बेहतर जीवन की उम्मीद में यूरोप के लिए रवाना हुए और वह अवैध रूप से इटली में घुसने की कोशिश कर रह थे। कुल 565 लोग एक नौका में सवार हुए थे जो अवैध रूप से इटली में प्रवेश करना चाहते थे। दुर्भाग्य से नौका भूमध्य सागर में माल्टा के पास डूब गई। डंकी रूट का इस्तेमाल करने में कई सारे जोखिम शामिल हैं। अवैध तरीके से किसी देश में घुसने और पकड़े जाने के बाद जेल जाने से लेकर निर्वासन (डिपोर्ट) का खतरा शामिल है। फिर जान जाने का भी खतरा होता है, क्योंकि इस रूट में जंगलों, नदियों और समुद्रों से होकर गुजरना पड़ता है। इस मार्ग में कई देशों के सुरक्षा अधिकारियों से बचना और बिना भोजन के कई दिन गुजारना भी शामिल होता है। न तो साफपानी पीने को मिलता है और न सांस लेने के लिए खुली हवा ही मिलती है। जंगली जानवर, आपराधिक गिरोह, डकैती और यहां तक कि बलात्कारियों से भी सामना होने का खतरा रहता है। डंकी रूट का इस्तेमाल कराने वाले एजेंट्स भी किसी खतरे के समय मदद के लिए नहीं मिलते। उसके बावजूद लोग इन एजेंटों को मुंह मांगे पैसे देने के लिए अपनी जमीनें और संपत्ति बेच देते हैं।

भारत से सबसे लोकप्रिय डंकी रूट का पहला पड़ाव किसी लैटिन अमेरिकी देश तक पहुंचना है। इक्काडोर, बोलीविया और गुयाना जैसे देशों में भारतीय नागरिकों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा उपलब्ध है। ब्राजील और वेनेजुएला सहित कुछ अन्य देश भी आसानी से वीजा प्रदान कर देते हैं। ग्वाटेमाला इस रूट पर एक बड़ा केंद्र है। मेक्सिको में प्रवेश करने और अमेरिकी सीमा की ओर यात्रा जारी रखने के लिए प्रवासियों को यहां नए तस्करों को सौंप दिया जाता है।

अब यहां से लुका-छिपी का खेल शुरू होता है, क्योंकि प्रवासियों को मैक्सिको से गुजरते समय कड़ी सुरक्षा से बचकर निकलना पड़ता है। एक बार मेक्सिको में प्रवेश करने के बाद प्रवासियों को अमेरिकी सीमा तक पहुंचने के लिए खतरनाक इलाके और कठोर परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। यदि वे सफल होते हैं तो वे अमेरिका में शरण या अन्य प्रकार की कानूनी स्थिति के लिए आवेदन कर सकते हैं।



# राशिफल

**मेष :** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ :** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन :** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**कर्क :** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें।

**सिंह :** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या :** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला :** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनु :** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर :** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन :** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया कुश्ती संघ के विवाद ने

**भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे। चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं। सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे। कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे।**

**अशोक मधुप**

पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दिख नहीं रहा किंतु इसकी भरपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा। खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिए राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।



भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे। चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं। सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे। कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे। संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

वहीं बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटा दिया था। हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का ऐलान किया था। दरअसल इस चुनाव को रद्द करने का कारण सरकार का सांसद बृजभूषण शरण सिंह को झटका देना था। इनके बेटे और नजदीकियों ने अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा के बाद क्षेत्र में बड़े हार्डिंग लगवाए थे कि दबदबा तो है, दबदबा रहेगा...ये भगवान की देन है। ये वहीं पोस्टर हैं जिनका प्रदर्शन सांसद के विधायक बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह ने भी खुलेआम किया था। चुनाव के रद्द होने के बाद गाड़ियों से भी दबदबा वाले स्टीकर और चौराहों पर लगे हार्डिंग भी हटा दिए गए। चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे। इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तय करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई। न उन्हें ट्रायल की तारीख तय होने की जानकारी है। जबकि एसोससिएशन के संविधान के अनुसार ये होना चाहिए था।

एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सचिव प्रेम चंद लोचब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए भारतीय ओलंपिक संघ को पत्र लिख कर बताया था कि सचिव की जानकारी के बिना ये निर्णय लिए गए हैं जबकि कुश्ती संघ का संविधान कहता है कि सचिव की अनुपस्थिति में न तो निर्णय लिए जा सकते हैं और न ही कोई और अधिकारी इन निर्णयों की जानकारी प्रसारित कर सकता है। छह माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था।

नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को लेकर क्या करना है, इसका फैसला नए चुए गए पदाधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई और भी काम हैं। उन्होंने कहा कि वो इस खेल की राजनीति से दूर रहेंगे। ये घोषणा उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नडडा से मिलने के बाद की। लगता है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें समझा दिया कि टिकट बचाना है तो कुश्ती से दूर रहें। हालाकि उन्होंने कह दिया कि कुश्ती से उनका कोई लेना-देना नहीं है जबकि सच्चाई यह है पद से हटने के छह माह बाद भी कुश्ती संघ का कार्यालय उनके घर पर चल रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# चरखारी व खरेला में निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।



अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण देने के लिए अक्षत कलश अयोध्या से चलकर महोबा होते हुए चरखारी पहुंचे, चरखारी एवं खरेला में अक्षत कलश को पूजन के उपरान्त पालकी में रखकर नगर भ्रमण कराते हुए श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करते हुए अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, चरखारी में अक्षत कलश यात्रा पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान के नजदीक स्थित संतोषी माता मंदिर से रामधुन के साथ प्रारंभ होकर बस स्टैंड, ड्योढ़ी दरवाजा, झंडा चौराहा, बी पार्क होते हुए रायनपुर स्थित मंदिर श्री गुमान बिहारी में संपन्न हुई जहां पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, यात्रा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जिला संघ चालक डॉ ओम शंकर श्रीवास्तव, नगर प्रचारक सुनील, नगर संघ चालक हम्मीर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजकुमार, अजय कुशवाहा, नगर कार्यवाह जयप्रकाश सक्सेना के साथ साथ कार्यक्रम के संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ के कुलदीप भटनागर, सह संयोजक इंजीनियर अमित कुमार पटेरिया, साकेत द्विवेदी, महंत रमेश गिरी, महंत जुगुल भारती, भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, नीरज गुप्ता, युवराज सिंह सैंगर, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, गुन्नी घोष, सभासद राम द्विवेदी, सभासद पीयूष खरे, नगर के अन्य सभासदों के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पवन कुशवाहा, रोहित शुक्ला, भीकेंद्र अनुरागी, हिमांशु तोमर, दीपक साहू एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ माताएं बहनों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, अक्षत कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा की गई, अक्षत कलश यात्रा चरखारी के बाद खरेला कस्बे के लिए लिए रवाना हुई जहाँ पर खरेला नगर के लोगों ने पूछा मे आकर अक्षत कलश यात्रा का स्वागत किया तथा महामुनि श्री श्रंगी ऋषि की तपो भुमि से अक्षत कलश यात्रा प्रारम्भ खरेला के बाजार में निकाली गई, स्थानीय लोगों ने अक्षत कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई।

## अयोध्या में कार्यक्रमों की प्रस्तुति करेंगे कलाकार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति विभाग लखनऊ के द्वारा अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में महोबा के लखनलाल यादव ग्रुप के 15 कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह कलाकार अयोध्या में पीएम के आगमन पर दिवारी पाई डंडा, लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे और कलाकारों में इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अयोध्या में 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अंतरराष्?ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ हर जिले की लोक संस्कृति का दर्शन होगा। जिसमें महोबा से दिवारी पाई डंडा लोक नृत्य की भी झलक देखने को मिलेगी। महोबा के कलाकार लखनलाल यादव, विपिन यादव, धर्मेन्द्र, रामजी, अभिषेक, हेमन्त, निखिल, शिवम, मकरन, जगत, धीरेन्द्र, राहुल, शंकर लाल, प्रेमचंद जाहर सिंह आदि को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। कलाकारों में इसे लेकर उत्साह नजर आ रहा है।

# एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

▸ साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर पुलिस लाइन में निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के आधार पर निर्माण कराये जाने के लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं, भोजनालय, बैरक, सीपीसी कैन्टीन व शौचालय की साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया, साफ-सफाई की स्थिति पर संबंधित को उच्चकोटि की सफाई बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक अर्दली रुम किया गया जिसमें सभी गार्द कमांडरों के साथ पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं/ गार्दों के रजिस्टरों/ अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही किये जाने वाले सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम कर उनको सख्त हिदायत दी गयी तथा ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान दीपक दुबे क्षेत्राधिकारी सदर, शिवकुमार प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, तारा सिंह पटेल पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शाखा प्रबंधक ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** एक कंपनी के सीआरओ ने कंपनी से जुड़ी समूह की महिलाओं से पैसा तो ले लिए लेकिन 146658 की धनराशि की धनराशि अब तक जमा नहीं की गई। इसके बाद शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने सीआरओ के खिलाफ धारा 420 व 406 के तहत मामला दर्ज किया है। महोबा मुख्यालय के आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लि. शाखा भटीपुरा के प्रबंधक रोहित शुक्ला निवासी ग्राम बारीपुर कलूमल, लालगंज मिर्जापुर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शाखा में सोहनलाल निवासी नई दुनिया कसहाई थाना कर्वी चित्रकूट सीआरओ के पद पर तैनात था। इसने अपने कार्यकाल में समूह की महिला सदस्यों से ऋण की किश्त वसूल कर कंपनी में जमा नहीं की। इसकी भनक लगने पर जांच की गई और पता चला कि उसने 151508 रुपए जमा नहीं किए। जब इनसे पूछताछ की गई तो 56658 रुपए कैश के माध्यम से एक अगस्त 2023 को जमा कराया गया। इसके बाद 14 अगस्त को सोहनलाल बिना किसी को सूचना दिए शाखा से कहीं चला गया। जब फोन पर बात हुई तो वह 19 अगस्त को ब्रांच आए और 90 हजार रुपए जमा करने का वादा करके चले गए। इसके बाद उसने 90 हजार का भुगतान कर दिया और जांच करने से मना किया। लेकिन सभी समूहों की जांच करने पर पाया गया कि 225940 का भी कलेक्शन कर यह धनराशि कंपनी में जमा नहीं कराई गई। संपूर्ण गबन की राशि 377448 रुपए निकली। इनके द्वारा अब तक 146658 रुपए जमा नहीं किया गया। लगातार संपर्क करने के बाद भी पैसा नहीं दे रहे है। शाखा प्रबंधक की सूचना पर महोबा शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सीआरओ सोहनलाल के खिलाफ धारा 420 व 406 के तहत मामला दर्ज किया है।

### भारत विकास परिषद् ने जरूरतमंदों को पिलायी चाय

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा इटावा के तत्वावधान में आज चौथे दिन भी गरीबों और असहाय लोगों की सेवा में एल. आई. सी. कार्यालय के सामने स्टाल लगाकर निःशुल्क चाय वितरित की गई। यह चाय वितरण का कार्यक्रम परिषद् के सेवा कार्य के अन्तर्गत 26 दिसम्बर से 14 जनवरी तक प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे तक संचालित रहेगा। प्रशान्त यादव सहित पांच प्रतियोगी छात्रों ने परिषद् के अनुरोध पर स्टाल पर चाय पी और परिषद् के बारे में जानकारी प्राप्त की। परिषद् के सदस्यों के साथ यादगार के लिए चित्र खिंचवाये। चाय वितरण कार्यक्रम में संजय मिश्रा प्रान्तीय महा सचिव पांचाल प्रान्त, इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, आशा राम मिश्रा, ओम नारायण शुक्ला, लालजी प्रसाद दुबे, राजीव लोचन दीक्षित, के. के. त्रिपाठी ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। शाखा अध्यक्ष इन्द्र नारायण पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में परिषद् के सदस्य गण और समाज सेवी आगे बढ़कर तन- मन-धन से सहयोग प्रदान करें।

### झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराना पड़ा भारी



▸ गलत इंजेक्शन से हाथ में सड़न

मुस्कुरा, समृद्धि न्यूज। थाना इलाके के बिहुनी खुर्द गांव निवासी दीपेन्द्र ने बताया कि बीते दस दिन पहले अचानक मेरा पेट दर्द होने लगा और इलाज के लिए गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर रामसनेही शुक्ला से इलाज कराया जहा डॉक्टर ने युवक दीपेंद्र के दाहिने हाथ में गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे युवक के हाथ में सड़न पैदा होने लगी। जहा युवक के परिजनों ने झोला छाप डॉक्टर पर गलत इलाज करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद से ही हाथ में गलन शुरू हो गई। और धीरे धीरे हाथ गलने लगा जिसे उपचार के लिए झांसी के गलोबल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जबकि इससे पहले झोला छाप डॉक्टर ने पूरा इलाज कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अब इलाज कराने से साफ साफ मना कर रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने मुस्करा थाने में तहरीर देकर झोला छाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक में लगाई झाड़ू



**राठ, समृद्धि न्यूज।** विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड कार्यालय में बीडीओ सहित अन्य कर्मचारी झाड़ू लगाई। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता से होने वाले फायदे भी बताये। खण्ड विकास अधिकारी राठ दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि दैनिक सफाई के अंतर्गत अपने घर के झाड़ू पोछा से लेकर नालियों की सफाई करने से संक्रमण,मौसमी बीमारियां इत्यादि नहीं होती है। इस दौरान एडीओ अरविंद कुमार सक्सेना, जेई पंचायत सुभाष चंद्र मौर्य, नजीर मुहम्मद, हरदीपक राजपूत,प्रेम नारायण सफाई कर्मी प्रकाश, मुन्नालाल आदि ने ब्लाक परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की।

# नौकरी दिलाने पर युवती से की ठगी

▸ पीड़ित युवती ने पिता पुत्र के खिलाफ लिखवाया मुकदमा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

एक युवती व उसके पिता से नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी पिता पुत्र ने तीन लाख 90 हजार की रकम ठग ली। नौकरी भी नहीं लगी और रुपये भी वापस नहीं लौटाये गये। इसके बाद युवती ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 406 के तहत मामला दर्ज किया है। जिले के ग्राम अजनर निवासी अंजना सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि अप्रैल 2022 में कमलापत अहिरवार व उसके पुत्र जितेंद्र निवासीगण मुहल्ला किशोरगंज कुलपहाड़ ने उससे व पिता इंद्रपाल सिंह से नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर 3,90,000 रुपए ले लिए थे। इन लोगों ने 20 अप्रैल 2022 को अपनी पुत्री रेखा की शादी में यह रुपए खर्च कर दिए। दोनों एक साल तक बहानेबाजी करते रहे कि पूरा पैसा लौटा देंगे। उसकी मां ने गहने गिरवी रखकर एक लाख रुपए साहूकारों से लिए थे। जिसका 57 हजार रुपया ब्याज हो गया। उसके पिता ने 6 दिसंबर 2023 को थाना कुलपहाड़ में इसकी शिकायत की। इसके बाद 12 दिसंबर को पिता पुत्र ने थाना अजनर में ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों के समक्ष कहा कि वे रुपए किश्तों में दे देंगे। लेकिन अभी तक इनके द्वारा रुपए नहीं दिए गए और लगातार ये लोग बहानेबाजी कर रहे है। पीड़िता युवती ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र व उसके पिता कमलापत अहिरवार के खिलाफ धारा 406 के तहत मामला दर्ज किया है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया अभियान

▸ आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। लोगों को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।

## अखिल भारतीय गौरक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** जिले में ज्यादातर गौशालाएं बुरी तरह बदहाल पड़ी है। जिले की चरखारी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत के लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायत की गौशालाओं की दुर्दशा एवं गोवंशों की हो रही मौतों के संबंध में अखिल भारतीय गौरक्षा परिषद के पदाधिकारियों ने एसडीएम डा. प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा एवं कार्यवाई की मांग की। गौरतलब है कि अखिल भारतीय गौरक्षा परिषद की जिलाध्यक्ष प्रियंका सक्सेना ने बताया कि चरखारी विकास खण्ड के ग्राम जतौरा, कीरतपुरा, पाठा, रिहुनियाँ एवं कुरौरा डांग में अन्ना पशुओं के सरंक्षण के लिए जो गौशालायें संचालित हैं उनमें मूंगफली एवं मटर का भूसा दिया जाता है। ठंड से वचाव के कोई उपाय नहीं हैं जिससे लगातार गोवंशों की मौतें हो रही हैं। उपजिलाधिकारी ने कहा है मामले की जांच कर कार्यवाई की जायेगी। यही हाल जिले की अन्य गौशालाओं का भी बना हुआ है।

# छेड़छाड़ मामले में छात्राओं ने गोल चबूतरे में शुरू किया अनशन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



राठ थानाक्षेत्र की नाबालिग छात्राओं ने दो युवकों पर छेड़खानी का आरोप लगा स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे आहत छात्राओं न्याय ने पुलिस पर आरोपियों से रिश्वत लेकर राजीनामा कराने का आरोप लगा शुक्रवार से कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे पर अनशन शुरू कर दिया है।

अनशन पर बैठी छात्राओं ने बताया कि बीते चार दिसंबर को वह घर में बैठ कर पढ़ाई कर रहीं थी, तभी महोबा जनपद के छिकहरा गांव निवासी संदीप व सोनू उर्फ़ रामप्रकाश घर की छत से कमरे में घुस आए और उनके साथ छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्राओं ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

छात्राओं की शिकायत दर्ज होने के दो सप्ताह बाद पुलिस द्वारा राजीनामा न करने का दवाब डाला रही है। छात्राओं का आरोप है कि राजीनामा न करने पर पुलिस परिजनों को फर्जी छेड़खानी के मुकदमे में फंसाने का कुचक्र रच रही है। पीड़ित छात्राओं ने शुक्रवार से अनशन शुरू कर दिया है।

# पीआरडी जवान का शव रखकर स्वजन व साथियों ने लगाया जाम

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



ठंड लगने से हुई पीआरडी की मौत पर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन व पीआरडी जवानों ने शव को जजी तिराहे पर रखकर जाम लगा दिया और नारेबाजी करने लगे। पीआरडी जवानों ने ड्यूटी के दौरान खास इंतजाम न किए जाने तथा ब्लाक से दूर ड्यूटी लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

कुरारा ब्लाक के पतारा गांव निवासी पीआरडी राजेंद्र कुमार (42) पुत्र महिपाल की ड्यूटी बिंवार थाने में चल रही थी। ड्यूटी से लौटने के बाद वह सर्दी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

इस घटना से पीआरडी जवान आक्रोशित हो गए और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद हमीरपुर के जजी तिराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। पीआरडी जवान के चचेरे भाई सुरेशचंद्र ने कहा कि उसके भाई की मौत का मुआवजा दिया जाए। उसके चार छोटे छोटे बच्चे हैं। मां दिव्यांग हैं। ऐसे में कैसे बच्चों का पालन पोषण होगा। एक बेटे को नौकरी दी जाए। वहीं पीआरडी जवानों ने भी साथी की मौत पर मुआवजा देने के साथ साथ ब्लाक से दूर ड्यूटी लगाने का आरोप लगाते हुए ब्लाक स्तर पर ही ड्यूटी लगाने की मांग की। पीआरडी जवानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीओ, बीओ और अन्य अधिकारी के घरों में ड्यूटी के नाम पर उनसे झाड़ू, पोंछा, बर्तन धुलवाए जाते हैं।

कोतवाली व थानों में पीआरडी जवानों से चाय नाश्ता मंगवाया जाता है। जाम की सूचना पर पहुंचे कोतवाल अनूप सिंह ने स्वजन व पीआरडी जवानों को समझाया। जिसके बाद जाम खुला।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल




**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के सैना गांव निवासी प्रियंका पुत्री गिरजा बाइक से गिरकर घायल हो गई। युवती की हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली के अमगांव निवासी कुंवर पुत्र हरीदास बाइक से गिरकर घायल हो गया। हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने युवक को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इसी तरह से कोतवाली के धनौरी गांव निवासी पूनम पत्नी भूपेंद्र ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# ग्राम पुरवा जैतपुर में हुआ विशेष जन चौपाल का आयोजन

जैतपुर महोबा, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड जैतपुर के ग्राम पुरवा जैतपुर में विशेष जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिन किसानों के यहां देसी गाय एक दिन में 8 लीटर दूध देती है उन किसानों को दस हजार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जन चौपाल में पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद एवं रसद विभाग ने अपनी अपनी योजनाओं के कैंप लगाए। विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने विकास से संबंधित तमाम योजनाओं की जानकारी जन चौपाल में मौजूद ग्रामीणों को दी।

चौपाल में मनरेगा से अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सरमन यादव ग्राम पंचायत अधिकारी अर्चना गुप्ता तकनीकी सहायक अरविन्द अरजरिया व पशुपालन विभाग से मौजूद अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारियां जन चौपाल में लोगों को दी।

पशुपालन विभाग की तरफ से मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी रामसिंह राजपूत ने बताया कि जिन किसानों के यहां देसी गाय 1 दिन में 8 लीटर दूध देती हो उन किसानों को प्रोत्साहन के रूप में रु.10000 सरकार की तरफ से दिए जाएंगे इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिन किसानों के ग्रीन कार्ड बने हुए हैं यदि उनके पास दुधारू पशु जिसमें भैंस आदि पाले हुए हैं तो उन्हें भी प्रोत्साहन के रूप में उनके खातों पर 15 से 20000 प्रोत्साहन राशि सरकार के द्वारा प्रदान की जाएगी जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके और किसनों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

इसी क्रम में तकनीकी सहायक अरविन्द अरजरिया ने बताया कि जिन परिवारों के मुखिया का आकस्मिक देहांत हो गया है उन परिवारों के बच्चों को उनको रु. 2500 प्रतिमाह पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री बाल विकास योजना के तहत दिए जाएंगे।

इसके साथ ही मनरेगा से संबंधित जानकारी भी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई साथ ही आवास योजना, शौचालय, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी अर्चना गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को दी कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान छत्रपाल के द्वारा सभी आगंतुक अधिकारियों व जनसमुदाय का आभार प्रकट किया गया।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे राज्यसभा सांसद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम शौखर एवं दरियापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसम मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद उपस्थित रहे। दोनों ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही एलईडी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी का संबोधन भी दिखाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में पीएम आवास, आयुसमान कार्ड, किसान सम्मान निधि के प्रमाण पत्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिंह, सुदेस द्विवेदी, संतोष गुप्ता, अशोक तिवारी कुलदीप निषाद, रोहित शिवहरे, अरविंद श्रीवास्तव, कन्हैया शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, राजेश शिवहरे, सतीश द्विवेदी, मुकेश, मनोज पालीवाल, सुनील द्विवेदी, ग्राम प्रधान, सचिव एवं एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी, अध्यापक, नोडल एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में हुई जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक

इटावा, समृद्धि न्यूज।




मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में अनु. जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति फर्जी दस्तावेज देता है तो उस पर जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा चार सीट एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल रिपोर्ट ससमय भेजी जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने लिए सभी थानों पर होर्डिंग , पंपलेट तथा समाजसेवी व बैनर आदि से प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के कार्य को लेकर एसपी क्राइम से अपेक्षा की पुलिस विभाग द्वारा एफ.आई. आर. होने पर सतर्कता से जांच कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति के फर्जी प्रमाण पत्र की जांच बहुत ही गहराई से की जाए। उक्त अवसर पर एसपी क्राइम सुबोध गौतम, समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ,समिति के सभी सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनिक बंधु की बैठक का हुआ आयोजन

इटावा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर हिदाय उल्ला और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया के साथ पूर्व सैनिकों तथा बीरांगनाओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें कुछ पुराने विंदु जैसे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पानी की व्यवस्था न होना, बिजली सप्लाई ठीक से न आना, पर्सनल हथियारों का स्थानांतरण, प्लाटों पर अबैध कब्जा होना इत्यादि पर चर्चा हुई और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया ने एक सामूहिक सलाह डीएम को दी गईं कि शहर में ओटो रिक्शा चालक यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं मनमर्जी से ओटो रोक देते हैं जिससे पीछे चलने वाले लोग अक्सर एक्सीडेंट हो जाते हैं और 15व्र तो ऐसे रिक्शा चालक हैं जिनकी उम्र 18 साल से कम है बिना लाइसेंस के ही मनमाने ढंग से ओटो चलाते हैं उन सभी पर प्रशासनिक अंकुश लगना चाहिए। मीटिंग में केप्टन सुरेश सिंह साहब, केप्टन अनिल अवस्थी साहब, केप्टन शैलेन्द्र सिंह साहब, हरपाल सिंह,राकेश साहब, ब्रिजेन्द्र सिंह साहब, उपेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, नारायण सिंह, भगवान दास प्रशांत विश्राम सिंह, सोहन लाल तथा बहुत से पूर्व सैनिक और बीरांगनाओं ने हिस्सा लिया।

# कप्तान ने परेड की सलामी लेकर डायल 112 वाहनों का किया निरीक्षण

इटावा, समृद्धि न्यूज।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई साथ ही परेड, डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर पुलिस लाइन का मुआयना किया गया।

शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत एसएसपी द्वारा पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया गया, तत्पश्चात , यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों की गाड़ियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट, मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करते हुए संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन जीडी कार्यालय, डायल- 112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार,, डीसीआर कार्यालय, बैरक, आटा चक्की व तेल कोल्हू एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# रात में कोई सड़कों पर न दिखे ठिठुरते : डीएम

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



शासन द्वारा ठंड से बचाव के लिए दिए गए निर्देशो के क्रम में जनपद में ठंड से बचाव की तैयारियो का जायजा जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा सर्द रात में निकलकर लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका बलरामपुर में बस अड्डा पर बने अस्थाई रैन बसेरा, अंबेडकर चौराहा के समीप स्थाई रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में समुचित साफ सफाई, शौचालय की व्यवस्था,स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। बस अड्डे पर यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था परिवहन निगम सुनिश्चित करें। इसके लिए नोडल अधिकार बनाया जाए। रात्रि में रोडवेज पर आने वाले यात्री ठंड से न ठिठुरे एआरएम रोडवेज यह सुनिश्चित करेंगे। रैन बसेरों में लोग आए इसके लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जिला मेमोरियल चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मरीजों को मिल रहे स्वास्थ्य सुविधा,मरीजों एवं तामीरदारो का ठंड से बचाव की व्यवस्था,साफसफाई की व्यवस्था आदि का जायजा लिया।जिला मेमोरियल चिकित्सालय में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली। जिला महिला चिकिसालय के निरीक्षण के दौरान सीएमएस उपस्थित मिली। डीएम ने लेबर रूम,पैथोलॉजी कक्ष आदि का जायजा लिया। लेबर रूम में भीड़ को नियंत्रित किए जाने के लिए गार्ड लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने तामीरदारों के लिए समुचित आलाल की व्यवस्था किए जाने,साफसफाई की समुचित व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किया जाए।

इसके उपरांत डीएम ने रेलवे सटेशन पहुंचकर यात्रियों से संवाद किया और उनका हालचाल लिया तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा की कड़ाके की ठंड को देखते हुए सभी प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। कोई भी राहगीर ठंड में न ठिठुरे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की तहसीलों के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जाए। कोई भी जरूरतमंद सड़को पर ठिठुरता न दिखे। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## नलकूप की कोठी से चोर चुरा ले गए स्टार्टर

**जालौन,उरई।** खेत में लगे नलकूप का स्टार्टर समेत कोठी में रखा अन्य सामान अज्ञात चोरों ने उड़ाया। किसान ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी ललित मोहन चौबे ने पुलिस को बताया कि उनका खेत कोरीपुरा मौजा में स्थित है। उन्होंने खेत पर सिंचाई के लिए नलकूप लगवाया है। नलकूप का स्टार्टर और अन्य सामान रखने के लिए खेत में कोठी भी बनी है। गुरूवार की रात अज्ञात चोर कोठी में ताला तोड़कर घुस गए। चोरों ने नलकूप का स्टार्टर समेत केबल व अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह जब खेत पर काम करने के लिए अन्य किसान पहुंचे और उन्हें चोरी की जानकारी हुई। किसान की सूचना पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# शीत लहरी में गरीबों को वितरित किया गया कम्बल



**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

भीषण शीत लहरी को देखते हुए गरीबों को तहसील प्रशासन निशुल्क कम्बल का वितरण किया जा रहा है। इसकी जानकारी तहसीलदार उतरौला शैलेंद्र कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि तहसील में उपलब्ध सोलह सौ कम्बल में छ सौ कम्बलो का वितरण किया गया है। शेष कम्बल गरीबों को वितरित किया जा है। आपदा बाबू रमेश सिंह ने बताया कि सभी राजस्व निरीक्षक को क्षेत्र में कम्बल वितरण के लिए दे दिया गया है।

## बांध में ली गयी जमीन का किसानों को नही मिला मुआवजा

**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर।** विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम चन्दापुर व टेढवा चुचुहिया में लगभग छः माह पहले बनाए गए बांध की भूमि का मुआवजा बाढ़ विभाग ने किसानों को नहीं दिया। किसान मुआवजे की मांग को लेकर जिलाधिकारी से लेकर समाधान दिवस में तमाम शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी पीड़ित किसानों के मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाया। मजबूरन एक किसान ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली है। बलरामपुर से भडरिया तक बनाए गए बांध में हजारों किसानों की भूमि जाने के बाद विभाग ने मुआवजा नहीं दिया। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम चन्दापुर के सालिक राम ने बताया कि उसकी जमीन पर अधिकारियों ने उसे भूमि का मुआवजा न देकर जबरन उसकी भूमि पर बांध का निर्माण कर लिया।

# कैशियर से हुई लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री के कुशल नेतृत्व में दिनांक 22.12.2023 को शाम को श्रीबालाजी गैस एंजेसी सेखुईया उतरौला के कैशियर के साथ एक मोटर साइकिल पर सवार बदमाशों ने फायर करके उसका कैश का बैंग लूट कर भाग गये थे। जिसके संबंध में थाना उतरौला पर मुअसं 369/2023 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था। उक्त सनसनी खेज लूट की घटना घटित होते ही घटना स्थल का तत्काल निरीक्षण पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल किया गया था तथा उक्त घटना के खुलासे का सख्त निर्देश संजय कुमार दूबे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला को दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति के कुशल नेतृत्व में दिनांक 29.12.2023 को थाना कोतवाली उतरौला में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे व एसओजी टीम के द्वारा देवरिया मैनहा तिराहे वाहन चेकिंग की जा रही थी कि दो मोटर साइकिल सवार 1.सत्येन्द्र कुमार त्रिगुणायक उर्फ डब्बू पुत्र दिलीप कुमार निवासी ग्राम दारी चौरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 2.अमन शुक्ला पुत्र शंकरदत्त शुक्ला निवासी नरसिंह डीह थाना धानेपुर जनपद गोण्डा को देवरिया मैनहा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। दौरान पूछताछ अभियुक्त गण ने स्वीकार किया कि उक्त गैस एंजेसी पर पूर्व में चालक रहा बृजेश पाण्डेय जो उक्त गैस एंजेसी की समस्त गतिविधि को जानता था उसने अपने भाई सत्येन्द्र कुमार व अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर कैशियर से लूट का षड़यंत्र करके अपने साथियों के साथ लूट की घटना कारित किया है विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# दशकों पुरानी पाइप लाइन में लीकेज ने बढ़ाया जलापूर्ति का संकट

**जालौन उरई, समृद्धि न्यूज।**

> सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंप पर समाधान की मांग की

नगर में दशकों पुरानी पड़ी पाइप लाइन के जर्जर व लीकेज होने एवं नगर में कई स्थानों पर पाइप लाइन न होने से मोहल्ले के लोगों के परेशान हो रहे हैं। वार्ड के लोगों की परेशानियों को देखते हुए वार्ड सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका के सभासद दिलीप कुमार, शुभम अग्रवाल, इकरार, निधि यादव, हर्षित राय, जयकरण, विवेक, ललित वर्मा, शैलेंद्र आदि ने डीएम राजेश पांडेय को ज्ञापन सौंपकर बताया कि जालौन नगर में दशकों पूर्व पानी की पाइप लाइन डाली गई थी। जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है। पाइप लाइन के जर्जर होने से जगह जगह से पाइप लाइन लीकेज हो रही है। जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

इसके अलावा नगर के कई मोहल्लों में अभी तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिसके चलते मोहल्ले के लोग परेशान हो रहे हैं। सभासदों का आरोप है पाइप लाइन के संदर्भ में कई बार शिकायत की गई है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सभासदों ने नगर में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# गैंग लीडर सहित 8 पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश की सुकृति पर गैंग बनाकर मार-पीट कर लूट व डकैती का अपराध करने वाले 08 अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया गैंगस्टर की कार्रवाई हो जाने से अपराधों पर अंकुश लगाने में कारगर साबित होगा पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चिलुआताल थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष चिलुआताल द्वारा गैंग लीडर रामप्रवेश राजभर पुत्र रामकृपाल राजभर निवासी वार्ड नं0 18 बिछिया जंगल तुलसीराम थाना शाहपुर गैंग के अन्य सदस्यों अनिल पासवान पुत्र सुरेश पासवान निवासी खोराबार थाना खोराबार प्रवीण चौहान पुत्र स्व. लाल बहादुर चौहान निवासी मधुबन नगर वार्ड नं0 8 थाना नौतनवा जनपद महराजंगज जितेन्द्र पासवान पुत्र लालसाहब पासवान निवासी 339बी सिहांसन कूड़ाघाट थाना शाहपुर गोरखपुर रजनीश मिश्रा पुत्र नागेन्द्र नाथ मिश्रा निवासी मोहल्ला सिहांसनपुर थाना शाहपुर गोरखपुर संजय कुमार पुत्र राम अवध निवासी खजुरी थाना खजनी गोरखपुर चन्द्रशेखर राजभर पुत्र रामानन्द राजभर निवासी विछिया तुलसीराम खजुरिया वार्ड नं0 22 थाना शाहपुर गोरखपुर राहुल जायसवाल पुत्र सच्चिदानन्द जायसवाल निवासी जंगल कौड़िया थाना पीपीगंज गोरखपुर जो विधि विरुद्ध गैंग है, के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है । उक्त गैंग का लीडर रामप्रवेश राजभर उपरोक्त स्वंय व अपने गिरोह के अन्य 07 सदस्यों के साथ आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर मार-पीट कर लूट व डकैती का अपराध कारित करते रहते है।

गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्य का सामान्यतः जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं मार-पीट कर लूट व डकैती से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन प्राप्त थाना चिलुआताल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध अवस्था में युवक से छुरी बरामद

**जालौन (उरई)।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने छुरी समेत पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि ग्राम अमखेड़ा में गोशाला के पास एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से एक छुरी बरामद की है। नाम पता पूछने पर युवक ने अपना नाम संजय निवासी ग्राम अमखेड़ा बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जगनेवा पुल पर कार-बाइक में भिड़ंत दो युवक घायल

**जालौन, उरई।** जगनेवा पुल पर बाइक व कार की भिडंत में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हुए। घायल युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम अटरा कलां निवासी सोनू अपने भाई श्याम सिंह पुत्र अशर्फी लाल के साथ जालौन की ओर आ रहे थे। उधर, एक कार औरैया की ओर जा रही थी। जैसे ही वह अपनी बाइक से जगनेवा पुल पर पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी और कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसे के बाद बाइक चालक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने भाइयों को सीएचसी पहुंचाया। घायलों के पिता अशर्फीलाल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाही से कार चलाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उरई क्लब अब होगा साइबर क्राइम थाना



**उरई (जालौन)।** ब्रिटिश हुकूमत के दौरान नगर की एक प्राचीन एवं खूबसूरत इमारत रहा उरई क्लब अब जल्दी ही साइबर थाने में जनपद वासियों को नजर आएगा बीते कुछ अरसे पूर्व प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने की मंशा से उक्त थाने का शुभारंभ कराया जा रहा है उरई क्लब के भवन में संचालित होने वाले इस थाने की लगभग सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और जल्दी ही नए साल के शुभारंभ के दौरान यह आम जनता को समर्पित किया जा सकता है। बताते चलें कि बीते कुछ बरसों के दौरान साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी के साथ बड़ी थी जिसका परिणाम यह रहा की इस तरह के क्राइम का शिकार होने वालों की शिकायतों में भी खासा इजाफा हुआ जिसको देखते हुए शासन ने साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलों में साइबर थाने स्थापित कराए जाने की निर्देश दिए थे जिसके क्रम में जनपद में भी साइबर क्राइम थाने को स्थापित कराए जाने की शुरुआत की गई है यह थाना ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उरई क्लब की पहचान रखने वाली इमारत में स्थापित कराया जा रहा है जिसमें और मौजूदा समय में यह लगभग तैयार हो चुका है बताया जाता है कि जल्दी ही इस थाने का विधिवत शुभारंभ कर दिया जाएगा कुल मिलाकर साइबर क्राइम थाने के शुरू हो जाने से नगर के लोगों को साइबर क्राइम की घटनाओं से काफी कुछ राहत मिलेगी।

# नई टेक्नोलॉजी की मशीन बनाएं कुछ नया करना ही विज्ञान: डीएम

> जीआईसी में जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का शुभारंभ

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय इंटर कॉलेज में नव प्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया साथ ही छात्र-छात्राओं व किसानों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं व किसानों द्वारा यंत्र बनाए गए हैं वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नई-नई खोज कर अच्छे उपकरण नई टेक्नोलॉजी की मशीन बनाएं कुछ नया करना ही विज्ञान है। उन्होंने कहा कि अधिकांश नव प्रवर्तन भाव एवं विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए अथवा अपने काम को किसी समय सरल तरीके से करने के लिए कोई नवीनतम आविष्कार को जन्म देते हैं यह अन्वेषण ही नव प्रवर्तन कहलाता है। अधिकतर नव प्रवर्तक किसान, मैकेनिक, मजदूर या शिल्पकार होते हैं तकनीकी खोजने को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित ऐसे कार्यक्रम से निश्चित ही नव प्रवर्तकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा एवं इनमें नई तकनीक के प्रति रूझान बढ़ेगा। जनपद जालौन के असंगठित क्षेत्र के किसान, शिल्पकार, कारीगर मजदूर व मिस्त्री ऐसे जन सामान्य व्यक्ति जिन्होंने कोई प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त नहीं है उन्होंने नवाचार किया वैज्ञानिक पद्धति आधारित प्रयोग सरल उपकरण तैयार किये है जिनका पेटेंट भी उसी व्यक्ति के नाम से किया जा सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच रखते हुए बाहर का सोचे नए उत्पाद बनाएं एवं उदाहरण देते हुए कहा कि एक बच्ची खिड़की के बाहर झांकते हुए मां से प्रश्न पूछा बाहर क्या है जब बच्चा प्रश्न पूछता है क्या कैसे कौन तो दार्शनिक विचार ही वैज्ञानिक बनाता है। मानव विचार करता तर्क करता है, सोचने की क्षमता तक परीक्षण करते हैं, कोई मन सीधा स्वीकार न करना महात्मा गांधी का कहना है कि अंतिम व्यक्ति को देखा कि सोचिए बच्चों ने महिला सुरक्षा के करंट लगने वाले चप्पल बनाई, फिजिक्स समाप्त होता है।

# ओटीएस योजना को अपेक्षित सफलता न मिलना विभाग के लिए चिंतनीय

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

एकमुश्त समाधान योजना के प्रति विद्युत विभाग के बकायेदारो ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है। अभी तक महज 21 प्रतिशत बकायेदारों ने पंजीकरण कराया है जबकि योजना की समय सीमा समाप्त होने में 2 दिन शेष हैं। विदित हो कि विद्युत विभाग ने बकायेदारों को सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट और विजली चोरी के मामले में 75 प्रतिशत की छूट देने का ऐलान नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में किया था जिसमें 8 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक इस एकमुश्त समाधान योजना की समय सीमा निर्धारित की थी। विभाग ने अपने राजस्व की बकाया बसूली के लिए विभिन्न माध्यमो से प्रचार प्रसार के अलावा विभागीय कर्मचारियों से घर घर दस्तक भी दी थी और गांव गांव और मुहल्लों में शिविरों का भी आयोजन किया हैं। लेकिन विभाग को अपेक्षित सफलता नहीं मिली है।

उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव के अनुसार उपखण्ड क्षेत्र में लगभग 14 हजार बकायेदार चिन्हित किये गये थे जिसमे अब तक लगभग 3600 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया है जो बकायेदारों की संख्या का महज 21 प्रतिशत है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं को आगाह किया है कि अब इस योजना की समय सीमा के विस्तार की उम्मीद नही है इसलिये निर्धारित समय सीमा मे पंजीकरण करा ले अन्यथा की स्थित में 1 जनवरी से बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो जायेगी। वही बिजली चोरी के मामलों में भी भारी छूट के बाद भी लोगों ने इसका लाभ नहीं लिया है।

# आखिर कब मिलेगी निर्धनों को शौचालयों की प्रोत्साहन राशि

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

ग्राम पंचायत में सरकार के तमाम प्रयासों के बाद लोगों को शौचालय के लिए प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पायी है। शौचालय के लिए प्रोत्साहन राशि न मिल पाने के कारण निर्धन शौचालय का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने की मांग की है।

स्वच्छता अभियान के तहत खुले में शौच मुक्त कराने के लिए सरकार द्वारा लोगों को शौचालय बनाने प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे अभी कुछ ऐसे निर्धन लोग हैं जिन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। प्रोत्साहन राशि न मिलने के कारण ये लोग शौचालय का निर्माण नहीं करा पाये है। जून में सीडीओ ने चौपाल के दौरान ग्रामीणों को शौचालय के लिए प्रोत्साहन राशि दिलाने का आश्वासन दिया था तथा ग्रामीणों से शौचालयों का निर्माण कराने के निर्देश दिए थे। सीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को प्रोत्साहन राशि मिलने की उम्मीद जगी थी। ग्रामीण मानवेंद्र सिंह, नन्हे राजा, देवा, कमला देवी बताते हैं कि सीडीओ के जन चौपाल में निर्देश के बाद भी उन्हें शौचालय के लिए प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पायी है। प्रोत्साहन राशि के अभाव में वह शौचालय का निर्माण नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि वह आर्थिक रूप से इतने मजबूत नहीं है।

# सरकारी जमीन पर बने मकानों पर चलेगी जेसीबी: एसडीएम

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

> राजस्व टीम ने नॉपजोख में चबूतरे को बताया गलत



नगर के मोहल्ला अदल सरांय में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर विगत कई दिनों से मामला चर्चा का विषय बना हुआ था। वहीं उक्त शिकायत पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर स्थलीय जायजा लेते हुये जांच करने के निर्देश दिये।

जांच के दौरान ज्यादा अतिक्रमण को नहीं पाया गया लेकिन मकान के सामने जो चबूतरा बनाया गया वह अधिक पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मोहल्ले में ही एक मकान के निर्माण को लेकर कई लोग एक दूसरे के पक्ष में शिकायत कर रहे थे। उक्त शिकायत जब उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल के पास पहुंची तो उन्होंने तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, सीओ डा. देवेंद्र पचौरी, ईओ वेदप्रकाश यादव, लिपिक शिशुपाल सिंह उर्फ पप्पी, लेखपाल जितेंद्र कुमार, लेखपाल अनूप तिवारी आदि पुलिस बल के साथ मोहल्ले में पहुंचे उसी दौरान मौजूद बटाउलाल मंदिर के अध्यक्ष डा. बनारसी दास विश्नोई व उनके पुत्र ने मोहल्लेवासियों की मौजूदगी में अधिकारियों को अपने अभिलेख तथा नक्शा आदि अधिकारियों को दिखाये। इसके बाद राजस्व टीम ने तहसील से संबंधित नक्शा तथा अभिलेखों सहित मिलान किया तथा इतना भी नहीं नॉप भी करायी गयी। नॉप के दौरान जो बनारसी के द्वारा निजी जमीन बिक्री की गयी थी उसी के आधार पर मकान का बनना पाया गया। जबकि बढ़े हुये चबूतरे पाये गये।

इसके अलावा भी मोहल्ले में अन्य मकानों के अभिलेखों को भी बिंदुवार तरीके से खंगालते हुये जांच पड़ताल की गयी। उसी दौरान राजस्व टीम को नाप करने के निर्देश दिये। इसके बाद तीनों अधिकारियों ने मोहल्लेवासियों तथा नगर वासियों को चेतावनी दी कि किसी भी व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है तो वह स्वतः ही अपना कब्जा हटा ले नही तो जेसीबी मशीनों से अवैध अतिक्रमण को हटाया जायेगा। साथ जो सरकारी जमीन पर जो भी मकानों का निर्माण हुआ है उन्हें भी सख्ती से जमींजोद कराया जायेगा। ऐसे व्यक्ति चाहे जितने ताकतवर ही क्यों न हों।

**जायजा** — देर रात तक चल रही मैराथन बैठकों के जरिए की गई तैयारियों की समीक्षा

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटा पूरा ब्लॉक

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन कार्यक्रम को सफलतम बनाने के लिए अयोध्या विधानसभा के इकलौते पूरा ब्लॉक की ओर से पूरी ताकत झोंक दी गई है। आलम यह है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के आवास को कैंप कार्यालय बना दिया गया है जहां देर रात तक चल रही मैराथन बैठकों के जरिए तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष श्री सिंह के आवास पर ग्राम सभा प्रधानो,क्षेत्र पंचायत सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी को विश्व के मानचित्र में शीर्ष पर लाने का काम किया है। ऐसे व्यक्तित्व के अभिनंदन में पूरा ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम सभा के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए कार्यकर्ता सक्रिय हो जाएं और युद्ध स्तर पर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुट जाएं। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने बैठक में प्रधानमंत्री के अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियों खाका का पेश किया। श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की जनसभा तथा रोड शो कार्यक्रम में शहर व जिले के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है।इस सघन जनसंपर्क में पूरा ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम सभा और अयोध्या विधानसभा के प्रत्येक वार्डो के अलावा के अलावा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क कर लोगों से इस अभिनंदन कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता करने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपने बहुआयामी व्यक्तित्व से समूचे विश्व को प्रेम और सौहार्द का संदेश देकर वशीभूत करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का प्रभु श्री राम की नगरी में आगमन अयोध्या के लोगों के लिए एक अविस्मरणीय और ऐतिहासिक पल होगा। इस पल को यादगार बनाना हमारी हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। श्री सिंह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के अभिनंदन में पूरा ब्लॉक की देव तुल्य जनता की ऐतिहासिक भागीदारी होगी।पूरा ब्लॉक के पार्टी कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने वाली बसों के लंबे काफिले की करीब एक हजार से अधिक मोटरसाइकिल सवार नौजवानों की टोली अगुवाई करेंगी।

# एसडीएम ने रात्रि में गायर, छिरिया सलेमपुर गौशाला का किया निरीक्षण

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

सर्दी में किसी भी गोवंशीय पशु की मौत न हो। गोशालाओं में सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम हों। यह बात एसडीएम ने छिरिया सलेमपुर व गायर की गोशाला का निरीक्षण करते हुए प्रधान व सचिव को दिए।

एसडीएम सुशील कुमार ने छिरिया सलेमपुर व गायर स्थित अस्थाई गोशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें गोशाला में लगभग एक सैंकड़ा गोवंश मिले। गोवंशों को खाने के लिए गोशाला में भूसा व चारा का पर्याप्त इंतजाम मिला। इसके अलावा गोशाला में पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए प्लास्टिक के तिरपाल भी लगा मिला व अलाव की भी व्यवस्था मिली। पीने के पानी की व्यवस्था भी उचित मिली। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान प्रधान व सचिव को निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए गोवंशों को गुड़ व अजवाइन खिलाएं। सुबह व रात के समय गोशाला में सर्दी से बचाव के लिए अलाव की प्रतिदिन व्यवस्था की जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। गोशाला में आमदनी के लिए उन्होंने गोशाला में वर्मी कम्पोस्ट बनाए खाद बनाने की व्यवस्था किए जाने की भी बात कही। कहा कि गोशाला में ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

## मौरम का अवैध परिवहन करते चार वाहनों को पकड़ा

**कालपी (जालौन)।** खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफअभियान जारी है। गुरूवार देर शाम तहसीलदार ने बालू से भरे 4 ओवरलोड ट्रकों को पकडा है।

खनिज का अवैध परिवहन कोई नई बात नहीं है यह अर्से से संचालित है हालाकि प्रशासन कभी कभार कार्यवाही करता रहता है लेकिन इसका ज्यादा कोई असर इस कारोबार पर नही पडा है। इसी कडी में गुरूवार देरशाम क्षेत्रभ्रमण पर निकले तहसीलदार शेर बहादुर सिंह को जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर लोड ट्रक मिले थे जिन्हें तहसीलदार ने सीज कर गल्ला मंडी परिसर में खड़ा करा दिया है।

## सूचना

मेरी एम.ए. द्वितीय वर्ष की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नम्बर 3800808 है जो वास्तव में कहीं खो गयी है। ज्योति शाक्य पुत्री शिवदत्त शाक्य निवासी ग्राम कुबेरपुर पोस्ट व तहसील कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

# केन्द्र और प्रदेश की सरकार हर परिवार की खुशहाली के लिए कर रही कार्य

- जिले के भ्रमण पर आई प्रभारी मंत्री एवं उच्च शिक्षा विभाग राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मेंहदीघाट स्थिति रिवर कैचिंग कार्यक्रम में लिया भाग
- प्रभारी मन्त्री ने गंगा नदी में दो लाख मछलियों को किया प्रवाहित, केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का किया बखान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**उत्तर प्रदेश** के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र एवं प्रदेश में अनेकों लाभकारी योजनायें चल रही है। जब हम केन्द्र की योजनाओं के बारे में बात करते है तो हम चाहें बहनों के बारे मे बात करें या युवाओं के बारे में बात करें, चाहें किसानों के बारे में बात करें, हर घर के लिये योजना चलाई जा रही है। केन्द्र और प्रदेश की योजनाओं का किस तरह से पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन किया जाये, अगर किसी को सीखना है तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से सीखना होगा। उक्त उद्गार शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर आई प्रभारी मंत्री एवं उच्च शिक्षा विभाग राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत मेंहदीघाट स्थिति रिवर कैचिंग कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। प्रभारी मन्त्री ने रजनी तिवारी ने कहा कि आज यह बहुत अच्छा कार्यक्रम एक अच्छी सोच के साथ में, अच्छी नियत के साथ में किया जा रहा है। कहा कि गंगा में 2 लाख मछलियों को प्रवाहित किया जायेगा। उसके पीछे हमारी गंगा मां, हमारी सभी नदियां स्वच्छ रहे, किसानों को इसका लाभ मिले, मछुआरों का इसका लाभ मिले। हर वर्ग को योजना के तहत कैसे लाभ दिया जाये, किस तरह से हर परिवार खुशहाल हो इसके लिये केन्द्र और प्रदेश की सरकार कार्य कर रही है। मछुआरें वर्ग को किस तरह से कार्य मिले, किस तरह से रोजगार मिले, किस तरह से हमारे किसानों को काम मिले, किस तरीके से हर वर्ग के पास उसका खुद का आवास हो, किस तरीके से बहनों को भी रोजगार में लगाया जाऐ। हर वर्ग के बारे मे सोचना बहुत बड़ी बात लगती है। लेकिन मैं धन्यवाद देना चाहूगी यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का कि किस तरह से उन्होनें महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत लाभान्वित किया है। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सभी पात्रों को इस योजना से लाभान्वित कराया जा रहा है। उन्होनें कहा कि अब बेटी किसी को बोझ नही लगती है, क्योंकि उन्हें घर की लक्ष्मी समझा जाने लगा है। इसके लिये सरकार गरीब बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और विवाह तक की व्यवस्था कर रही है। इस अवसर पर मंत्री रजनी तिवारी ने अधिकारियों के साथ बोट में बैठकर गंगा नदी में 2 लाख मछलियों को प्रवाहित किया, तथा कार्यक्रम में सूरज को एक थ्री व्हीलर आईस बाक्स एवं शनि बाथम को एक मोटर साइकिल आईस बाक्स वितरित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राघवेन्द्र नारायण सिंह, उपजिलाधिकारी नवनीता राय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एंव भाजपा के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# दूर रहेंगी बीमारी, स्वस्थ रहने में स्वच्छ जल की भी भागीदारी





- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से जल ज्ञान यात्रा का हुआ आयोजन
- सीडीओ आरएन सिंह ने जल ज्ञान यात्रा को दिखाई हरी झण्डी, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल परियोजनाओं से रूबरू हुए स्कूली बच्चे,

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**नमामि गंगे** एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से शुक्रवार को जल ज्ञान यात्रा के तहत स्कूली बच्चों को हर घर जल की आवश्यकता और उसके लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीण परिवारों तक नल के माध्यम से सुलभ हो रहे शुद्ध पेयजल के बारे में भी बच्चों ने जाना। जल ज्ञान यात्रा का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

हमारे स्वस्थ रहने में शुद्ध पेयजल का बहुत योगदान है। स्वच्छ जल के प्रयोग से बीमारियाँ दूर रहती है ऐसी कई विशेष जानकारी शुक्रवार को कन्नौज में स्कूली बच्चों को दी गयी। ये अवसर था 'जल ज्ञान यात्रा' का जिसका आयोजन नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से किया गया। यात्रा का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। जल के प्रति जागरूकता को लेकर बच्चों ने रुचि दिखाई और बढ़ चढ़कर इस यात्रा में हिस्सा लिया। जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों को हर घर जल की आवश्यकता और उसके लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीण परिवारों तक नल के माध्यम से सुलभ हो रहे शुद्ध पेयजल के बारे में भी बच्चों ने जाना। बच्चों को जल निगम (ग्रामीण) प्रयोगशाला में जल नमूनों की जांच करके दिखाई गयी, मन में उठ रहे सवालों के जवाब पाकर बच्चे संतुष्ट हुए। बच्चों को बेहरापुर गैसापुर पेयजल योजना का भ्रमण कराया गया। बच्चों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग के लाभ बताये गए, यात्रा के बाद कला प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बता दें कि उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रही जल ज्ञान यात्रा स्कूली बच्चों को न सिर्फ जल परियोजनाओं से अवगत करा रही है साथ ही जल संरक्षण के प्रति जानकारी भी दे रही है।

# खबरें चलते-चलते

## मौसम की मार सर्द हवाओं के साथ बड़ी गलन जनजीवन प्रभावित

**छिबरामऊ कन्नौज।** अगहन का महीना तो सामान ठंड के साथ गुजर गया लेकिन पूछ की रात भारी गुजरी अवसर मौसम का मिजाज अब तलाक हो चुका है शुक्रवार की देर दोपहर बाद सूरज देवता का निकलना हुआ तो लोगों ने धूप में बैठकर मजा लिया जैसे-जैसे सूरज ढलता रहा वैसे-वैसे ठिठुरन बढ़ती रही शाम होते ही सर्दी अपने पूरे तूफान में थी अधिकतर लोगों की आंखों से देखते-देखते सूरज चला गया और सर्दी का प्रकोप बढ़ता रहा शाम होते ही लोग बाजारों से गायब दिखने लगे और लोगों ने अपने-अपने घरों के लिए चल दिए हाफ और हाईवे पर आता है प्रभावित काम देखने को मिला बदलते मौसम का असर जनजीवन का पर पढ़ने लगा शीत लहर के बाद अब कोरा कब कभी चुडा रहा है ऐसे में नगर पालिका की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई ना कहीं अलाव नहीं जल रहे हैं अधिकतर देखे गए हुए लोग जैसे सौरिख तिराह तालग्राम तिराह पूर्वी बाईपास फर्रुखाबाद चौराहा आदि जगहों पर कहीं पर अलाव नहीं लगाया गया नगर पालिका प्रशासन बड़ी लापरवाही कर रही है सर्दी अपने साथ में आसमान पर ओवर रही है आने जाने वाली राहगीरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के साथ छाए रहे बदल नहीं हुए सूर्य के दर्शन हाईवे पर रेगते रहे वहन वही बर्फील हवाएं चलने से लोग ठिठुरते नजर आएं न्यूनतम तापमान में गिरावट आई।

## हिस्ट्रीशीटर मुन्ना यादव के करीबियों पर पुलिस की निगाहें

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस मरमेड मेंसिपाही की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव उर्फ मानव के करीबियों पर अब पुलिस की निगाहें लगी हुई हैपुलिस को कई नाम मिले हैं जो कभी मानव के साथ अपराधों में शामिल रहे हैं अब इन पर शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है वही को सिटी ने पुलिस बल के साथ विश्व वन थाना क्षेत्र के कई गांव में पैदल मार्च किया और खेतों में काम कर रहे लोगों से पूछताछ की वही छिबरामऊ सीओ ओम कार नाथ शर्मा पुलिस बल के साथ धरनी धरपुर नगरिया वीरपुर दानपुर शारदा माई असलताबाद संबलपुर बहादुरपुरसैनिक कई गांव में पैदल मार्च किया को ने खेतों में काम कर रहे लोगों से भी पूछताछ की लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी निर्दोष पर कोई कार्रवाई नहीं होगी लेकिन दोषियों को नहीं बक्शा जायेगासीओ ने हिस्ट्रीशीटर के मकान को भी देखा और ग्रामीणों से उसकी संरचना के बारे में पूछा लोगों ने पुलिस को बताया कि डर की वजह से के कारण कोई भी उसके घर नहीं जाता था अक्सर वह लोगों की पिटाई कर देता था डर की कारण कोई पुलिस ने शिकायत करने के नहीं जाता था उसके यहां चंद लोगों का आना-जाना था जिन्हें ग्रामीण पहचानते भी नहीं है पुलिस का मानना है कि यह लोग मुन्ना यादव के गिरोह के हो सकते हैं ऐसे में पुलिस की उसके करीबियों पर निगाहें रखे हुए हैं।

## बच्चों के विवाद में दंपति को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बच्चों के विवाद को लेकर आरोपितों ने दंपति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम भवानीपुर निवासी संजीव कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही दो लोगों ने बच्चों के विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी सुरभि को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला विकास केन्द्र के कैलेंडर व ध्यान वंदना कार्ड का हुआ लोकार्पण

- मोहल्ला शेखवाना स्थित आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर मे आयोजित हुआ स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**




**महिला विकास** केन्द्र द्वारा अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के अन्तर्गत मनाए जा रहे आयोजनों की श्रंखला में शुक्रवार को शहर के मोहल्ला शेखाना स्थित आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में संस्था के कैलेंडर व ध्यान वंदना कार्ड का लोकार्पण केन्द्र की अध्यक्ष मधु शुक्ला की उपस्थिति में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कन्नौज की अधिशाषी अधिकारी नीलम चौधरी ने किया।

महिला विकास केन्द्र द्वारा अपने स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का आयोजन शहर स्थित आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर मे आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में पधारी मुख्य अतिथि नीलम चौधरी को संस्था के पदाधिकारियों ने फूलमाला एवं बैच लगाकर कर स्वागत किया साथ ही शाल उढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि आज संस्था के स्वर्ण जयंती समारोह वर्ष के इस आयोजन में मै शामिल हुई। उन्होनें ने अपने स्तर से संस्था को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं संस्था की महामंत्री अनीता सक्सेना ने संस्था की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। सुमन तिवारी, प्रीति शुक्ला, कांति सैनी, सरोज सिंह, रानी सैनी आदि ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

# शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहें पुलिस के जवान: एसपी

- एसपी ने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़, पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं व पुलिस आवासों का किया निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होने पुलिस जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। साथ ही परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई।

परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस जवानों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के टिप्स भी दिये। उन्होने परेड का निरीक्षण करने के बाद पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें, पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। एसपी ने जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आरओआईपी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम यूपी 112 आदि का निरीक्षण किया। साथ ही गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकार तिर्वा, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अब नहीं चलेगी स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी सीएमएस

**छिबरामऊ कन्नौज।** किशनगढ़ थाने के सिपाही की शहादत के बाद से ससैया अस्पताल की लापरवाही उजागर हो गई है अधिकारियों से लेकर आम आदमी तक अब अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर प्रश्न चिन्ह लग लगा है। इन्हीं सब चीजों को लेकरस्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली गई और उन्हें व्यवस्थाओं में सुधार के साथ कड़ी चेतावनी दी गई सौसैया अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने एक स्वास्थ्य कर्मियों की के साथ बैठक की बैठक के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं और लेकर कडा रूप अपनाया है उन्होंने सभी कर्मचारी को सख्त हिदायत दी कि यदि कोई भी बिना बताए अनुपस्थित रहता है तो उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी सभी स्वास्थ्य कर्मियों समय से अपनी ड्यूटी को करें कोई भी डॉक्टर अस्पताल से बाहर की दवा नहीं लिखेगा यदि किसी भी तरह की कोई शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 122 शिक्षकों को मिल चुकी 38 करोड़ की आर्थिक मदद

- घायल शिक्षकों को दी गई 25 हजार रूपये की चेक
- अब अनुदेशक व शिक्षामित्र भी टीम से जुड़ सकेंगे



घायल शिक्षक को चेक प्रदान करते पदाधिकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** 24 दिसंबर को संस्थापक विवेकानंद ने प्रयागराज में शैक्षिक संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में घोषणा है कि 01 जनवरी 2024 से गंभीर बीमारी के लिए भी 05 लाख रुपये की त्वरित मदद की जायेगी। जबकि जनवरी 2024 से शिक्षामित्र और अनुदेशक भी इस टीम से जुड़कर अपना योगदान कर सकेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को टीचर्स सेल्फ केयर अंकित कटियार ने जिला संयोजक दी। बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार को 25000 रूपये की चेक प्रदान की गई है। वह 16 अक्टूबर को स्कूल से घर लौटते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। बताया कि 40 दुर्घटनाग्रस्त शिक्षकों के उपचार के लिए टीम द्वारा 15 लाख से अधिक की आर्थिक मदद प्रदान दी जा चुकी है। दिवंगत शिक्षकों के परिवार की मदद के लिए बनी टीम द्वारा अब तक 122 शिक्षकों के परिवार को 38 करोड़ 51 लाख से अधिक की मदद की जा चुकी है। अब तक टीम से 220000 से अधिक शिक्षक जुड़ चुके हैं। इससे पहले एक जनवरी से शिक्षामित्र अनुदेशक भी जुड़ेंगे और गंभीर बीमारी के लिए पांच लाख की मदद की जाएगी। इस दौरान सत्यपाल, दलवेंद्र यादव, शिवेंद्र सिंह, प्रशांत, विनय गुप्ता, दिनेश चंद्र, रावेंद्र सिंह राजपूत, नितिश कुमार, अजमत हुसैन, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# एबीवीपी राष्ट्रवाद के विचार को लेकर देश में कर रही कार्य: हरिओम

- विभाग प्रमुख डा. वरुण विशिष्ट की अध्यक्षता मे आयोजित हुई एबीवीपी की बैठक में आगामी कार्य योजना पर हुई चर्चा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**




**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद की विभाग समिति की बैठक सर्किट हाउस में विभाग प्रमुख डा. वरुण विशिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्य योजना के तहत सदस्यता, विद्यार्थी परिषद के 12 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारियों तथा सदस्यता एवं इकाई आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

बैठक में विभाग संगठन मंत्री हरिओम ने कहा कि विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के विचार को लेकर पूर्णतया अनुशासित रहकर देश के हर कैंपस मे कार्य कर रहे हैं। प्रवासी के रूप मे कन्नौज पहुंचे कानपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री ने बताया कि आगामी कार्य योजना के तहत सदस्यता, विद्यार्थी परिषद के 12 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारियों तथा सदस्यता एवं इकाई आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गई तथा गत सत्र में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं इकाई के लिए नगर अनुसार प्रवास तय किए गए। एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक दीपक व जिला संगठन मंत्री मंत्री चित्राशु ने संयुक्त रुप से बताया कि एबीवीपी देश की शिक्षा व्यवस्था मे सुधारो के लिए गत वर्षो से निरंतर संघर्षरत है। बैठक में. विभाग प्रमुख डा. वरुण विशिष्ट, विभाग संगठन मंत्री हरिओम, विभाग छात्रा प्रमुख मोनी, विभाग सह संयोजक यश व जिला संयोजक फर्रुखाबाद अभिषेक सहित कई अभाविप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जागरुकता**

**जागरुकता शिविर में छात्र-छात्राओं को पढ़ाया गया यातायात नियमों का पाठ**

# यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है: आफाक खान

- केकेसीएन इंटर कॉलेज व ग्राम गंगधरापुर स्थित राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज में लगाया गया यातायात जागरूकता शिविर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**जिले में** द्वितीय सड़क सुरक्षा यातायात पखवाड़ा मनाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खान ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय के सरायमीरा स्थित केकेसीएन इंटर कॉलेज व ग्राम गंगधरापुर स्थित राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता शिविर लगाकर स्कूली बच्चों को यातायात नियमो का पालन करने हेतु जागरुक किया।

जागरुकता शिविर में यातायात प्रभारी आफाक खान ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये बताया कि दुर्घटनाएं चार कारणों से होती हैं। जिसमें सड़क की बनावट में खराबी होने के कारण या वाहन खराब स्थिति में होने के कारण और वाहन चालकों द्वारा यातायात संकेत एवं नियमों का उल्लंघन करने के कारण इसके साथ-साथ मौसम के हालात के अनुरूप वाहनों का न चलाना, जैसे कोहरे में गाड़ी चलाना या बारिश में गाड़ी चलाना या बर्फीले इलाके में गाड़ी चलाना। यातायात प्रभारी ने बताया कि लोगों को यातायात नियमों की जानकारी नहीं है। जिस कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क संकेतों की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए, उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग सड़क संकेतों को भी नहीं पहचानते, जिस कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पैदल चलने वालों के लिए ग्रीन क्रॉस कोड के संबंध में जानकारी देते हुए डोरिंग एक्सीडेंट से बचने के लिए दूर हाथ विधि का मेथड समझते हुए कहा कि खड़ी गाड़ियों के आस-पास से सड़क को क्रॉस नहीं करना है। छात्र एवं छात्राओं को साइकिल चलाते समय कैसे सावधानी बरतनी चाहिए। सड़कों पर चलने में जितना दूसरों को देखना जरूरी होता है उससे कहीं ज्यादा खुद का दिखाई पड़ना भी जरूरी होता है। इसके लिए साइकिलों में रेट्रो रिफ्लेक्टर का होना नितांत आवश्यक है। बताया कि जो लोग सुबह-सुबह हाईवेज के किनारे पुलिस भर्ती में दौड़ की तैयारी करते हैं, उनको हाईवेज में दौड़ करने से परहेज करना चाहिए। और अगर हाईवे के किनारे ही दौड़ना है, तो कपड़ों में फ्लोरोसेंट आदि होना बेहद जरूरी है, जिससे आपको वाहन चालक दूर से देख सकें। और आप दुर्घटनाओं से बचे रहें। यातायात जागरुकता शिविर में यातायात पुलिसकर्मियों समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ मौजूद रहा।





# अधिवक्ता पर नौकरी लगवाने के नाम पर 14 लाख की ठगी का आरोप

- पीड़िता ने जिलाधिकारी से की शिकायत, एसपी ने सीओ को सौंपी जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उच्च न्यायालय** में नौकरी लगवाने के नाम पर अधिवक्ता ने 14 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही करने की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना निवासी राजेश वाल्मीकि की पत्नी मीना ने आज जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि जान पहचान के अधिवक्ता महेश चंद्र मौर्या ने फोन से मेरे पति राजेश को बताया कि इलाहाबाद न्यायालय में चपरासी के पद पर वेकैंसी निकली हैं। तुम्हारे तीनों बेटों की नौकरी लगवा दूंगा। मैं एस0सी0 हूँ आप भी एस0सी0 है और अधिकारी भी। तीन बेटों की नौकरी का झूठा झांसा देकर 7 लाख पहले तथा 7 लाख नौकरी लग जाने के बाद देने को कहा। मैंने 14 नवंबर को 33,000 रुपए फार्म भरने के लिये दिये। इसके बाद 19 नवंबर को 3 लाख रूपये, 02 दिसंबर को 1 लाख रुपये फिर दिये। 26 जनवरी 2023 को 3,50,000 रुपए व 20 दिसंबर 2022 को 3 लाख रूपये दिये। इसके बाद 28 फरवरी 2023 को 3 लाख रूपये नगद कचहरी में उक्त वकील को चेम्बर में दिये। जिसकी वीडियो व आडियो रिकार्डिंग भी मेरे पास है। मैंने कुल 14 लाख रूपया दिया था। पीड़ित महिला ने बताया कि उक्त रुपए यूनियन बैंक विकास भवन फतेहगढ़ से साढ़े 9 लाख रूपये लोन लेकर व 4 लाख का जेवर गायत्री ज्वैलर्स सब्जी मण्डी फतेहगढ़ को बेचकर जुटाया था। काफी समय बीत जाने के बाद वकील ने कहा कि हम कुछ दिनों में ज्वाइनिंग लेटर दे देंगे। फिर कुछ दिन बाद बुलाकर कहा कि अभी तुम्हारे बच्चों का काम नहीं हुआ है, तो मैंने ने कहा कि काम नहीं हुआ है तो मेरा रूपया वापस कर दो, तो उक्त वकील ने एक महीने के बाद स्टाम्प पर अनुबन्ध लिखवाकर पांच लाख रुपये तीन किस्तों मे दिये और बाकी 9 लाख रुपया बाद में देने का आश्वासन दिया। उक्त अनुबन्ध पत्र में वकील ने स्टांप पर अपनी ओवर राईटिंग करके उल्टा मेरे ही खिलाफ लिख लिया कि मैंने 5 लाख रूपये ब्याज पर लिया है। रूपये मांगने पर महेश चन्द्र मौर्या एडवोकेट द्वारा धमकाया गया कि तुम्हें व तुम्हारे परिजनों को झूठे केस में फांस दूंगा अगर बचना चाहती हो तो तुम मुझे और पैसे लाकर दो। पीड़िता के शिकायत करने पर संबंधित अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के पास भेज दिया। वहां पहुंचकर पीड़िता ने उसके साथ हुई जालसाजी की पूरी घटना पुलिस अधीक्षक को बतायी। एसपी ने पीड़िता से कहा कि यह मामला क्षेत्राधिकारी को दे रहा हूँ। वहीं इस प्रकरण की जांच करेंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। पीड़िता व उसका पति भोजपुर में ग्रामसभा में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं।



डीएम कार्यालय के बाहर पीड़ित परिवार — समृद्धि न्यूज

# आलू के भाव में 30 रुपये की गिरावट 551 से 621 तक में बिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू के भाव में शुक्रवार को 30 रुपये की गिरावट आयी। जिससे आलू का भाव 651 रुपये कुंतल तक बिका।

जानकारी के अनुसार सातनपुर आलू मंडी में शुक्रवार को आलू की आमद 100 मोटर रही। आलू के भाव में 30 रुपये की गिरावट दर्ज की गयी। आलू 551 से 621 प्रति कुंतल तक बिक्री किया गया। आज निबल आलू चेचक और घुघिया वाले 451 से 511 रुपए कुंतल तक में बिके। वहीं लाल आलू 200 रुपये कुंतल अधिक 751 से 821 रुपये कुंतल तक बिका। किसानों ने बताया कि आलू में मंदी के चलते उन्हें लागत के दाम निकालना मुश्किल हो रहा है। जिसके चलते कई किसानों ने फिलहाल आलू की खुदाई धीमी कर दी है। वहीं किसानों का यह भी कहना है कि यदि आलू खुदाई में ज्यादा विलम्ब करेंगे, तो गेहूं आदि की बुबाई में विलम्ब हो जायेगा। साथ ही जानवरों आदि का चारा भी नहीं बो पायेंगे। आलू आढ़ती अरविंद राजपूत ने किसानों से अच्छा आलू लाने की अपील की है, ताकि उन्हें अच्छे दाम मिल सकें।



सातनपुर आलू मंडी में बिक रहा आलू — समृद्धि न्यूज

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नेताओं ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

- भारत को विकसित देश बनाने की दिलाई गई शपथ

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**केंद्र** तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम जगह-जगह ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को केंद्र तथा यूपी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराकर भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार रथ के माध्यम से किया जा रहा है। इस रथ पर यूपी तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है। रथ के माध्यम से उपलब्धियों का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही लोगों को भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसी के तहत विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम खुड़िना वैध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश गंगवार, प्रधान शिप्रा गंगवार द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु व्यवस्थायें की गईं। यहां टेंट लगाकर सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियां का बखान कर आम लोगों को भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर भारतीय किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बी0के0 गंगवार, प्रधान प्रतिनिधि योगेश गंगवार मदारी, अपना दल जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार, मृदुल, गौतम, कमल भारद्वाज, दिनेश राठौर, एडीओ पंचायत आफाक हुसैन गाज़ी, अद्दुपुर प्रधान पंकज यादव, पुष्पेंद्र कुमार, रमन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



बच्चे का अन्नप्राशन करते प्रधान व अन्य — समृद्धि न्यूज

# डीएम ने बैठक लेकर वृक्षारोपण का लक्ष्य जल्द पूर्ण करने के दिये निर्देश




बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बैठक लेकर वृक्षारोपण का लक्ष्य पूर्ण करने के संबंधित समितियों को निर्देश दिये। शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को वृक्षारोपण का लक्ष्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं आगामी वर्ष के लक्ष्य के लिये साइड सलेक्शन करके 28 फरवरी तक गड्ढे तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, क्योंकि शासन की मंशा के अनुरुप कार्य होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें चलते-चलते

### सरकारी शौचालयों में घोटाला करने वाले सचिव व प्रधान पर मुकदमा दर्ज

**एंटी करप्शन के प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर हुई कार्रवाई**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** सरकारी आवासों में हेराफेरी व भ्रष्टाचार कर गवन करने के मामले में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन कानपुर मंडल के प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर कम्पिल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एंटी करप्शन द्वारा दिये गये पत्र में दर्शाया पत्रावली संख्या-9558 वर्ष 11 जुलाई 2019 में ब्लाक कायमगंज की ग्राम पंचायत इकलहरा की तत्कालीन ग्राम प्रधान जायरा बेगम पत्नी अब्दुल हसन निवासी इकलहरा थाना कम्पिल ब्लाक कायमगंज व ग्राम पंचायत सचिव अभय सिंह पुत्र जगदीश निवासी गढ़िया जगन्नाथ थाना राजा का रामपुर जनपद एटा हाल निवासी न्यू कालोनी रेलवे रोड कायमगंज के विरुद्ध सरकारी आवासों में हेराफेरी कर भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों की जांच एंटी करप्शन के प्रभारी निरीक्षक जटा शंकर के द्वारा की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2016-17 व 2017-18 में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत 512 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा ग्राम इकलहरा में कराय गया। जिसमें प्रति शौचालय 12 हजार की दर से कुल 61 लाख 44 हजार रुपया व्यय हुआ। मौके पर भौतिक सत्यापन करने एवं ग्राम विकास अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में नियुक्त सलाहकार सुधीर श्रीवास्तव, इकलहरा के रोजगार सेवक राम निवास यादव किया गया, तो पाया कि शौचालय का प्लास्टर उखड़ा हुआ, शौचालय के दरवाजे गले हुए तथा 31 लाभार्थियों के शौचालय नहीं बने पाये गये। चार ग्रामीणों ने शपथ पत्र भी दिये। दर्शायीगयी 512 शौचालयों की सूची में 70 नाम ऐसे हैं, जो सूची में दो बार अथवा तीन बार अंकित किये गये हैं, जबकि एक ही नाम के सापेक्ष शौचालय का निर्माण हुआ है। इस प्रकार लगभग 100 लाभार्थी हेतु निर्गत धनराशि लगभग 12 लाख का घोटाला किया गया है। प्रथम दृष्टि में प्रधान व सचिव दोषी पाये गये। एंटी करप्शन के प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा-7 व 13(1)(बी), 13(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीडीओ की अध्यक्षता में हुई किसान गोष्ठी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को खेती किसानी तथा सरकार द्वारा किसान हित में चलायी जा रहीं योजनाओं को जानकारी दी। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में बीडीओ गगनदीप सिंह के निर्देशन में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जिले के कृषि अधिकारियों ने किसानों को जानकारियां दीं। किसानों को बताया गया कि सरकार किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनायें चला रही है। जिसका किसान भाई लाभ उठा सकते हैं। साथ ही फसलों में लगने वाली बीमारियों के बारे में जागरुक किया। इस दौरान चंद किसान ही कार्यक्रम में जुटे। इसके अलावा राहगीरों को कार्यक्रम में एकत्र कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। बताते चलें कि सर्दी के चलते कार्यक्रम में किसानों की संख्या बहुत कम रही। इस मौके पर जिला कृषि उपनिदेशक सहित कई कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अंत में किसानों को चाय नास्ता कराया गया। मंच का संचालन भाजपा नेता राजेश राजपूत ने किया।

# प्रेम विवाह करने वाली युवती ने परिजनों से बताया जान का खतरा



एसपी को प्रार्थना पत्र देने के बाद जानकारी देते पीड़ित दंपति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रेम विवाह** करने वाली युवती ने अपने परिजनों से जान का खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती चॉदनी (19) पत्नी अजीत भाष्कर निवासी मकान नंबर-34, वार्ड -16 मोहल्ला दाऊद खां थाना मऊदरवाजा निवासी ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह बालिग है। उसने भगवान को साक्षी मानकर दिनांक 15 मई 2023 को बढ़पुर मंदिर में अजीत भाष्कर (24) से प्रेम विवाह कर लिया है। इस प्रेम विवाह से हमारे मायके वाले खुश नहीं हैं और वह हमारी ससुराल में आकर हमको गाली-गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाये जाने की धमकी दे रहे हैं। जिस पर मैंने 27 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय में 11 जुलाई 2023 को वाद दायर किया। पीड़िता ने आज पुनः 29.12.2023 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने परिजनों से सुरक्षा की गुहार लगायी है।

# दो दुकानों में चोरी का प्रयास विफल, पुलिस ने की जांच पड़ताल



चोरों द्वारा उचकाया गया शटर — समृद्धि न्यूज



छत पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सर्दी बढ़ने** के साथ ही चोरी की घटनाओं में भी इजाफा होने लगा है। दो दुकानों में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। दुकानदारों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर अज्ञात चोरों ने सागर की किराने की दुकान है। बीती रात चोरों ने नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया, मगर चोर चोरी करने में कामयाब नहीं हो सके। जब सुबह दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो छत कुछ कटी दिखायी पड़ी। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौजूद जांच पड़ताल की। दुकानदार का कहना था कि गनीमत रही कि चोर छत को पूरी तरह से काट नहीं पाये। वहीं दूसरी घटना में इटावा हैंडलूम जो पदम सिंह का है। वह सागर की दुकान के पास में ही स्थित है। इसकी दूसरी मंजिल पर गोदाम का शटर उचकाकर चोरी का प्रयास किया गया। फिलहाल दुकानदार किसी भी सामान जाने की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। चोरी के प्रयास की घटनाओं से दुकानदारों में दहशत का माहौल देखा गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# नर्सरी विंग कार्यक्रम में सीपी के बच्चों ने मनाया धमाल



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व विधायक अमर सिंह व मिथलेश अग्रवाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**सीपी** विद्या निकेतन के बच्चों द्वारा सीपी गेस्ट हाउस में नर्सरी विंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक व उप जिलाअधिकारी यदुवंश वर्मा रहे। सबसे पहले पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, उप जिलाधिकारी यदुवंश वर्मा, डॉक्टर नितेश अग्रवाल, मुख्य समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मोहन अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा नृत्य किया गया। रेनवो किड्स शो कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने नर्सरी विंग के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये देश भक्ति गीत व अन्य कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावकों व अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द उठाया। सी0पी0 विद्या निकेतन द्वारा नर्सरी विंग के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर विभिन्न प्रस्तुतियां दी गयीं। इसके अलावा बच्चों ने यह देश है वीर जवानों का अलवेलो का मस्तानो का प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा बच्चों ने फिल्मी गीतों पर सतरंगी नृत्यु, कव्वाली व पंजाबी गीतों पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रबंधक सत्यप्रकाय अग्रवाल, डायरेक्टर डा0 मिथलेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व मोनिका अग्रवाल ने बच्चों की हौसलाआफजाई की।

**निरीक्षण** — गोवंशों को जल्द पकड़वाकर गौशाला भिजवाने के बीडीओ को दिये निर्देश

# जेडीसी ने सुनीं जनता की समस्यायें, पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** क्षेत्र के ग्राम पंचायत में विकसित भारत यात्रा में सम्मिलित होने के बाद जेडीसी ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवरई मठ मैं चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर जेडीसी (ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर) ने डीसी एनआरएलएम तथा विकास खंड अधिकारी के साथ पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। वही सरकार की योजनाओं से भी जनता को अवगत कराया। ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर नरेश चंद्र सविता तथा डीसी एनआरएलएम योगेंद्र पाठक, विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह को साथ लेकर अधिकारियों ने ग्राम पंचायत आचरिया बाकरपुर में बने पंचायत भवन तथा अमृत बाटिका का निरीक्षण किया। जिसमें दोनों अधिकारियों ने विकास खंड अधिकारी के द्वारा कराए गए कार्यो की सराहना की। उसके बाद नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर लौटकर दोनों अधिकारियों ने कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने विकास खंड अधिकारी को आवारा गोवंशों को पकड़वाने की जानकारी की। जेडीसी नरेश चंद्र सविता तथा डीसी एनआरएलएम योगेंद्र पाठक ने विकास खंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए बताया की क्षेत्र में आवारा गोवंश को पकड़वाकर जल्द गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई की जाए। वही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास की भी समीक्षा की तथा जिन लोगों ने कूटरचित दस्तावेज पेश कर फर्जी तरीके से आवास लिए हैं उनके आवास निरस्त कर उनके ऊपर क्या कार्रवाई की गई इसके बारे में भी विकास खंड अधिकारी से जानकारी ली। कई ऐसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बात करते हुए उन्होंने विकास खंड अधिकारी कार्यालय की रूपरेखा देखकर विकास खंड अधिकारी द्वारा बनाए गए कार्यालय की सराहना करते हुए उन्होंने पार्क तथा अन्य कार्यालय को भी देखा। इस मौके पर ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर नरेश चंद्र सविता, डीसी एनआरएलएम योगेन्द्र पाठक, विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, ग्राम सचिव कुलदीप राजपूत, अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, लिपिक आलोक दीक्षित, सहायक लिपिक स्थापना सुरेश बाबू, आलोक पाठक, एपीओ गौरव दिवाकर, राहुल चंदेल, विवेक कुमार, इंदल बाबू, एडीओ समाज कल्याण प्रवीण कुमार तथा सभी ग्राम सचिव मौजूद रहे।




चौपाल में जनता की समस्यायें सुनते जेडीसी व मौजूद अन्य — समृद्धि न्यूज

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शशांक सक्सेना को बनाया जिला कार्यकारिणी का जिला उपाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक सक्सेना को जनपद की समाजवादी कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया गया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने फर्रुखाबाद जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष मनोनीत कर पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। शशांक सक्सेना ने कहा कि उन्हें जो पार्टी में जिम्मेदारी दी गई है वह उसकी निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे। उन्होंने बताया कि वह इससे पहले 2009 से समाजवादी पार्टी में काम कर रहे हैं। वह विधानसभा अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड बनाए गए, उसके उपरांत छात्र सभा में 2013 से 2018 तक 3 बार महानगर अध्यक्ष रहे। सन 2021 में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष भी रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के जनपद से बाहर होने के कारण शशांक सक्सेना को उन्होंने फोन पर बधाई दी और संगठन में सबके साथ मिलकर कार्य करने की अपेक्षा की है। इस अवसर पर फर्रुखाबाद लोकसभा प्रभारी इरफान उल हक कादरी ने भी जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जितेंद्र यादव सिरौली के साथ जिला प्रवक्ता विवेक यादव के निवास पर शशांक सक्सेना को माला पहनाकर बंधाई दी। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार तोषित प्रीत सिंह भी बीते दिन शशांक सक्सेना के साथ लखनऊ में मौजूद रहे।



विवेक यादव के निवास पर मौजूद शशांक सक्सेना व अन्य

# सड़क सुरक्षा के तहत रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए रोड सेफ्टी क्लब द्वारा जागरूक किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के द्वारा सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए उपाय बताऐ गए। रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी व सदस्यों पूनम शुक्ला व राधा दीक्षित द्वारा रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सबीहा खातून ने रंगोली में प्रथम तथा पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्यांशी कुशवाहा ने प्रथम, बुशरा खातून ने द्वितीय व मोनिका राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में दर्शना शुक्ला ने सहयोग किया।



रंगोली बनाती छात्रा मौजूद शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### नौकरी लगवाने के नाम पर मजदूर से 15 हजार की ठगी

**पीड़ित ने डीएम एसपी से की शिकायत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से हजारों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने डीएम/एसपी से लिखित शिकायत कर रुपए दिलाए जाने व आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की। थाना नवाबगंज ग्राम पत्योरा निवासी रामवीर पुत्र आसाराम ने डीएम व एसपी को दिए शिकायती पत्र में दर्शाया कि पड़ोसी गांव के राघवेंद्र पुत्र पुत्तूलाल निवासी कक्योली से जान पहचान हो गई। 18 दिसंबर 2021 को बातचीत के दौरान राघवेंद्र ने मुझसे कहा कि मेरे रिश्तेदार डीएम कार्यालय में नौकरी करते हैं, मैं तुम्हारी नौकरी सफाई कर्मी के पद पर लगवा दूंगा और इसके लिए तुम्हे 15 हजार रुपये देने होंगे। मैंने मेहनत मजदूरी कर रुपए इकट्ठा किया। 19 दिसंबर को जब वह मेरे घर आया तो मैं सुमन व रविंद्र के सामने उसे 15 हजार रुपये दिए। राघवेंद्र बोला कि जनवरी 2022 में मैनपुरी में ट्रेनिंग होगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जब भी कहा तो वह टालमटोल करता रहा। जब मुझे एहसास हुआ मेरे साथ ठगी हुई तो मैं अपने रुपए मांगे तो उसने टालमटोल कर दी। 25 दिसंबर को राघवेन्द्र बबना रोड पर एक स्कूल के पास मिला, जब मैंने अपने रुपए देने को कहा तो उसने साफकहा कि मैं तुम्हें रुपए नहीं दूंगा। मेरे रिश्तेदार जिलाधिकारी कार्यालय में नौकरी करते है मेरा कुछ नहीं होगा और भद्दी-भद्दी गालियां दी और जानमाल की धमकी देते हुए कहा कि तेरे रुपए नहीं देंगे। इस संदर्भ में थाने में भी शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मेरी कोई मदद नहीं की। पीड़ित ने रुपए दिलाए जाने व रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला प्रभारी बने मनीष श्रीवास्तव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत की शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनीष श्रीवास्तव को फर्रुखाबाद जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने मनीष श्रीवास्तव के संगठन के प्रति लगन व निष्ठा को देखते हुए जिला प्रभारी बनाया है। वहीं संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुनील श्रीवास्तव ने मनीष श्रीवास्तव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाये। वहीं संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव का आभार व्यक्त करते हुए मनीष ने कहा कि जल्द ही जिला संगठन का गठन किया जायेगा। जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उस पर मैं खरा उतरुंगा।

### भाकियू ने किसान यात्रा निकालकर जोड़े नये किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा किसान जोड़ों यात्रा विभिन्न गांव में निकाली गई। भाकियू के पदाधिकारियों के साथ किसानों ग्राम अलीगढ़, कड़क्का, बिजपुरिया, इमादपुर, मोहद्दीपुर आदि ग्रामों में हिंदू व मुस्लिम सभी ने भाईचारा का संदेश देते हुए यात्रा में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। अल्पसंख्यक ब्लाक अध्यक्ष लकी खां ने ग्राम अलीगढ़ में किसानों के साथ यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कई लोगों ने भारतीय किसान यूनियन भानू की सदस्या ली। 15 फरवरी को होने वाले आंदोलन भव्य बनाने हेतु सभी ने संकल्प लिया। इस मौके पर पूरन कुशवाहा, यूसुफपटेल, आबिद खान, अवधेश सिंह सोमवंशी, चंदन सिंह राठौड़, अवनीश चौहान, मनोज राठौर, नेत्रपाल सिंह सोमवंशी, शिवेंद्र सोमवंशी, राजीव परमार, डीपी यादव, आशीष, बबलू यादव, अमन सोमवंशी, अंशु सोमवंशी, आकाश राठौर, राजू राठौड़, ललैयां पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

### दबंग ने ठेली चालक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने ठेली चालक के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुनील पुत्र भगवान सिंह निवासी मोहल्ला चिलपुरा थाना कोतवाली फर्रखाबाद ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते दिन मैं अपनी ठिलिया लेकर जा रहा था, तभी अंकित पुत्र बब्लू निवासी पलरिया मेरे साथ मारपीट करने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### पुलिस ने सटोरिया को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने सट्टा पर्ची सहित एक सटोरिया को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नगर के छपट्टी मोहल्ला वाली गली के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछने पर उसने अपना नाम विमल कुमार पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला जंगबाज खां घोड़ा नखास बताया। उसके पास से सट्टी पर्ची व 330 रुपये बरामद हुए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया।

# क्षेत्राधिकारी को युवा व्यापार मण्डल ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**उद्योग व्यापार** प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंशाराम ने पदाधिकारी के साथ सीओ सोहराब आलम के कार्यालय जाकर औपचारिक भेंट की। उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए उनको माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्मृति चिन्ह देकर सभी ने सम्मानित कर विदाई दी। व्यापारियों ने कहा कि सीओ ने लगभग ढाई साल की उपलब्धि में कायमगंज की जनता के दुख सुख में हमेशा तत्पर रहकर जनता के दुख सुख को जाना और बिना भेदभाव के हमेशा उनके दर्द को समझा और हर इंसान को बराबर समझा। हमेशा व्यापारी भाइयों को भी साथ लेकर चले और ऐसे कई सराहनीय कार्य किए। जिन्हें कायमगंज की जनता हमेशा याद रखेगी। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंशाराम, महामंत्री अनुराग कौशल, कोषाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, सह कोषाध्यक्ष गौरव वर्मा, आयुष गुप्ता, हिमांशु शर्मा, राजीव राजपूत, गगन राठौर, राहुल यादव, प्रिंस मिश्रा, हैप्पी वर्मा, अरविंद यादव व अन्य सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



सीओ को स्मृति चिन्ह देते उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# मस्जिद पत्थर वाली वक्फ के नये मुतवल्ली बने फैसल खान

**इमाम व मोहसिन ने लगाया तत्कालीन मुतवल्ली पर घोटाले का आरोप**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने वक्फ मस्जिद पत्थर वाली वाकिफ शेख महबूब हुसैन स्थित फतेहगढ़ वक्फ संख्या 61 के प्रबंध हेतु मोहम्मद अम्बर खान मुतवल्ली की तौलियत के कार्यकाल में बोर्ड के सदस्य के आदेश 15 दिसंबर 2022 तक संबंधित कार्यालय 16 दिसंबर 2022 को वक्फनामा की शरायत के खिलाफहोने के कारण वापस ले लिया गया है। इस संदर्भ में विधि अधिकारी अब्दुल मोबीन खान ने इस संदर्भ में पत्र जारी करते हुए इसकी एक प्रतिलिपि डीएम व नय मुतवल्ली फैसल खान, प्रभारी अंकक्षेण, प्रभारी अभिलेखागार, क्षेत्रीय अंकेक्षक, वैयक्तिक सहायक अध्यक्ष, वैयक्तिक सहायक विधिक अधिकारी को भी भेजी गई है। नए मुतवल्ली नियुक्त किए जाने पर आसपास चर्चाएं शुरू हो गई है की वक्फ की भूमि पर चौराहे के निकट मार्केट में बड़े घोटाले होने की संभावना है। सूत्रों की माने तो तत्कालीन मुतवल्ली अंबर खान ने दुकानदारों से लाखों रुपया लिया है, लेकिन जमा नहीं किया। लोगों कहना है कि नए मुतवल्ली के चार्ज लेने पर स्थिति साफ होगी की घोटाला हुआ है तो कितने का हुआ है या सिर्फ अफवाहें हैं। वहीं वक्फ बोर्ड के एक अधिकारी ने मौका मोआयना किया। तो उनके सामने मस्जिद के इमाम वी मोहसिन ने तत्कालीन मुतवल्ली के द्वारा सैलरी न दिए जाने की बात कही और यह भी बताया कि नवाजियों द्वारा जो दान पत्र में पैसा डाला जाता है, इससे हम लोगों को तनखाह मिलती, जिससे गुजारा कर रहे हैं। हम लोगों को तत्कालीन मुतवल्ली द्वारा कभी भी सैलरी नहीं दी गई। इन लोगों की माने तो इनका भी यह कहना है कि तत्कालीन मुतवल्ली ने जो गोलमाल किया है पूरे मामले की जांच करायी जाये और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाए।

# आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में नेताओं ने किया उपवास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

देश में मोदी सरकार की बढ़ती तानाशाही और संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फतहेगढ़ में भारत माता के फोटो पर पुष्प अर्पित कर एक दिवसीय उपवास रखा। तानाशाही के खिलाफ संजय सिंह को लड़ने की शक्ति के लिए प्रार्थना की। उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी की गई तथा उन्हे रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गयी, लेकिन जांच एजेंसी को कुछ नहीं मिला। इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए, लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नहीं लिया। अंजान व्यक्ति द्वारा उनका नाम लेने पर ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया और बयान साजिश के तहत लिखवाया गया और उसे सरकारी गवाह बना दिया गया। जिसका आम आदमी पार्टी विरोध करती है। एक दिवसीय उपवास जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने रखा। इस मौके पर रामकिशन कश्यप, जितेंद्र दीक्षित, जगतपाल शाक्य, चंद्रशेखर दुबे, अवनीश सिंह तोमर, सर्वेद्र सिंह यादव, नाहर सिंह यादव, सनी कुमार वर्मा, संतोष कुमार, साहब सिंह शाक्य, कृष्णपाल सिंह, सच्चिदानंद लोधी, विक्रम सिंह, अंकित शाक्य, ज्योति वर्मा, किरण कठेरिया, अश्विनी शाक्य, चंद्रशेखर दुबे, जगदीश सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में उपवास के दौरान प्रदर्शन करते आप नेता

## अवैध कब्जा हटाने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह रिजवी द्वारा वार्ड नम्बर 41 खारबंदी शहर की गाटा संख्या 1487, 1488, 1449 एवं 1495, 1496 की सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की शिकायत की गई थी। इस मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रविन्द्र कुमार ने नायब तहसीलदार अभिलेखों के साथ पहुंचे और राजस्व अभिलेखों की खतौनी में दर्ज नॉनजेड-ए मोहल्ला खालसा पट्टी नम्बर 20 म्युनिस्पिल बोर्ड की भूमि बतायी गई है। जिस पर कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अनाधिकृत रुप से अतिक्रमण कर लिया गया है। स्थानीय लोग जिनके द्वारा अवैध रुप से कब्जा किया गया है। उन लोगों को अवैध कब्जा स्वयं हटाये जाने के लिए नोटिस भेजकर 15 दिन का समय दिया है।

# स्काउट गाइड रैली व बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारत स्काउट** और गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज बालक फतेहगढ़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने की। बैठक में जिला मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव डॉ0 महेश चंद्र राजपूत, जिला आयुक्त स्काउट रामदास, शिवओम द्विवेदी, प्रेमपाल सिंह, रवेंद्र सिंह यादव, आयुक्त गाइड इंदु मिश्रा, संगीता यादव, रिचा यादव, चमन शुक्ला, सर्वेश श्रीवास्तव, हिमलेश शाक्य, वीना गौतम, डॉ0 जितेंद्र यादव, पुष्कर मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, योगेश कुमार, संतोष कुमार कटियार ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। जनपदीय रैली का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में कराया जाएगा। रैली के आयोजन की तिथि 23 और 24 जनवरी को कराने हेतु निर्णय लिया गया। जिसकी आयोजक जिला आयुक्त गाइड इंदु मिश्रा रहेंगी। बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता हेतु कायमगंज एसएनएम इंटर कॉलेज, शमसाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, राजेपुर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फर्रुखाबाद में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में 8 जनवरी 2024 समस्त केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। जिला मुख्यायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि यदि किसी के पास अभी बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता के फॉर्म हैं तो दो दिवस के अंदर आईटी कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार के पास पहुचा दे। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला ट्रेनिंग कमिश्नर स्काउट के पद पर जिला सहायक सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव को सर्व सम्मति से प्रभार देने हेतु निर्णय लिया गया। जिला सहायक सचिव का पदभार पुष्कर मिश्रा को दिया गया। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें मसेनी चौराहे का नाम स्काउट गाइड चौराहा रखने हेतु निर्णय लिया गया। इसी प्रकार दुर्वासा आश्रम घाट का नाम स्काउट गाइड घाट रखने हेतु निर्णय लिया गया।



बैठक में एजेंडा पढ़ते सुधीर कुशवाहा — समृद्धि न्यूज


**कार्यालय ग्राम पंचायत निसाई वि0ख0 मोहम्माबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 29/12/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत निसाई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 30/12/2023 से 05/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अनिल के घर से संतोष के दरवाजे तक इंटरलाकिंग कार्य | 155307 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सियाराम के घर से सुरेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 313472 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(गीता देवी) प्रधान, निसाई, मोहम्मदाबाद — (शैलेन्द्र त्रिपाठी) सचिव, निसाई, मोहम्मदाबाद

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीघामऊ वि0ख0 मोहम्माबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/15वां राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 29/12/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित/15वां वित/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीघामऊ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 30/12/2023 से 05/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आर0आर0सी0 सेन्टर वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 2.82 लाख | 5640 | 100 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुमन यादव) प्रधान, बीघामऊ, मोहम्मदाबाद — (संदेश कुमार) सचिव, बीघामऊ, मोहम्मदाबाद

**कार्यालय ग्रा0पं0 अरियारा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित/केंद्रीय वित/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 29/12/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अरियारा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 30/12/2023 से 03/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सोवरन के घर से विनोद के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 399392 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अजय भान के घर से हरदेव स्थान तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 399777 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | दयाराम के घर से अहिवरन के घर तक तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 395099 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | हरिराम के घर से सूरजपाल के घर तक तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 467519 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रामवती) प्रधान, अरियारा, शमशाबाद — (विवेक कुमार) सचिव, अरियारा, शमशाबाद

**कार्यालय ग्रा0पं0 ऊगरपुर सुल्तान पट्टी/डूंगरपुर वि0ख0 कमालगंज**

पत्रांकः मीमो /15वां वित्त/राज्य वित्त/ 2023-24 — दिनांक 28/12/2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ऊगरपुर सुल्तान पट्टी/डूंगरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 29/12/2023 से 04/01/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/01/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29/12/2023 से 04/01/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 200.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | स्थल | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | लखा तालाब से दिलीप बाल्मीकि के घर तक नाली निर्माण | ऊगरपुर सुल्तान पट्टी | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.34 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 2- | विनोद पाल के बंगले से सुघर सिंह के खेत तक नाली व सीसी निर्माण कार्य | ऊगरपुर सुल्तान पट्टी | // | 2.39 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 3- | प्रा0वि0 से रामकिशन के घर तक इंटरलाकिंग | डूंगरपुर | // | 4.61 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 4- | आजाद के घर से केसरी के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 4.68 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 5- | विष्णु शर्मा के घर से आजाद वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 4.61 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 6- | होरी के मैदान से केसरी वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 4.91 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 7- | बृजेन्द्र के घर से रामसिंह के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 2.11 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 8- | महेन्द्र के घर से रामकिशन के घर तक इंटरलाकिंग व नाली | // | // | 2.13 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 9- | प्रवीन के घर से अंचल वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 4.93 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |
| 10 | सुनील के घर से ऋषि वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग | // | // | 1.05 लाख | 2 प्रतिशत | 200 |

प्रधान, ग्रा0पं0 ऊगरपुर सुल्तान पट्टी/डूंगरपुर, कमालगंज, सचिव


# जिला कार्य समिति की बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शुक्रवार को** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्य समिति की कार्यशाला सम्पन्न हुई। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा योजना को लेकर रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, बूथ कमेटी सत्यापन एवं नव मतदाता सम्मेलन अभियानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिला संगठन प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत 18 परंपरागत कामगारों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा इस योजना का लाभ राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, बढ़ई, कुम्हार, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तरासने व पत्थर तोड़ने वाले, मोची, दर्जी, ताला बनाने वाले, नाव निर्माता, टोकरी चटाई, झाड़ू बनाने वाले गुड़िया और खिलौना निर्माता हथोड़ा और टूल किट निर्माता, मछली जाल बनाने वाले मजदूर लाभ ले सकते हैं। संगठन के द्वारा इस योजना की मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए तीन सदस्य कमेटी गठित की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर एवं शैलेंद्र सिंह राठौर रहेंगे। भाजपा इस योजना के जरिए शिल्पकारों एवं कारीगरों के बड़े वर्ग से जुड़ने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी वर्गों के विकास व उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ समितियों के सत्यापन का भी कार्य 10 जनवरी तक पूर्ण करना है। 24 जनवरी से विधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। क्षेत्रीय मंत्री एवं विश्वकर्मा योजना जिला प्रभारी देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना से प्रत्येक वर्ग का उत्थान संभव है, सदस्यों को एक टीम बनाकर योजना के उचित क्रियान्वन का कार्य सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता से देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना से प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित कराने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना होगा। देश के प्रशिक्षण प्राप्त कारीगरों व शिल्पकारों को रोजगार का लाभ दिलाने तथा उनके स्वावलंबन के उद्देश्य से पीएम विश्वकर्म योजना का शुभारंभ किया गया है। संचालन फतेहचंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, दिनेश कटियार, डॉ0 बीके गंगवार, वीरेंद्र सिंह राठौर, अभिषेक त्रिवेदी, शैलेंद्र सिंह राठौड़, अतुल दीक्षित, अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, धर्मेंद्र राजपूत, हेमचंद्र लोधी, जय गंगवार, सर्वेश कुशवाहा, नंदराम कुशवाहा, मनोज गंगवार, आदित्य मिश्रा, अवनीश चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह, नवनीत पाल, मयंक सिंह बुंदेला, विकास पांडे आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे

# हलफनामे में धीरज साहू की संपत्ति 34 करोड़ थी, तो फिर 351 करोड़ कहां से आया: भाजपा

नयी दिल्ली, एजेंसी





कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद भारी मात्रा में कैश को लेकर एक बार फिर से भाजपा ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन में शामिल कांग्रेस के सहयोगी दलों से सवाल पूछा है। भाजपा ने वर्ष 2018 में धीरज साहू द्वारा चुनाव आयोग में दिए गए हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा कि उस हलफनामे के अनुसार धीरज साहू की कुल संपत्ति 34 करोड़ रुपये थी और इसके अलावा उस समय कांग्रेस सांसद के पास 26.16 लाख रुपये के हीरे के आभूषण थे। लेकिन 6 दिसंबर को साहू के ठिकानों से आयकर विभाग को 351 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और 3 सूटकेस ज्वेलरी मिली है। भाजपा ने सवाल पूछा है कि अगर साहू के हलफनामे के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 34 करोड रुपए थी तो फिर यह 351 करोड रुपए की नकदी और तीन सूटकेस भरकर ज्वेलरी आए कहां से ? भाजपा ने विपक्षी गठबंधन के खिलाफ अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को 2 मिनट और 37 सेकंड का वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, घमंडिया अलायंस के काले कारनामे सीरीज के एपिसोड 6 में दिखाए, कांग्रेस पार्टी के नए और सबसे बड़े कालेधन के कुबेर धीरज साहू की कहानी और इस मामले में घमंडिया अलायंस की चुप्पी का राज।

भाजपा ने इस वीडियो में धीरज साहू के ठिकानों से अब तक का सबसे बड़ा काले धन का खजाना मिलने की बात कहते हुए उन्हें राहुल गांधी और गांधी परिवार का करीबी बताया है। इस वीडियो में उनके पक्ष में कांग्रेस के नेताओं और उसके सहयोगी दल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा गया है।

भाजपा ने धीरज साहू के मसले पर चुप्पी साधने वाले दलों पर भी सवाल उठाया है। धीरज साहू को अब तक कांग्रेस पार्टी से निलंबित नहीं करने को लेकर भी भाजपा ने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा है कि आज सारा देश कांग्रेसी सांसद की तिजोरी में बंद करोडों की नकदी को देख भी रहा है और लूट की इस कांग्रेसी संस्कृति को समझ भी रहा है।

# आईसीजेएस में लगातार तीन साल से देश में प्रथम पायदान पर यूपी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

अपराध और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी अभियान चला रही योगी सरकार के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा परिकल्पित और गृह मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) प्लेटफॉर्म पर सर्वाधिक इंट्री दर्ज करने वाला राज्य लगातार तीसरे साल भी प्रथम पायदान पर है। दरअसल, आईसीजेएस प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभों के बीच डेटा और सूचना का निर्बाध हस्तांतरण होता है। इनमें अदालतें, पुलिस, जेल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के बीच सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए अपराध और अपराधियों से जुड़े डेटा का आदान प्रदान होता है। एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा ने बताया कि आईसीजेएस प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश के अभियोजन विभाग द्वारा अबतक 1,56,22,514 प्रविष्टियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश द्वारा 35,04,828 और तीसरे स्थान पर बिहार 16,65,107 प्रविष्टियां दर्ज कराई गई हैं। आईसीजेएस के जरिए अपराध और आपराधिक डेटा जैसे एफआईआर, केस नंबर, जेल आईडी, संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से लेकर दोषियों के कारावास तक के रिकॉर्ड रखे जाते हैं। साथ ही अदालती मामलों के विवरण, परीक्षण, निर्णय, अभियोजन और फोरेंसिक जानकारी भी एक ही प्लेटफॉर्म के जरिए अदालतें, पुलिस, जेल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं द्वारा एक्सेस की जा सकती है। समय-समय पर आवश्यक आपराधिक न्याय से संबंधित जांच, खोज, केस हिस्ट्री, केस पेंडेंसी, अपराधी की वर्तमान स्थिति जैसी जानकारियां भी आईसीजेएस पर मौजूद रहती हैं। पुलिस विभाग को इन सूचनाओं के आधार पर अपराधों के पूर्वानुमान के लिए डेटा एनालिटिक्स और भविष्य में अपराध नियंत्रण के प्रभावी प्रबंधन में मदद मिलती है।

## खबरें एक नजर में

### डरपोक है भाजपा-आरएसआरएस : खडगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को डरपोक बताते हुए कहा है कि डर के मारे ही उन्होंने अंग्रेजों से हाथ मिलाया था और अब पिछले 10 वर्ष से उनकी सरकार देश के लोगों को तंग कर रही है।श्री खडगे ने कहा कि देश में डर का माहौल पैदा किया गया है और यह माहौल उन लोगों ने पैदा किया है जो खुद डर के कारण अंग्रेजों के साथ मिलकर काम करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस देश को बर्बादी की तरफ ले जा रहे हैं इसलिए इनसे मुक्ति जरूरी है।श्री खडगे ने कहा कांग्रेस पार्टी मोदी, भाजपा-आरएसएस से डरने वाली नहीं है। भाजपा-आरएसएस डरपोक हैं। ये लोग डरकर अंग्रेजों के साथ काम करते थे, ये लोग डरकर माफीनामा लिखते थे। पिछले दस साल से भाजपा और आरएसएस देश को तंग कर रहे हैं। अगर संघ की सरकार को नहीं रोका गया तो देश बर्बादी की ओर जाएगा।

### विदेश मंत्री ने रबीन्द्रनाथ टैगोर स्कूल का किया दौरा

**सेंट पीटर्सबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में नोबेल पुरस्कार विजेता महान साहित्यकार रबीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर स्थापित एक स्कूल का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयशंकर ने स्कूल के दौरे का एक वीडियो एक्स पर साझा करते हुए लिखा- सेंट पीटर्सबर्ग में गुरुदेव रबीन्द्रनाथ ठाकुर जी के नाम से जाने वाले विद्यालय, 653 का भ्रमण कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। भारत के प्रति उनका अनुराग वास्तव में मन को छू लेने वाला था। खुद ही देखिए। वीडियो में भारतीय और रूसी पारंपरिक पोशाक पहने छात्र-छात्राओं को जयशंकर का स्वागत करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें रूस का एक पारंपरिक व्यंजन भी पेश किया गया। जयशंकर ने स्कूल में स्थापित टैगोर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बता दें नोबेल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने जीवन का काफी समय रूस में बिताया था, जहां वे इसकी संस्कृति और साहित्यिक परंपराओं से प्रभावित हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान लिखी गई उनकी पुस्तक लेटर्स ऑन रशिया उस समय के सोवियत रूसी परिदृश्य का विशद वर्णन करती है। जानकारी के लिए बता दें जयशंकर इस समय रूस की पांच-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। जयशंकर ने एक्स पर बृहस्पतिवार शाम को एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेग्लोव से मुलाकात की तथा भारत और रूस के बीच आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए दिए गए समर्थन की सराहना की।

### मानवता कायम रखने का संदेश दे गया नाटक जलता हुआ रथ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज से 1/142 विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में आरम्भ हुए दो दिवसीय जीवन ज्योति नाट्य समारोह 2023 की प्रथम संध्या में रमेश मेहता लिखित एवं ज्योति सिंह द्वारा निर्देशित नाटक जलता हुआ रथ का मंचन किया गया। इसके पूर्व दो दिवसीय नाट्य समारोह का शुभारम्भ वरिष्ठ रंगकर्मी प्रभात कुमार बोस ने दीप प्रज्जवलित कर कर किया। इस अवसर पर जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह और उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने प्रभात कुमार बोस को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर जीवन ज्योति सेवा सम्मान से सम्मानित किया। सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक जलता हुआ रथ ने जहां वर्ष 1984 में हुए सिख दंगों की त्रासदी को दर्शाते हुए नफरत से ऊपर उठकर मानवता को गले लगाने का संदेश दिया वहीं दूसरी ओर अमानवीय घटनाओं से लोगों को दूर रहने की सलाह दी।

# इंस्टाग्राम पर अमित शाह के फॉलोअर्स की संख्या 1 करोड़ के पार

नयी दिल्ली, एजेंसी



सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'फॉलोअर्स की संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों का कहना है कि संसद में कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के बाद उनके 'फॉलोअर्स की संख्या भारी वृद्धि हुई है। पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार कहे जाने वाले शाह के सोशल मीडिया 'एक्स पर 3.41 करोड़, 'इंस्टाग्राम पर 1.07 करोड़ और 'फेसबुक पर 1.5 करोड़ फॉलोअर्स हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अमित शाह ही ऐसे नेता हैं, सोशल मीडिया पर जिनके सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, विपक्षी नेता के रूप में सबसे अधिक दिखाई देने वाले राहुल गांधी के 'फेसबुक पर 68 लाख, 'इंस्टाग्राम पर 51 लाख और 'एक्स पर 2.47 करोड़ फॉलोअर्स हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि 2014 में शाह के भाजपा अध्यक्ष बनने और इसके बाद लोकसभा चुनाव में भारी जीत के बाद उनके फॉलोअर्स की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि उनके भाजपा अध्यक्ष रहते हुए पार्टी ने 2019 में भी भारी बहुमत के साथ जीत हासिल की। शाह वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री के रूप में शामिल हुए और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने सहित सरकार के कुछ सबसे प्रमुख तथा सैद्धांतिक कदम उठाने में उनका अहम योगदान रहा।

## नड्डा से मिले राजभर की लोस चुनाव पर बातचीत

**नयी दिल्ली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ सरकार में फिर से मंत्री बनने को लेकर लॉबिंग कर रहे ओम प्रकाश राजभर की जेपी नड्डा के साथ इस मुलाकात को उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। योगी सरकार में फिर से मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज राजभर अब 2024 में लोक सभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि ओम प्रकाश राजभर ने जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट करते हुए स्वयं इस मुलाकात का एजेंडा भी बता दिया। राजभर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश और बिहार के राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की।

# कुकरी क्षेत्र में लखनऊ की नीलिमा कपूर को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की नीलिमा कपूर को कुकरी कंसलटेंट एण्ड सेलिब्रिटी शेफ के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिये भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है।

भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रमाणित यह सम्मान भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने यहां अशोका होटल, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया। इस मौके पर कई प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सम्मानित होने वाली श्रीमती नीलिमा कपूर की पाक कला क्षेत्र में उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला गया। इस उपलब्धि से लखनऊ का मान बढ़ाने वाली श्रीमती कपूर बीते 40 से अधिक वर्षों से लखनऊ में प्रेरक शक्ति के रूप में कपूर्स कुक एण्ड बेक इंस्टीट्यूट में कुकरी और बेकरी में प्रशिक्षण दे रही है। इसके अलावा उनकी विशेषज्ञता उनके संस्थान से परे फैली हुई है, जिसमें प्रमुख रसोई उपकरण कंपनियों के लिए परामर्श, शीर्ष प्रकाशनों में कॉलम, विश्वविद्यालयों में कार्यशालाएं और एक न्यायाधीश और सेलिब्रिटी शेफ के रूप में भूमिकाएं शामिल हैं। कई पुरस्कारों के बावजूद भारत के सम्मान परिषद से भारत गौरव रत्न उनके अद्वितीय कौशल की सर्वोच्च पहचान के रूप में खड़ा है। श्रीमती नीलिमा कपूर का प्रभाव न केवल लखनऊ में बल्कि पूरे देश में है, जिससे उन्हें अपने छात्रों और शहर से समान रूप से प्रशंसा और गौरव प्राप्त होता है।

# साल 2023 में पांच नई टेक्नोलॉजी ट्रेंड ने बदली दुनिया



टेक्नोलॉजी ने आम इंसना के जीवन को काफी प्रभावित किया है। इसमें जिंदगी काफी आसान सी लगने लगी है। हर साल कोई न कोई नई टेक्नोलॉजी आती रहती हैं। वहीं इस साल यानी 2023 में कई नई टेक्नोलॉजी ट्रेंड ने दुनिया को बदलने का काम किया है। हालांकि, इन टेक्नोलॉजी के कारण आम से खास लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी है।

## एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी

चैटजीपीटी, जो अब काफी चर्चा में है, एक एआई आधारित चैटबॉट है। जिसकी मदद से लाखों वेबासाइटों पर मौजूद जानकारियों और डेटा को संसोधित कर और उसे एक आसान भाषा में बदलकर यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। यानी ये ऑनलाइन अनुभव को फिर से परिभाषित कर सकता है। एआई अब तक बैकग्राउंड में रहा है, बिना किसी की नजर में आए अपना काम कर रहा है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इसका रूप बदल जाएगा।

## डीप फेक्स

इस साल डीपफेक भी काफी चर्चा में रहा। जिसने हर किसी को प्रभावित किया। फिर चाहे वो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही क्यों ना हो। डीपफेक वह टेक्नोलॉजी है जिससे रियल वीडियो में दूसरे के चेहरे को फिट कर फेक वीडियो बनाया जाता है जो रियल लगता है। हाल ही में इसका शिकार बॉलीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंधाना बनी हैं। इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल लोगों को परेशान करने, डराने, नीचा दिखाने और कमजोर करने के लिए डिजाइन किया जा सकता है। डीपफेक अहम मुद्दों के बारे में गलत सूचना और भ्रम भी पैदा कर सकता है।

## व्हाट्सएप स्कैम

2023 में व्हाट्सएप नौकरी घोटाले एक आम घटना थी। फेसबुक के स्वामित्व वाला मैसेंजर ऐप तेजी से अपनी सेवाओं के व्यावसायीकरण की ओर बढ़ रहा है। व्यक्तिगत डेटा घोटालेबाजों के पास पहुंचना केवल समय की बात है। नौकरी बाजार में बेरोजगारी और प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ, लोग पैसा कमाने के अवसरों के लिए बेताब हैं और धोखेबाज अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी कमजोरियों का फायदा कैसे उठाया जाए। वे अक्सर अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग करके व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क करते हैं, और कमीशन कमाने के लिए उनसे वीडियो या इसी तरह के कार्यों की समीक्षा करने के लिए कहते हैं। ऐसे ही एक मामले में, पुणे की एक आईटी इंजीनियर, जिसे उसके निवेश पर 30 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया गया था, को 49 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

## द क्यूआर कोन

हाल ही में, बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान के एक 30 वर्षीय प्रोफेसर अपनी वॉशिंग मशीन बेचने की कोशिश के दौरान क्यूआर कोड घोटाले का शिकार हो गए। खरीदार ने विक्रेता से एक क्यूआर कोड स्कैन करने का अनुरोध किया ताकि वह जल्दी से अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर सके। हालांकि, जैसे ही प्रोफेसर ने कोड स्कैन किया, उनके खाते से 63,000 रुपये उड़ा दिए गए। बेशक, यह घटना अकेली नहीं थी - पिछले कुछ महीनों में क्यूआर कोड धोखाधड़ी के कई अन्य मामले सामने आए हैं। मुझे ओटीपी बताएं के बाद इस क्यूआर को स्कैन करें जालसाजों का नया जाल है। डिजिटल इंडिया के लिए आगे और भी चुनौतियां हैं।

## डेट बेट्स

2023 में, स्कैमर्स ने महंगे उपहार भेजने के बहाने लोगों को धोखा देने के लिए डेटिंग के साथ-साथ वैवाहिक ऐप्स का उपयोग करना शुरू कर दिया। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग दो-तिहाई भारतीय युवा ऑनलाइन डेटिंग/रोमांस घोटालों का शिकार हुए हैं और उन्हें औसतन 7,966 रुपये का नुकसान हुआ है। ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, अपराधियों ने साथी की तलाश कर रहे कमजोर लोगों का शोषण करने के लिए एक नया स्रोत ढूंढ लिया है। गुरुग्राम का मामला जिसमें एक महिला ने लगभग एक दर्जन पुरुषों को धोखा दिया, यह इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है कि धोखाधड़ी करने वाले कैसे टिंडर ठग बन गए हैं।

# अगर आप भी करते हैं कैब में सफर तो हो जाएं सावधान!



अधिकतर लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए कैब का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कम ही लोगों को पता है कि कैब सर्विसेस के नाम पर स्कैमर्स लोगों को अपने चंगुल में फंसा रहे हैं। दरअसल, एक मामला सामने आया है जिसकी चर्चा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रैडिट पर हो रही है। कई यूजर्स इस तरह के स्कैम की शिकायत कर रहे हैं। बता दें कि, एक यूजर ने रैडिट पर इस स्कैम से जुड़ा मामला बताया। इस दौरान उसने स्कैम से जुड़ी सभी डिटेल्स शेयर की हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने ओला से एक कैब बुक की थी और ड्राइवर को कैब कन्फर्म करने के लिए कॉल की थी। इसके 3 मिनट बाद ही यूजर को एक अनजान नंबर से कॉल आई। जब यूजर ने कॉल उठाई तो एक शख्स ने खुद को यूजर का कैब ड्राइवर बताया। उसने यूजर से उसकी करेंट लोकेशन पूछना शुरू किया, चूंकि यूजर कुछ समय पहले ही ड्राइवर से बात कर चुका था तो उसे इस कॉल में कुछ गलत लगा। दूसरी तरफ कॉलर लगातार यूजर से उसकी करेंट लोकेशन मांग रहा था। यूजर ने उसे बताया कि ओला ऐप में उसकी लोकेशन नजर आ रही होगी और उसने थोड़ी देर पहले ही अपने लोकेशन उसे बताई है। इसके बाद क्या था कॉलर चिढ़कर पीड़ित पर चिल्लाने लगा और गाली भी देने लगा। जिसके बाद यूजर ने कॉल काट दी। जब यूजर ने नंबर को ट्रूकलर पर उस नंबर को चेक किया, तो वो ओला फ्रॉड के नाम से दिख रहा था। यानी कई लोग इस तरह के स्कैम का शिकार हो चुके हैं। सवाल उठता है कि स्कैमर को पीड़ित का नंबर कैसे मिला? वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि, हैकर्स किसी तरह से ओला के सर्वर में एंट्री कर पा रहे हैं और यूजर्स की डिटेल्स निकाल रहे हैं। ये किसी एक शख्स का काम नहीं हो सकता बल्कि इसमें पूरी गैंग के शामिल होने की संभावना है।

**ऐसे बच सकते हैं:** हालांकि, आप इस तरह के स्कैम से बच पाते हैं। इससे बचने का कोई ठोस तरीका नहीं है। लेकिन आप खुद को सतर्क रखकर इससे बच सकते हैं। इसके लिए आप ध्यान रखें कि कॉल कहां से आई है। आपको ट्रूकलर की मदद से उस नंबर को चेक करना चाहिए। क्या पता किसी ने पहले इस नंबर पर रिपोर्ट की हो। साथ ही ऐप पर आए नंबर से संपर्क करें ताकि सही ड्राइवर और कैब में ही आप बैठें।

# 2023 इस साल लोगों को रहा इन 5 बीमारियों का खतरा

नया साल शुरु होने में कुछ ही दिन बचे हैं। दिसंबर का महीना एक और बीते वर्ष का आखिरी समय बन रहा है, वहीं जनवरी फिर से नई शुरुआत की उम्मीद लेकर आएगा। यदि बात इस साल की बात सेहत के लिहाज से करें तो यह काफी चुनौतीपूर्ण रहा। कोरोना के डर के बाद पूरा साल लोगों ने फिर से एक सादी जिंदगी जीनी शुरु की है हालांकि कोरोना के नए वैरिएंट्स ने लोगों की परेशानियां बढ़ाई हैं, लेकिन वैक्सीनेशन के बाद फिर भी इसका डर काफी हद तक लोगों में कम भी हुआ है। कोरोना के अलावा कुछ ऐसी बीमारियां भी रही हैं जिन्होंने लोगों को सारा साल परेशान किया है। चलिए आज आपको अपने इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि ऐसी कौन सी बीमारियां थी जिन्होंने लोगों की परेशानी इस साल में बढ़ाई है....

## कंजक्टिवाइटिस



आंख आने को कंजक्टिवाइटिस कहते हैं। गर्मियों के मौसम में देश के कई लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ा है। इस साल में आंख की इस समस्या से परेशान लोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए। ऐसे में यदि आने वाले साल में इस समस्या से हम बचना चाहते हैं तो आंखों की हाइजिन का मुख्य रुप से ध्यान रखना होगा।

## निमोनिया



बीते कुछ महीने पहले चीन में निमोनिया यानी की व्हाइट लंग सिंड्रोम के मामले काफी देखने को मिले। लगभग एक महीने पहले ही चीन में लाखों लोगों को रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट से जुड़ी इस समस्या से जूझना पड़ा है। हालांकि यह बीमारी सिर्फ छोटे बच्चों में देखने को मिली है। खतरनाक बीमारी के सामने आने के बाद डब्ल्यूएचओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे रोकने के लिए कई सारे आवश्यक फैसले भी लिए।

## बच्चों में टोमैटो फीवर



दुनिया के अन्य देशों के अलावा भारत में भी टोमैटो फीवर के केसों ने लोगों की समस्या बढ़ाई है। मानसून के दौरान केरल में इस बीमारी के कारण लोगों को बहुत ही गंभीर समस्या उठानी पड़ी। मुख्य तौर पर इसका असर बच चों में देखने को मिला है। बच्चों में बुखार, थकान, सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण नजर आए है। इसके लक्षणों की अगर बात करें तो त्वचा फटने लगती है और टमाटर की तरह लाल दिखने लगी है।

## ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस



इस साल देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के मामले बढ़े हैं। ह्यूमन भी कोरोना की तरह श्वसन पथ को संक्रमित करता है। हालांकि कोरोना के इस वायरस के कारण ऊपरी और निचले दोनों श्वसन पथ में इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि शिशुओं और बुजुर्गों जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है उनमें मेटान्यूमोवायरस के कारण गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। इसके लक्षण भी आमतौर पर सामान्य फ्लू की तरह ही होते हैं लेकिन इस संक्रमण को लेकर लोग काफी कंफ्यूज रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका के कई हिस्सों में साल 2023 में मई-जून के महीनों में एचएमपीवी के कारण इंफेक्शन तेजी से बढ़ा था।

## कोरोना



कोरोना का कहर अभी तक लोगों में कम नहीं हुआ। साल 2023 में भी इस खतरनाक वायरस के मामले सामने आए हैं। डब्लूयएच ने इस बीमारी को अब ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी से बाहर कर दिया वहीं कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 भी लोगों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है। ऐसे में इस खतरनाक बीमारी से बचने के लिए व्यक्ति को आने वाले साल में भी सावधानियां खुद ही बरतनी होगी। देश में हर साल कई तरह की बीमारियां सामने आती हैं बीते साल भी कई तरह की बीमारियों ने लोगों को घेरा वहीं यदि इस साल में ऐसी खतरनाक बीमारियों से बचना है तो सावधानी बरतनी जरुरी है।

## बढ़ती सर्दी में नहीं लगेगी छाती को ठंड, आजमाएं ये 4 घरेलू नुस्खे



दिल्ली समेत इन दिनों पूरे उत्तर भारत में काफी ठंड पड़ रही है। कोहरा पड़ने के कारण शरीर भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से घिर रहा है। सर्दी-जुकाम के अलावा भी इस दौरान कई तरह की समस्याएं होती हैं। बढ़ती बढ़ने के कारण लोगों की छाती में बहुत जल्दी ठंड लगती है। ठंड के कारण फेफड़े और शरीर के अन्य अंग भी प्रभावित होते हैं। तो चलिए आज आपको अपने इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनके जरिए आप बढ़ती ठंड से अपना बचाव कर सकते हैं।

### काली मिर्च और गुड़



गुड़ खांसी और सीने में कंजेशन से राहत दिलाने में मददगार माना जाता है। ये बलगम पिघलाने और इसे शरीर से बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा ये एंटीबैक्टीरियल होता है जो इंफेक्शन कम करने में मददगार होता है। गुड़ का इस्तेमाल करने के लिए आप काली मिर्च को कूट कर गर्म पानी में उबालें।

### अदरक और हल्दी



यह एक ऐसी जड़ी बूटी है जो खांसी, सर्दी, ब्रोंकाइटिस और सांस की समस्याओं जैसी कई बीमारियों को दूर करता है। वहीं दूसरी ओर हल्दी कंजेशन को तेजी से कम करने में मदद करती है। अदरक और हल्दी दोनों का मिश्रण बनाकर पीने से बलगम की समस्या कम होती है। हल्दी को तुलसी की पत्तियों के साथ पीसकर आप खा सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो हल्दी और अदरक से बना काढ़ा भी पी सकते हैं।

### नींबू और शहद



नींबू में पाया जाने वाला विटामिन-सी संक्रमण दूर करने में मदद करता है। वहीं नींबू सूजन कम करने में लाभकारी माना जाता है। नींबू के रस का सेवन करने के लिए आप इसमें शहद मिला सकते हैं। यह सिरप छाती की जकड़न से छुटकारा दिलवाने में मदद करता है।

### मुलेठी की चाय



मुलेठी बलगम को पिघलाने वाली मानी जाती है। यह छाती में गर्मी पैदा करती है और जलन व सूजन से राहत दिलवाती है। इसका सेवन करने से बलगम पतला होता है। इससे बनी हर्बल टी का सेवन आप कर सकते हैं।